रांची का तापमान
कांके: अधिक. 29.2° न्यून. 20.9°
रांची: अधिक. 29.4° न्यून. 21.8°
रांची, शनिवार
11 अक्टूबर 2025
वर्ष-26, अंक- 247, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.

कार्तिक कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




# खलारी में पुलिस मुठभेड़ में दो घायल सहित चार अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** रांची पुलिस को शुक्रवार को बड़ी कामयाबी मिली है। खलारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह पुलिस और कुख्यात अपराधी राहुल दुबे गैंग के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें राहुल दुबे गैंग के दो अपराधी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मौके से कुल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस का जखीरा बरामद किया गया है।

बताया गया कि रांची एसएसपी राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गिरोह के गुर्गे खलारी इलाके में किसी बड़ी आपराधिक वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसके बाद टीम ठाकुरगांव, खलारी और रातू थाना क्षेत्र की सीमा पर पहुंची। रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत रातू-बुढ़मू मुख्य सड़क पर ग्राम-होचर कोकरेटांड़ के पास सघन एंटी-क्राइम जांच चलाया गया।

जांच के क्रम में शुक्रवार के तड़के करीब 03:30 बजे एक दोपहिया वाहन रातू से बुढ़मू की ओर आता हुआ दिखाई दिया। छापामारी दल ने इसे रुकने का इशारा किया। लेकिन, दोपहिया वाहन पर सवार दोनों व्यक्ति कुछ दूर पहले ही वाहन को सड़क से बायीं ओर उतारकर गाड़ी छोड़कर पुलिस की ओर अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो अपराधी



गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। छापामारी दल ने घायल दोनों अपराधियों को अपने नियंत्रण में लेकर विधिवत कार्रवाई करते हुए प्रारंभिक पूछताछ की। दोनों अपराधियों ने बताया कि इनके दो अन्य साथी ठाकुरगांव से पूर्व इठे मोड़ के पास इनका इंतजार कर रहे हैं, जहां से मिलकर सभी की खलारी थाना क्षेत्र में कोयला साइडिंग पर फायरिंग करने की योजना है।

यह जानकारी मिलते ही छापामारी टीम के कुछ सदस्य ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के इठे मोड़ पर पहुंचे और एक महिंद्रा बोलेरो में आ रहे राहुल दुबे गिरोह के अन्य दो सक्रिय अपराधियों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने उनके पास से लोडेड देसी पिस्टल बरामद किए। साथ ही, उनकी निशानदेही पर जब्त महिंद्रा बोलेरो से भारी मात्रा में आग्नेयास्त्र एवं कारतूस बरामद किए गए। तत्काल छापामारी दल ने बरामद सभी आग्नेयास्त्र, गोली, घटना में प्रयुक्त वाहन को विधिवत जब्त कर संलिप्त चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, कुछ महीने पहले गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद राहुल दुबे ने गिरोह की कमान संभाली थी। हाल के दिनों में कोयलांचल क्षेत्र में रंगदारी की वसूली रुक जाने के बाद गिरोह ने फिर से दहशत फैलाने की योजना बनाई थी। इसी क्रम में गिरोह के करीब एक दर्जन सदस्य हथियारों के साथ खलारी इलाके की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस को समय रहते उनकी गतिविधियों की जानकारी मिल गई।

### गिरफ्तार अपराधी

1. साजन अंसारी उर्फ शाहिद अंसारी (पिता - मुस्ताक अंसारी) पता - रिवर साइड, थाना - भुरकुंडा जिला - रामगढ़।
2. अमित कुमार गुप्ता उर्फ अमित कुमार (पिता - दिनेश कुमार गुप्ता) ग्राम - कुसीर्डीह, थाना - बालीडीह, जिला- बोकारो।
3. आतिश दास उर्फ एंकर दास (पिता - शिवदयाल दास)।
4. देवानंद दास (पिता - रामेश्वर दास) दोनों सा. - मधुपुर फुलची, थाना - मार्गोमुंडा, जिला - देवघर।

### बरामद सामान

देसी पिस्टल मैगजीन सहित - 08 पीस, देसी पिस्टल का मैगजीन - 08 पीस, 7.65 एमएम का कारतूस - 33 पीस, 7.62 एमएम का कारतूस - 09 पीस, महिंद्रा बोलेरो वाहन - 01, यामहा एफजेड दोपहिया वाहन - 01, अपराधियों का पहचान पत्र/आधार कार्ड, मोबाइल फोन - 05 पीस।

## डॉ इरफान अंसारी ने किया दवा दुकान का औचक निरीक्षण, कहा

# सचेत हो जाएं गलत करने वाले कड़ी कार्रवाई के लिए रहें तैयार

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शुक्रवार को रांची में दवा दुकानों में जाकर कफ सिरप की जांच की। साथ ही, इरफान अंसारी ने रांची सदर अस्पताल में पैरासिटामोल की गोली में फंगस लगने के मामले की भी जांच की। स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी ने कहा, स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर नहीं होने दूंगा। पूरे राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मैं दिन-रात मेहनत कर रहा हूं। मेरा आग्रह है कि सभी अधिकारी, मेडिकल संचालक और जनता इस मुहिम में मेरा साथ दें। जो भी गलत कार्य में शामिल हैं, वे तुरंत सचेत हो जाएं, अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

मध्य प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत होने और तीन-तीन कफ सिरप को बैन करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए डॉ अंसारी दवा दुकान पर गए और कफ सिरप की जांच की कार्रवाई की। स्वास्थ्य मंत्री ने रांची के शहीद अलबर्ट एक्का चौक स्थित जय हिंद फार्मा मेडिकल दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने दुकान में उपलब्ध सभी कंपनियों के कफ सिरप के सैंपल प्राप्त कर राज्य ड्रग्स निदेशक को सुपुर्द किया और निर्देश दिया कि सभी नमूनों की गुणवत्ता जांच शीघ्र की जाए तथा अविलंब जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।





**बोले स्वास्थ्य मंत्री**
- किसी भी कीमत पर नहीं होने दूंगा स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़
- हर नागरिक को मिले गुणवत्तापूर्ण और मानक के अनुरूप दवाएं

डॉ अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि झारखंड के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और मानक के अनुरूप दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसी दिशा में आज से पूरे राज्य में एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत सभी मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं और दवा डिपो का औचक निरीक्षण किया जाएगा। मंत्री ने सभी ड्रग्स पदाधिकारियों और मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्ती के साथ कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी शेष पेज 11 पर

### राज्य सरकार की फर्जी दवाओं के प्रति है 'नो टॉलरेंस' नीति

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की फर्जी दवाओं के प्रति 'नो टॉलरेंस' नीति है। हेमंत सोरेन सरकार राज्य में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराना राज्य सरकार का लक्ष्य है। स्वास्थ्य सेवाओं के रिक्त पदों को भरा जा रहा है। डॉक्टरों की बहाली हो रही है। राज्य सरकार झारखंड के हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



## एक नजर

### राज्य कैबिनेट की बैठक 16 अक्टूबर को होगी

**रांची।** राज्य कैबिनेट की बैठक आगामी गुरुवार (16 अक्टूबर) को होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा बताया गया है कि कैबिनेट की बैठक दिन में 03:00 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### टेली मानस ऐप की नई पहल का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (टेली मानस ऐप) के लिए नई पहलों का शुभारंभ किया। टेली मानस ऐप अब अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं के अलावा 10 क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध होगा। नई पहलों में टेली मानस ऐप बहुभाषी यूआई, चैटबॉट, सुगम्यता और आपातकालीन मॉड्यूल शामिल हैं। इसमें असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तमिल, तेलुगु, उड़िया और पंजाबी भाषा शामिल हैं। इसके साथ ही एक चैटबॉट सुविधा भी शुरू की गई है, जिससे उपयोगकर्ता ऐप से जुड़ सकते हैं और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी या सहायता प्राप्त कर सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा, एक स्वस्थ मन, एक स्वस्थ शरीर का निर्माण करता है और एक स्वस्थ मन और एक स्वस्थ शरीर, एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करते हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव में झामुमो मांग रहा 12 सीटें

**नवीन मेल डेस्क**

### राजद केवल पांच सीटें ही देना चाह रहा, सीट बंटवारे पर एक-दो दिन में होगा अंतिम फैसला

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कम से कम 12 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वैसे, झामुमो कितनी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी, इस पर अंतिम निर्णय आईएनडीआईए के सहयोगियों के साथ बैठक के बाद ही लिया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडे ने कहा कि आईएनडीआईए के घटकों के बीच सीट बंटवारे पर एक-दो दिन में अंतिम फैसला हो जाएगा। उन्होंने कहा, हाल ही में पटना में हुई एक बैठक के दौरान बिहार में आईएनडीआईए के घटक दलों के नेताओं को झामुमो की मंशा से अवगत करा दिया गया है। पार्टी नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी बैठक के नतीजों से अवगत करा दिया गया है। अब, सीएम सोरेन आईएनडीआईए के सहयोगियों के साथ चर्चा के बाद फैसला करेंगे कि बिहार विधानसभा चुनाव में झामुमो कितनी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी।

शेष पेज 11 पर

# केतार के एसएफसी गोदाम से 9000 क्विंटल अनाज गायब

**नवीन मेल डेस्क**

### गोदाम मैनेजर निलंबित कंप्यूटर ऑपरेटर सेवा से हुआ बर्खास्त

**गढ़वा।** गढ़वा के केतार प्रखंड के एसएफसी (राज्य खाद्य निगम) गोदाम से लगभग तीन करोड़ रुपए मूल्य के नौ हजार क्विंटल अनाज गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। गढ़वा जिले में एक वर्ष में दूसरी बार ऐसा बड़ा घोटाला हुआ है। जिले के उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने तुरंत दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश भी दिया है।

जानकारी के अनुसार, केतार प्रखंड के 250 मीट्रिक टन क्षमता वाले एसएफसी गोदाम से यह अनाज पीडीएस लाभार्थियों और आदिवासियों तक वितरण के लिए रखा गया था, लेकिन यह गरीबों तक पहुंचने से पहले ही गायब हो गया। गोदाम मैनेजर के अनुसार, जब जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) ने स्टॉक को दूसरे गोदाम में शिफ्ट करने का निर्देश दिया, तो गोदाम में मौजूद नौ हजार क्विंटल अनाज नहीं पाया गया।

शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

# हजारीबाग के दारू में राजस्व कर्मचारी रिश्वत लेते रंगेहाथ हुआ गिरफ्तार

**नवीन मेल डेस्क**

**हजारीबाग।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की हजारीबाग टीम ने शुक्रवार को जिले के दारू अंचल के राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी से एसीबी की टीम पूछताछ कर रही है। एसीबी के अनुसार, हजारीबाग जिला के दारू थाना क्षेत्र के मेढ़कुरी कला गांव निवासी हिरामन प्रजापति ने आवेदन देकर राजस्व कर्मचारी के



गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही एसीबी की टीम

विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी। हिरामन प्रजापति ने एसीबी को दिए आवेदन में कहा था कि पत्नी दुर्गा देवी के नाम उन्होंने दाखिल-खारिज का आवेदन दारू अंचल कार्यालय में दिया था। दाखिल-खारिज के आवेदन को स्वीकृत करने के बदले राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहा है। हिरामन रिश्वत देने को तैयार नहीं था। इसके बाद उन्होंने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से इसकी शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने इसका सत्यापन किया। इसमें पाया गया कि आरोपी ज्ञानी राम ने आवेदक से पहली किस्त के शेष पेज 11 पर

### चतरा में कमरे से मिला सिविल इंजीनियर का शव

**चतरा।** चतरा के सिमरिया थाना क्षेत्र में एक सिविल इंजीनियर का शव उनके कमरे से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान बिहार के मधेपुरा निवासी दिलनवाज के रूप में की गई है। वह पीरी गांव में निमार्णाधीन संकट मोचन मंदिर के कंस्ट्रक्शन का सुपरविजन कर रहे थे और यहां एक किराए के मकान में रहते थे। घटना की सूचना मिलने के बाद सिमरिया थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजा। मृतक के बिस्तर के नीचे से कई दवाएं बरामद की गई हैं।

# निलंबित आईएएस अफसर छवि रंजन को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/नई दिल्ली।** मनी लांड्रिंग केस में जेल में बंद झारखंड कैडर के निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की खंडपीठ ने उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दे दी है। अदालत ने जमानत देते हुए उन्हें बिना अनुमति देश से बाहर नहीं जाने और आवश्यकता पड़ने पर



- कुछ शर्तों के साथ मिली जमानत, 4 मई 2023 को हुए थे गिरफ्तार
- जेल से बाहर आने का रास्ता हुआ साफ, मनी लांड्रिंग का है मामला

जांच एजेंसियों से सहयोग करने का निर्देश दिया है। छवि रंजन पिछले दो साल से भी अधिक समय से रांची में सेना से जुड़ी लैंड स्कैम मामले में न्यायिक हिरासत में थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छवि रंजन को 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# करवा चौथ व्रत जबरन नहीं कराया जाता, इसमें समर्पण की मिठास है

भारत में जब से सोशल मीडिया का प्रचलन बढ़ा तब से लोगों को जागरूक भी किया और सबसे तेज सूचना का माध्यम बनकर जागरूक भी किया तो सामाजिक बुराइयों को सामने लाने का सशक्त मंच भी बना पर इस बेलगाम मीडिया को कुछ निहित स्वार्थी लोगों ने नफ़रत फैलाने का माध्यम भी बना दिया है जिसमें किसी नेता का ही नहीं जाति,धर्म और प्राचीन परंपराओं का मजाक उड़ाना तक शामिल है खास तौर पर होली-दिवाली जैसे पर्व-त्योहारों के मौसम में आस्था का रंग ही नहीं, उपहास का बेरंग बर्ताव भी खूब देखने को मिलता है। व्रत-उत्सवों को लेकर अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर खूब नकारात्मकता देखने को मिलती है। कमोबेश हर त्योहारी रीति-रिवाज का मजाक बनाया जाता है। कभी महिलाओं के व्रत को शोषण बताना, तो कभी पुरातनपंथी सोच का हवाला देकर इन अनुष्ठानों का उपहास कर रूढ़िवादी सोच की जकड़न के प्रति सजग रहने का भय भी परोसा जाता है। भारत के हितों के मुद्दों को छोड़ नकारात्मकता और विरोध का यह अजब-गजब डिजिटल कोलाहल तीज-त्योहारों के प्रति युवा पीढ़ी की सोच को प्रभावित कर रहा है।यह सच है कि अनेक रूढ़िवादी परंपरागत पर्वों के रिवाज महिलाओं को दोयम दर्जे पर रखने जैसे लगते हैं, पर सच यह भी है कि समय के साथ ऐसे व्रत-उपवास करने से जुड़ी परंपराओं को निभाने के तरीके काफी बदल गए हैं। हमें समझना चाहिए ये पर्व त्यौहार स्त्री प्रधान इसलिए भी हैं क्योंकि प्राचीन काल की कठिन जीवन शैली में पुरुषों का जीवन संघर्ष भरा होता था जिसमें जंगल,पानी और युद्ध तक शामिल थे इनसे जुड़ी आस्था के मायने भी अब नए रंग में दिख रहे हैं। उन रीति रिवाजों को मानने की अनिवार्यता नहीं है इन बदलावों को दिल से स्वीकारने के बजाय उससे जुड़े नकारात्मक पक्षों को साझा करने की होड़ लगी रहती है। सोशल मीडिया के सभी मंचों पर अब स्त्री विमर्श से जुड़े मुद्दे कम और पर्व-त्योहारों के विरोध की बातें ज्यादा साझा की जाती हैं, जबकि ऐसे पर्वों को मनाने के मामले में आई सहजता को भी गहराई से समझा जाना चाहिए, जो महिलाएं मन से इन्हें मानना चाहती हैं, उनके विचारों का भी मान किया जाना चाहिए।दुःखद है कि हम टूटते परिवारों और बिखरते सामाजिक ताने-बाने में संबंधों को थामने और साधने का काम कर रहे रीति-रिवाजों का सकारात्मक पक्ष देखना ही भूल रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य सहेजने के मोर्चे पर चिंता करने वाले लोग यह भूल जाते हैं कि सुखद दांपत्य भी भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक है। करवा चौथ जैसे पारंपरिक पर्व भी आपसी जुड़ाव को ही पोसते हैं। साथ ही परंपरागत रिवाजों से जुड़ाव रखना आज कोई मजबूरी नहीं है। अपनों और अपने परिवार की खुशहाली की कामना संग अगर त्योहार मन से मनाए जाते हैं, तो क्या बुरा है? खासकर तब, जबकि आज मान्यताओं के मायने भी बदल गए हैं। जितिया,अहोई अष्टमी जैसा व्रत कभी बेटों के आयुष्य की कामना से जुड़ा था। आज माताएं बेटे-बेटी के भेद से दूर अपने बच्चों की सुरक्षा और अच्छे स्वास्थ्य के लिए यह अनुष्ठान करती हैं। करवा चौथ व्रत की परंपरा में भी सुखद परिवर्तन नजर आते हैं।नई पीढ़ी के पति, अपनी पत्नी की निष्ठा, समर्पण और प्रेम की कद्र करना सीख गए हैं। घर-परिवार में पत्नी की भूमिका को खुलकर सराहने लगे हैं। पत्नी गृहिणी हो या कामकाजी, उसकी जद्दोजहद को समझते हैं। जरूरी है कि समय के साथ आए इन बदलावों को मान दिया जाए, ताकि भविष्य में पर्वों की मिठास तो बची रहे, पर उनसे जुड़ी बंदिशें टूटें। ध्यान रखना चाहिए कि कठोर से कठोर पुरुष भी स्त्री के व्रत के कष्ट को देखकर पिघल जाता है जो इसकी मूल भावना भी है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



एआई जेनरेटेड

# वेनेजुएला की मारिया कोरिना को मिला नोबेल शांति पुरस्कार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया है। 'द नोबेल प्राइज' के 'एक्स' अकाउंट पर घोषणा करते हुए लिखा गया, नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए उनके अथक कार्य और तानाशाही से लोकतंत्र में न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण बदलाव के संघर्ष के लिए मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला लिया है। नोबेल कमेटी ने आगे कहा कि मारिया कोरिना के जीवन को गंभीर खतरा होने के बाद भी वे अपना काम करती रहीं। उनका यह चुनाव लाखों लोगों को प्रेरित करने वाला है।



ज्ञात हो कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार नोबेल पीस प्राइज की मांग कर रहे थे। कई देशों की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल पीस प्राइज से सम्मानित करने की मांग को समर्थन भी मिला। लेकिन, अमेरिकी राष्ट्रपति का सपना अधूरा रह गया। मारिया वेनेजुएला की रहने वाली हैं।

शेष पेज 11 पर

# घाटशिला चुनाव को लेकर बंगाल-ओडिशा सीमा पर रहेगी चौकसी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** घाटशिला उपचुनाव को लेकर शुक्रवार को बंगाल व ओडिशा पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। आईजी अभियान सह नोडल पदाधिकारी डॉ माइकल राज एस की अध्यक्षता में बैठक के दौरान चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। चुनाव के दौरान बंगाल व ओडिशा की सीमाओं पर चेकपोस्ट स्थापित कर चौकसी बरतने का फैसला लिया गया। बैठक में संयुक्त रूप से अपराधियों, असामाजिक तत्वों एवं नक्सलियों के विरुद्ध सार्थक कार्रवाई करने तथा अवैध शराब, मादक पदार्थ, अवैध आग्नेयास्त्र, अवैध धन के अंतरराज्यीय संचरण की रोकथाम तथा अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट स्थापित करने के संबंध में व्यापक रूप से समीक्षा की गई।

घाटशिला निर्वाचन क्षेत्र के सीमावर्ती जिला, पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिला झारग्राम व पुरुलिया तथा ओडिशा राज्य के सीमावर्ती जिला मयूरभंज में विशेष रूप से मिरर चेक पोस्ट सक्रिय करने, अंतर्राज्यीय वांछित अपराधियों/वारंटियों/हिस्ट्रीशीटरों के बारे में संयुक्त रूप से वांछित कार्रवाई करने का निर्णय अधिकारियों ने लिया। वहीं आसूचना साझा करते हुए सक्रिय अंतरराज्यीय संगठित अपराध एवं आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध संयुक्त कारगर कार्रवाई करने की कार्ययोजना की रूप-रेखा पर ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल के पुलिस पदाधिकारियों से सहयोग झारखंड पुलिस ने मांगा। बैठक में झारखंड पुलिस की ओर से चुनाव कोषांग के डीआईजी धनंजय कुमार सिंह, अश्विनी कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

वहीं, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डीआईजी कोल्हान अनुरंजन किस्पोट्टा, जमशेदपुर एसएसपी पीयूष पाण्डेय, ओडिशा केंद्रीय क्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यजीत नायक, मयूरभंज एसपी वरुण गुंटूपल्ली, पुरूलिया एसपी अभिजीत बनर्जी, झारग्राम एसपी अरिजीत सिन्हा शामिल हुए।

# पंजाबी व अन्य महिलाओं ने किया करवा चौथ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** करवा चौथ पर शुक्रवार को पंजाबी सहित अन्य महिलाओं ने सामूहिक रूप से डोरंडा स्थित शिवालिक ग्रीन व्यू अपार्टमेंट परिसर में पूजा-अर्चना की। पंडित अनुज रंजन मिश्रा ने इसे विधिवत रूप से संपन्न कराया। महिलाओं ने लै वीरों कुड़ियों करवड़ा,लै सर्व सुहागन करवड़ा,लै करवड़ा बटाइए,चवंदा चौली पाइए गीत गाया। यह जानकारी देते हुए आयोजक ज्योति चावला ने बताया कि मौके पर 30 से भी अधिक महिलाओं ने अपने सुहाग की मंगलकामना की। मौके पर मुख्य रूप से इसमें ज्योति चावला, रीता चावला, मनप्रीत चावला, चंदा कुमारी, बिंदू सिंह, उमा देवी, काज़ल सिंह, पूजा अजमानी, सिल्की अजमानी, मुस्कान सुनेजा, पूजा वर्मा, सिमरन कौर, तसलीन कौर चावला, रिम्पी कौर, शीतल राजपाल आदि उपस्थित थीं।

## डबल मर्डर केस में आरोपी दीपेश कांदिर की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त संजीव झा की अदालत ने डबल मर्डर केस के आरोपी दिपेश कांदिर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। यह मामला 11 मई 2025 को धुर्वा हटिया थाना क्षेत्र के सीठियो गांव की है, जहां सरगुल बांध के पास दो युवकों के शव बरामद होने से जुड़ा है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि दीपेश ने अपनी प्रेमिका के साथ हुए दुष्कर्म का बदला लेने के लिए हत्या की साजिश रची थी।

## बिजली चोरी करने के आरोप में राज्य में 1297 पर प्राथमिकी

**रांची।** बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने तीन दिनों तक सघन अभियान चलाया। यह अभियान सात से लेकर नौ अक्तूबर तक देर रात तक चला। इस दौरान पूरे राज्य में 15 विद्युत आपूर्ति अंचलों के द्वारा 8893 जगहों में छापेमारी की गई। इसमें 1297 लोगों पर बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। इस दौरान पूरे राज्य में बिजली चोरी करने वालों पर 215.12 लाख का जुर्माना भी लगा। अभियान में 119 टीमें गठित की गई थीं। यह जानकारी जेबीवीएनएल एपीटी महाप्रबंधक श्रवण कुमार ने दी।

## डिजिटल मार्केटिंग में ब्रांड निर्माण की दी गई जानकारी

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में शुक्रवार को 'हाउ टू बिल्ड ए ब्रांड इन डिजिटल मार्केटिंग विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता, डॉ. प्रशांत पारीक ने छात्रों को डिजिटल युग में ब्रांड निर्माण के नए आयामों से परिचित कराया और उन्हें रचनात्मक सोच के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी में डिजिटल मार्केटिंग में ब्रांड निर्माण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. पारीक के विचारों ने छात्रों में आधुनिक विपणन की गहरी समझ विकसित की और उन्हें अपने भविष्य के करियर को आत्मविश्वास एवं नवाचार के साथ संवारने के लिए प्रेरित किया।

### बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित कार्यशाला में रबींद्रनाथ महतो ने कहा

# भारत में लोकतंत्र उतना ही विविध है जितना कि यह लोगों की सेवा करता है

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ 05 से 12 अक्टूबर तक बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित किया गया है। प्लेनरी सत्र के अंतिम कार्यशाला में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने "राष्ट्रीय संसद बनाम प्रांतीय, प्रादेशिक और विकेंद्रीकृत विधान - शक्ति के पृथक्करण की रक्षा और संरक्षण" विषय पर बारबाडोस एसेंबली में विभिन्न देशों के राजनयिकों के समक्ष अपना वक्तव्य को रखा। वहीं कहा कि सत्ता को हमेशा जवाबदेही और नैतिक व्यवस्था द्वारा नियंत्रित किया जाना चाहिए। मोंटेस्क्यू ने बाद में शक्तियों के पृथक्करण के अपने सिद्धांत में जिसे संहिताबद्ध किया। भारत के प्राचीन ग्रंथों में पहले से ही निहित था कि स्थिरता तभी आती है जब अधिकार विभाजित और सामंजस्यपूर्ण होता है,न कि केंद्रित हों।

हमारे संविधान के प्रमुख निर्माता डॉ. बीआर अम्बेडकर ने इस संतुलन को उल्लेखनीय स्पष्टता के साथ समझाया। उन्होंने कहा, "संघवाद का मूल सिद्धांत यह है कि विधायी और कार्यकारी प्राधिकरण केंद्र और राज्यों के बीच विभाजित होता है, केंद्र द्वारा बनाए गए किसी कानून द्वारा नहीं बल्कि संविधान द्वारा ही" यह योजना न केवल राष्ट्रीय एकता की रक्षा करती है, बल्कि प्रांतीय स्वायत्तता को भी पोषित करती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत में लोकतंत्र उतना ही विविध है जितना कि यह लोगों की सेवा करता है। राष्ट्रीय संसदें और प्रांतीय विधानसभाएं सर्वोच्चता के लिए प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं। वे लोकतंत्र के पूरक स्तंभ हैं। प्रत्येक का अपना जनादेश होता है, लेकिन वे मिलकर यह सुनिश्चित करते हैं कि शासन के हर स्तर पर लोगों की आवाज सुनी जाए।

लोकतंत्र की वास्तविक ताकत इस बात में नहीं है कि किसी संस्थान के पास कितनी शक्ति है, बल्कि यह है कि वह कितनी जिम्मेदारी से खुद को अतिक्रमण से रोकता है।

भारत में झारखंड विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में मैंने देखा है कि कैसे यह संतुलन लोगों को सशक्त बनाता है। हमारे जैसे विविधतापूर्ण देश में एक दूरदराज के गांव में किसान की आवाज, एक औद्योगिक शहर में युवाओं की आकांक्षाएं और हमारे जंगलों में स्वदेशी समुदायों की चिंताओं को विधायी प्रक्रिया में जगह मिलनी चाहिए। यह तभी संभव है जब राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाएं एक-दूसरे के पूरक हों-राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने वाली संसद और स्थानीय पहचान और आकांक्षाओं का पोषण करने वाली प्रांतीय विधानसभाएं।

आइए हम अपनी संस्थाओं की पवित्रता को बनाए रखने, संवैधानिक सीमाओं का सम्मान करने और शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हों। ऐसा करके, हम केवल कानूनी सिद्धांतों का बचाव नहीं कर रहे हैं, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वतंत्रता और लोकतंत्र की नींव को सुरक्षित कर रहे हैं।

इस सत्र में राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश ,झारखंड से सम्मेलन में भाग ले रहे सदस्य नवीन जयसवाल तथा ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के पार्लियामेंट्रियन के भी अध्यक्ष के साथ उपस्थित रहे।

# संजय सेठ ने मुंबई में की ब्रिटेन के रक्षा राज्य मंत्री से मुलाकात



- भारत और ब्रिटेन के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर हुई सकारात्मक बातचीत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को मुंबई में ब्रिटेन के रक्षा राज्य मंत्री लॉर्ड वर्नोन कोकर से मुलाकात कर भारत में उनका अभिनंदन किया। इस मुलाकात के दौरान भारत और ब्रिटेन के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सकारात्मक बातचीत हुई।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ब्रिटेन के रक्षा मंत्री समूह (सीएसजी) के दौरे और इंडियन नेवी के साथ कोंकण-25 अभ्यास में उनकी भागीदारी का स्वागत किया। हिंद-प्रशांत समुद्री क्षेत्र में परिचालन सहयोग को मजबूत करने, वैश्विक रक्षा आपूर्ति शृंखला सहयोग को मजबूत करने और नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने पर छह नवंबर को होगी सुनवाई

# सरकार ने पक्ष रखने के लिए कोर्ट से समय लिया

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** रांची के बड़ा तालाब समेत डैमों एवं अन्य जल स्त्रोतों को अतिक्रमण और प्रदूषण मुक्त करने के मामले पर हाईकोर्ट में छह नवंबर को विस्तृत सुनवाई होगी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से इस मामले में पक्ष रखने के लिए हाईकोर्ट से समय देने का आग्रह किया गया। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने आंशिक सुनवाई के बाद सरकार का आग्रह स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई छह नवंबर निर्धारित की। हाईकोर्ट ने जल स्त्रोतों के प्रदूषण और अतिक्रमण पर सुनवाई करते हुए 29 अगस्त को झालसा को जल स्त्रोतों की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया था। इस मामले में अब तक हाईकोर्ट के निर्देशों का सही तरीके से पालन नहीं करने के कारण झालसा को यह जिम्मेवारी दी गयी है। अदालत ने झालसा के सदस्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की है। कमेटी में जिला प्रशासन, नगर निगम, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारी शामिल किए गए हैं। हाईकोर्ट ने कमेटी को समय-समय पर जल स्त्रोतों का निरीक्षण कर कोर्ट को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान पारा लीगल वालंटियर्स और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की मदद भी लेने का निर्देश दिया गया है। झालसा ने रांची के सभी जलाशयों और डैमों का निरीक्षण किया है और सभी हितधारकों के साथ बैठक भी की है। 18 सितंबर और सात अक्टूबर को बैठक की गई है। बैठक में रांची जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जलाशयों, नदियों और जल निकायों पर हुए अतिक्रमण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया गया तथा विभागों की ओर से तैयार कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गयी है।



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को राज्य के नवनियुक्त मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल को उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।


## न्यूज बॉक्स

### सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दे 1.2 करोड़ ठगने के आरोप में तीन गिरफ्तार

रांची। सैन्य इंजीनियरिंग सेवा, भारतीय रेल समेत केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से 1.2 करोड़ रुपए ठगने वाले गैंग के तीन गुर्गों को बरियातू थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान जिले के चंदन सिंह और सदर थाना क्षेत्र के शिवाजीनगर के गौतम कुमार एवं मोरहाबादी के कुसुम विहार कॉलोनी के विनोद कुमार को शुक्रवार को होटवार जेल भेज दिया गया। वहीं, अभरी गिरोह के चार गुर्गे बापी वैशवाल, विनोद कुमार, राजकिशोर साह व सुनील साह फरार हैं। सदर डीएसपी संजीव बेसरा ने शुक्रवार को बताया कि आरोपियों ने बरियातू निवासी अभिषेक कुमार से 37 लाख रुपए ठगे थे। यह ठगी नौकरी का फर्जी नियुक्ति पत्र देकर की गई थी। इस घटना में 27 सितंबर को नामजद केस दर्ज किया गया था। इसके बाद एसआईटी का गठन किया गया। बरियातू थाना पुलिस व लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस की टीम ने तीन को गिरफ्तार कर किया। पूछताछ में ठगों ने अब तक 1.2 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की बात स्वीकार की। मामले में पुलिस साक्ष्य जुटा रही है। शातिर ठगों की गिरफ्तारी में बरियातू के थानेदार सह पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार, दारोगा भानू कुमार भारती समेत अन्य पुलिसकर्मियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

### भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिले

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू शुक्रवार शाम राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की और राज्य के सामाजिक राजनीतिक सहित अन्य विषयों पर चर्चा की।



### रिश्वत लेने के आरोपी चैनपुर के पूर्व लेखपाल राजकुमार सहनी को नहीं मिली जमानत

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश ओंकार चौधरी की अदालत ने चैनपुर प्रखंड के तत्कालीन प्रधान लेखपाल राजकुमार सहनी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। सहनी ने एक सितंबर को जमानत के लिए आवेदन दाखिल किया था, लेकिन कोर्ट ने इसे नामंजूर कर दिया। एसीबी ने 28 अगस्त को राजकुमार सहनी को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई सिसई प्रखंड के जनसेवक धनंजय प्रसाद की शिकायत पर की गई थी। शिकायत के अनुसार, सहनी ने धनंजय प्रसाद की भविष्य निधि राशि जारी करने के एवज में 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। एसीबी की टीम ने शिकायत की जांच के बाद जाल बिछाया और सहनी को रिश्वत की राशि लेते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि रिश्वतखोरी एक गंभीर अपराध है, जिससे सरकारी सेवा की साख प्रभावित होती है। इसलिए, ऐसे मामलों में आरोपी को जमानत नहीं दी जा सकती।

### सरकार का दावा-साहिबगंज में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना पूरी

**रांची।** साहिबगंज जिले में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना के शीघ्र शुरू करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार के जवाब पर संतोष जताया और अधिकारियों को अगली तिथि में सशरीर उपस्थिति से छूट प्रदान की। मामले की अगली सुनवाई 14 नवंबर को होगी। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि साहिबगंज पाइपलाइन जलापूर्ति योजना का कार्य पूरा कर लिया गया है। पानी का ट्रायल रन किया जा चुका है और अब साहिबगंज नगर क्षेत्र के घरों में पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति शुरू हो गई है। जिले के लगभग 19 हजार घरों में से अब तक 8500 लोगों ने कनेक्शन के लिए आवेदन किया है और जिनका आवेदन मिला है, उन्हें जलापूर्ति उपलब्ध कराई जा रही है। प्रार्थी सिद्धेश्वर मंडल की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव शर्मा और अधिवक्ता ओम प्रकाश ने सरकार के दावे का विरोध किया।

# किसी के साथ अमानवीय व्यवहार करना दंडनीय अपराध : राजेश कुमार सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर शुक्रवार को रिनपास में रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी एलएडीसी (लीगल एड डिफेंस काउंसल) राजेश कुमार सिन्हा ने मेंटल हेल्थ केयर एक्ट, 2017 की प्रमुख धाराओं की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को भी समाज में सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार है। सिन्हा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ अमानवीय व्यवहार करना या उसके अधिकारों का हनन करना कानूनन दंडनीय अपराध है और इस एक्ट के तहत दोषी पाए जाने पर सजा का प्रावधान है। उन्होंने यह भी बताया कि रिनपास और सीआईपी में डालसा का लीगल एड क्लिनिक संचालित है, जहां पैरालीगल वॉलेंटियर्स (पीएलवी) जरूरतमंदों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करते हैं। नशे से बचाव और निःशुल्क विधिक सहायता सहायक एलएडीसी पंकज कुमार शर्मा ने नालसा की योजना 'डॉन' पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत से दूर रखना जिला विधिक सेवा प्राधिकार का एक प्रमुख उद्देश्य है, क्योंकि नशा न केवल स्वास्थ्य बल्कि परिवार और समाज दोनों के लिए हानिकारक है। उन्होंने चेतावनी दी कि नशे की लत व्यक्ति को अपराध और मानसिक बीमारियों की ओर धकेलती है। शर्मा ने नालसा का टोल-फ्री नम्बर 15100 साझा करते हुए बताया कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति इस पर कॉल करके निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** गांधीनगर कॉलोनी में सीसीएल जन आरोग्य केंद्र गांधीनगर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 119 लोगों की निःशुल्क जांच की गई और डॉक्टरी सलाह दी गई। शिविर में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और हाइपरटेंशन का निःशुल्क जांच किया गया और सभी को निःशुल्क दवा भी दिया गया । ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा अपने हितधारकों तथा समाज के सभी जरूरतमंदों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठाते हैं। शिविर के सफल आयोजन में डॉ प्रीति तिग्गा, डॉ अनिता होरो, डॉ अनिता कुमारी, डॉ. नीलू कुमारी, डॉ अम्बरीश, डॉ शिल्पी झा, डॉ आशिमा, डॉ पायल, डॉ बेंजीमन, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

**पहल** विधायक सीपी सिंह ने 'खुशी रथ' को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कहा

# समाज में खुशियां भरने का काम कर रहा 'खुशी क्लास'

- डॉ संजय ने कहा, सकारात्मक भाव से ही आ सकती है खुशी
- मुकेश चौहान ने कहा, खुशी ही मंजिल तक ले जाती है

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** जब आप मुस्कुराते हैं, तब सृष्टि की ताकत आपमें समा जाती है। इसी मुस्कुराहट को बड़े ही शक्तिशाली व अनूठे अंदाज में प्रस्तुत कर रहा है 'खुशी क्लास।' आज के समय में तनावमुक्त समाज की कल्पना ही अभूतपूर्व है। ऐसे में 'खुशी क्लास' समाज में खुशियां भरने का काम कर रहा है, इसकी जितनी भी सराहना की जाए, कम है। ये बातें रांची के विधायक सीपी सिंह ने गुरुवार को अपने आवास से 'खुशी रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के मौके पर कही। रांची में 16 अक्टूबर 2025 तक खुशी अभियान चलेगा। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची व 'खुशी क्लास' के तत्वावधान में आयोजित इस मिशन के रथ रवानगी कार्यक्रम में विधायक सीपी सिंह ने 'खुशी मिशन' को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि निःस्वार्थ भाव से पूरे झारखंड में घूम-घूम कर अबतक 538 स्कूल-कॉलेजों में 'खुशी क्लास' लगाना बहुत बड़ी बात है।

यहां के बाद 'खुशी रथ' चुटूपालु पहुंची। यहां रामशोभा बीएड कॉलेज में 539वां 'खुशी क्लास' का आयोजन हुआ। दीप प्रज्वलित, स्वागत गान व अतिथियों को पौधा भेंट करने के बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। प्रज्ञा आदित्य ने परिचय सत्र संचालित किया। प्रिंसिपल डॉ ज्योति वालिया ने विषय प्रवेश कराते हुए खुशी के स्वरूप को उदाहरणों के साथ सामने रखा। अभिषेक कुमार पांडे ने स्वागत भाषण दिया, जबकि शिवानी कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। 'खुशी क्लास' को संबोधित करते हुए प्रो डॉ संजय प्रसाद सिंह ने खुद में खुशियों को उतारने का सरल फार्मूला बताया। नो और इंड का सकारात्मक पहलू को दर्शाया। उन्होंने कहा कि जिंदगी का आधार ही खुशी है और यह खुशी सकारात्मक भाव से ही आ सकती है। 'खुशी क्लास' के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन को अपने जिंदगी में आस-पास भी फटकने नहीं देनी है। सकारात्मकता से खुशी जगती है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है। यूं कहें सकारात्मकता ही आपको सफलता दिलाएगी। उन्होंने छात्रों को बताया कि असफलता हमेशा सफलता की पहली सीढ़ी होती है, इसलिए अंक को कभी भी तनाव में नहीं लेना चाहिए। अंक को आप सकारात्मकता के साथ चुनौती के रूप में जरूर लें, पर तनाव के रूप में कभी नहीं। अंत में चौहान ने छात्रों, शिक्षकों से आग्रह किया कि अगर उन्हें कहीं लगता है कि कोई तनाव में है, 'खुशी क्लास' से संपर्क कर सकते हैं। निःशुल्क उन्हें हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी।



## छठ महापर्व को लेकर रांची नगर निगम ने शुरू की तैयारी

# सूर्य की आराधना से पहले शहर का जागृत उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** छठ महापर्व को लेकर रांची नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। शहर के विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई जोर शोर से चल रही है।
**कांके डैम :** यहां मिट्टी भराई, स्टोन डस्ट बिछाने, घासों की कटाई और ओपन स्पेस समतल करने का काम लगातार जारी है। अभियंत्रण शाखा की टीम माप-जोख में लगी है, जबकि सफाई कर्मी हाथों में झाड़ और चेहरे पर मुस्कान लिए अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं।
**एक महिला सफाईकर्मी ने कहा -** "हम खुद छठ व्रत रखते हैं, लेकिन पहले घाट की सफाई करते हैं ताकि और लोग भी आसानी से पूजा कर सकें।" ऐसी सैकड़ों कहानियाँ हैं, जो बताती हैं कि यह **केवल काम नहीं -** सेवा का भाव है।

### चुनौतियां है, पर इच्छाशक्ति बड़ी है

लगातार बदलते मौसम, स्थल की ढलान और सीमित संसाधनों के बीच भी निगम की टीम पीछे नहीं हट रही है। कई स्थानों पर अस्थायी लाइटिंग, पेयजल की व्यवस्था, और श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। यह सब कुछ बिना किसी दिखावे के - बस एक ही उद्देश्य से "जब श्रद्धालु आएं, तो उन्हें केवल सफाई और व्यवस्था दिखे, मेहनत नहीं।"इन तैयारियों में लगे अधिकारियों का कहना हैं - "छठ हमारे समाज की आत्मा है। यह पर्व हमें एकता, अनुशासन और स्वच्छता का संदेश देता है। हमारा लक्ष्य है कि हर श्रद्धालु सुरक्षित, स्वच्छ और सुकून भरे वातावरण में सूर्य देव को अर्घ्य दे सके।"



### तालाबों की नई रौनक

रांची के लगभग हर तालाब ने नया रूप ले रहा है। मधुकम तालाब में अतिरिक्त जल निकासी के लिए मोटर लगातार चल रही है, बड़ा तालाब में सुपर सकर मशीन से सफाई कार्य जारी है और विभिन्न तालाबों के किनारे मिट्टी बिछाकर नए सुरक्षित घाट बनाए जा रहे हैं। अरगोड़ा, पुंदाग, टेटर टोली, बटन, जगन्नाथपुर, मधुकम और कई अन्य तालाबों में सफाई, घास कटाई और मरम्मत कार्य एक साथ शुरू कर दिए गए हैं।

# श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में स्वामी सदानंद जी महाराज का सत्संग आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक भागवत भास्कर परमहंस संत डॉ श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज शनिवार (11 अक्टूबर) को रांची आ रहे है। वे अपने शिष्यों एवं श्रद्धालुओं को धनतेरस, रूप चौदस, छोटी दीपावली, काली पूजा, बड़ी दीपावली, गोवर्धन पूजा, अन्नकूट एवं भाई दूज तक चलने वाले पांच दिवसीय हिंदुओं के सबसे बड़े त्यौहार पर आशीर्वाद प्रदान करेंगे। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि गुरु सदानंद जी महाराज 11 अक्टूबर को हवाई मार्ग दिल्ली से चलकर सुबह 9:00 बजे तक रांची श्री कृष्ण प्रणामी राधा-कृष्ण सेवाधाम मंदिर पुंदाग स्थित सेवाधाम भवन पहुंचेंगे। सदानंद जी महाराज श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में दिन में 10:00 बजे से 12:00 बजे तक भजन, सत्संग, प्रवचन से अमृत वर्षा का रसपान कराएंगे तथा भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। गुरुजी दिन में 1:30 बजे रांची से पटना के लिए हवाई मार्ग से प्रस्थान करेंगे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की।

## डीएसपीएमयू में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का आयोजन

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति अंजनी कुमार मिश्र के निर्देशानुसार, शुक्रवार को विश्वविद्यालय में आंतरिक स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन के लिए पांच दलों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से तीन दलों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कुलसचिव डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने इस कार्यक्रम को एक नई खोज बताते हुए कहा कि हैकथॉन को 'विस कोड फेस्ट' के रूप में भी जाना जाता है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सूची संतोष बरवार ने प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। डॉ. राहुल देव साह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन देश को एक नई दिशा देने के लिए कारगर साबित होगा।

## सीयूजे में मनाया गया हंगुल दिवस



● कोरियाई भाषा और संस्कृति के गौरव से विद्यार्थियों को मिलाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय ( सीयूजे ) में कोरिया की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उसकी वैज्ञानिक लिपि, हंगुल के गौरव को सम्मान देने के लिए हर साल 9 अक्टूबर को हंगुल दिवस मनाया जाता है। इस अवसर को धूमधाम से मनाने के लिए सीयूजे ने 7 से 9 अक्टूबर तक एक विशेष तीन-दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के समापन समारोह में काफी उत्साह देखा गया। यह उत्सव कोरियाई भाषा, इतिहास और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने और छात्रों को इसकी सुंदरता से रूबरू कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ हुई। इस दिन भाषण, पोस्टर-मेकिंग, कोरियन कैलिग्राफी और स्क्रिप्ट राइटिंग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दूसरे दिन, छात्रों के लिए कोरियाई ऐतिहासिक फिल्म 'ए टैक्सी ड्राइवर' का स्क्रीनिंग आयोजन किया गया। तीन दिवसीय उत्सव का समापन 9 अक्टूबर की सुबह एक भव्य समारोह के साथ हुआ।

### आज / कल




# सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का करें पालन

● डीएवी नीरजा सहाय पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा पर सेमिनार का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



कांके स्थित डीएवी नीरजा सहाय पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सड़क सुरक्षा पर जागरूकता के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें 10वीं एवं 11वीं कक्षा के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रांची के ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद केशरी, डीएवी नीरजा सहाय पब्लिक स्कूल की प्राचार्या किरण यादव एवं जिला सड़क सुरक्षा अभियंता रांची गौरव कुमार उपस्थित थे। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के तौर पर समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, नटराज योग संस्थान के निदेशक आर्य प्रहलाद भगत उपस्थित थे।
इस सेमिनार में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। साथ ही, उन्हें सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों के पालन करने पर भी जोर दिया गया। बताया गया कि 18 वर्ष के कम उम्र के लोगों द्वारा वाहन चलाना दंडनीय अपराध है। इसके लिए उन्हें, उनके अभिभावकों को भी नियम की अवहेलना करने के लिए आर्थिक दंड के साथ कारावास का भी प्रावधान है।
सेमिनार में जानकारी दी गई कि हमेशा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल जरूर करें। साथ ही, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करें। इस सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के लिए अपने घर, पड़ोस और समाज के हर लोगों को जागरूकता करने का भी सकारात्मक संदेश दिया गया। जीवन अनमोल है, अगर किसी सड़क पर दुर्घटना हुई हो, तो रील न बनाएं। मानवता को ध्यान में रखकर तुरंत मददगार बनकर हादसे के शिकार व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाएं। इस अवसर पर सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा के लिए पुस्तिका भी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के संजीव प्रसाद, रवींद्र सिंह, अनामिका हर्षवर्धन, उपेंद्र कुमार समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मारवाड़ी कॉलेज में एनसीसी कैडेट की चयन प्रक्रिया शुरू

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज में एनसीसी के नए कैडेटों के लिए चयन प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू की गई। इस प्रक्रिया के लिए कॉलेज के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने आवेदन दिया था, जिनमें से 111 विद्यार्थियों ने पहले दिन की प्रक्रिया में भाग लिया। प्रारंभिक जांच परीक्षा में 40 छात्रों और 40 छात्राओं ने अगले चरण के लिए अर्हता (योग्यता) प्राप्त की है। शेष आवेदन देने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आगामी 13 अक्तूबर को भी शारीरिक जांच परीक्षा ली जाएगी। इस चयन प्रक्रिया में 3 झारखंड बटालियन एनसीसी के सूबेदार अजय कुमार सिंह, नायब सूबेदार शमशीर हुसैन और कॉलेज के एनसीसी कंपनी के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. अवध बिहारी महतो शामिल थे। प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार भी शारीरिक जांच परीक्षा स्थल पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया।

# डीपीएस रांची के छात्रों ने आईएनसीए मैप क्विज 2025 में लहराया परचम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची के विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित इंडियन नेशनल कार्टोग्राफिक एसोसिएशन (आईएनसीए) नेशनल मैप क्विज 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। धैर्य बर्नवाल (कक्षा दसवीं), आदित्य यशस्वी सिंह (कक्षा दसवीं) और यथार्थ अग्रवाल (कक्षा आठवीं) की टीम ने देशभर की टीमों को पछाड़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। नक्शानिर्माण और मानचित्र-आधारित अध्ययन के क्षेत्र में उनकी असाधारण जानकारी ने उन्हें यह सफलता दिलाई।
इस उल्लेखनीय उपलब्धि के सम्मानस्वरूप, डीपीएस रांची के इन विद्यार्थियों को 45वें आईएनसीए इंटरनेशनल कांग्रेस के उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन समारोह 21 नवंबर 2025 को सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार, गया में आयोजित होगा। इस अवसर पर उन्हें ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। डीपीएस रांची की गौरवगाथा में वृद्धि करते हुए, विद्यालय की एक अन्य टीम — अद्विता अलंकरिता (कक्षा दसवीं), अर्नव राणा (कक्षा नौवीं) और आदर्श गुप्ता (कक्षा आठवीं) — ने भी शानदार प्रदर्शन किया और पांचवां सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस टीम को उनके सराहनीय प्रयास और प्रदर्शन के लिए आईएनसीए शाखा द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान किए जाएंगे।



### डीपीएस रांची के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर डीपीएस रांची की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने कहा, यह डीपीएस रांची के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। हमारे छात्रों का इस तरह के राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन उनके परिश्रम, अनुशासन और सीखने के प्रति लगन का प्रमाण है। मैं धैर्य, आदित्य, यथार्थ, अद्विता, अर्नव और आदर्श को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देती हूं। मुझे विश्वास है कि यह सफलता उन्हें और अन्य विद्यार्थियों को और ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित करेगी।

# नर सेवा ही नारायण सेवा है : डॉ एचपी नारायण



● सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में मंदबुद्धि निराश्रितों की हुई स्वास्थ्य जांच

● श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित होकर सहयोग किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट की शाखा श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम पुंदाग में परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य से शुक्रवार को सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में सेवा करने वाले सभी सेवादार साथियों का शहर के जाने माने न्यूरो सर्जन डॉ एचपी नारायण ने स्वास्थ्य की संपूर्ण जांच की। उन्होंने आवश्यकता अनुसार सभी को अपनी ओर से निःशुल्क दवाएं भी दी।
डॉ नारायण ने स्वास्थ्य की देखभाल करने एवं निरोग रहने के विषय में सभी को पूर्ण जानकारी दी। जांच के समय डॉ नारायण को श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ नंद किशोर चौधरी, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया, सुरेश अग्रवाल ने सहयोग किया।
डॉ एचपी नारायण ने आश्रम में रह रहे लोगों से बातचीत कर संस्था द्वारा की जा रही सेवा के इस महान कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह में एक से दो बार अपना घर आश्रम आकर सभी के स्वास्थ्य की जांच करेंगे। उन्होंने आश्रम की साफ सफाई की भी तारीफ की।
सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में पीड़ित मानव सेवा का पावन तीर्थ प्रारंभ होने वाला झारखंड का प्रथम आश्रम है। आश्रम में प्रारंभिक दौर में ऐसे पुरुष, जो अपने जीवनकाल में अपने रिश्तेदारो, परिवारजनों से बिछुड गए हों एवं अस्पतालों, सड़क किनारे, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों के आसपास असहाय एवं लाचार स्थिति में पड़े रहते है, उनको स्थानीय प्रशासन और समाज के प्रबुद्धजनों के सहयोग से एक अच्छा जीवन देने की कोशिश की जा रही है। अभी अपना घर आश्रम में 40 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित लोगों की प्रभु सेवा की जा रही है।



## कांके में उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के लिए स्वास्थ्य मंत्री से गुहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**पिठौरिया।** अरसंडे पंचायत के ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के लिए पंचायत समिति सदस्य लालचंद प्रसाद सोनी के नेतृत्व में सरकारी और जनप्रतिनिधि स्तर पर प्रयास तेज कर दिया। सोनी ने उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के लिए कई बार आवेदन दिया परंतु अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने 20 दिसंबर 2021 को 'सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आवेदन दिया था। 25 सितंबर 2023 को पूर्व स्वास्थ्य मंत्री को पत्र सौंपा, जिन्होंने गंभीरता दिखाते हुए स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजा था। वहीं 17 जून को वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को आवेदन दिया। 19 जनवरी को विधायक सुरेश बैठा को भी पत्र सौंपकर इस मुद्दे पर ध्यान आकृष्ट कराया था। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में उन्हें छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी कांके या रांची शहर की ओर रुख करना पड़ता है। इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी होती है। लालचंद प्रसाद सोनी ने कहा कि विधायक सुरेश बैठा की अनुशंसा के बाद भी विभाग ने कोई पहल नहीं की है। उन्होंने कहा कि जल्द उप स्वास्थ्य केंद्र को मंजूरी नहीं मिलने पर वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

### 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# रांची के पार्थ सिंह बालक अंडर 20 में बने देश के सबसे तेज धावक



- **बालक अंडर 20 में पार्थ सिंह ने 10.52 सेकेंड के साथ जीता स्वर्ण पदक**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया,नई दिल्ली एवं उड़ीसा एथलेटिक्स संघ द्वारा आगामी 10 से 14 अक्टूबर तक कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर में आयोजित 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पहले दिन झारखंड के एथलीटों में अच्छी शुरुआत की। पहले दिन बालक अंडर 20 आयु वर्ग में रांची के पार्थ सिंह ने 10.52 सेकेंड के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए देश के सबसे तेज धावक बने। वहीं दर्जनों एथलीट फाइनल एवं सेमी फाइनल में पहुंचे।

इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर, झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयरमेन डॉ मधुकांत पाठक, जेएएअध्यक्ष सीडी सिंह, सचिव एसके पांडे, प्रभाकर वर्मा समेत संघ के पदाधिकारियों ने राज्य के एथलीटों एवं टीम मैनेजर, प्रशिक्षकों को बधाई दी।

## पदभार



इंस्पेक्टर पूनम कुजूर ने चुटिया थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण की।

### 10वीं अखिल भारतीय बुशिकान कप कराटे चैंपियनशिप प्रारंभ

# पहले दिन सीनियर काता व कुमिते स्पर्धा में झारखंड का दबदबा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** इंटरनेशनल शोतोकान कराटे क्योकाई द्वारा आयोजित 10वीं अखिल भारतीय बुशिकान कप कराटे चैंपियनशिप का कोयला नगर स्थित नेहरू काम्प्लेक्स में प्रारंभ हुआ। इस दो दिवसीय आमंत्रण प्रतियोगिता का उद्घाटन बीसीसीएल के मुख्य सतर्कता पदाधिकारी अमन राज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर धनबाद जिला ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष रेजा इश्तियाक, उपाध्यक्ष अजय महाजन कोषाध्यक्ष पवन बरनवाल, मेजर रवि प्रताप तथा इंटरनेशनल शोतोकान कराटे क्योकाई के मुख्य प्रशिक्षक रंजीत केशरी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस चैंपियनशिप में झारखंड के विभिन्न जिलों के खिलाडियों के अलावा उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा तथा बिहार के 300 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिसमें पहले दिन संपन्न हुई कैडेट, जूनियर तथा सीनियर वर्ग के स्वर्ण पदक विजेताओं के नाम इस प्रकार हैंः रत्नेश पाठक, रामस्वरूप हेंब्रम, हिमांशु यादव, प्रिंस राज, कुमार वत्सल, शुभ्रा वर्मा, प्रिया केसरी,कौशिकी सिंह, प्रगति, प्रिया, स्वीकृति सिंह, शांभवी दक्ष तथा रिद्धि प्रिया। रजत पदक विजेताओं में आदित्य कुमार, अक्षय कांत, अमन कुमार, शौर्य बनर्जी, अपूर्व आनंद, करुणा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अनुष्का कुमारी, रिद्धि प्रिया, स्वस्ति, रीवा गिरी तथा संचित मुखर्जी। प्रतियोगिता का तकनीकी संचालन अधिकृत निर्णायक मनोज शर्मा, राजेश यादव, सूरज वर्मा, दिलीप यादव, श्रीमंत मुखर्जी, राजेश कुमार चौधरी, पन्ने लाल यादव, ममता पांडे, उदय शंकर भारती, सोनामोती कुमारी, जुली कुमारी, दीपक शाही, मृत्युंजय कुमार, कृष्ण कुमार शाव, सौरव भारती, समृद्धि कुमारी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कल दिनांक 11 अक्टूबर को सब जूनियर वर्ग की स्पर्धाएं प्रातः 9:00 बजे से प्रारंभ होगा।

## जय फाउंडेशन ने नाटक जागो का किया मंचन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मांडर।** रांची के मुड़मा स्थित राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा 2025 में रंग संस्था जय फाउंडेशन के द्वारा नाट्य प्रस्तुति की गई। नाटक "जागो..." , जिसके लेखक एवं निर्देशक नीतीश कुमार है, चरित्र सुखमणि के माध्यम से ये दिखाया गया कि छोटी छोटी घटनाओं को अनदेखा नहीं करना है अन्यथा यही बड़ी घटना बन जाता है , सुखमणि जब भगत से तर्कपुरन बात करती है तो भगत साज़िश के तहत उसे समाज में डायन घोषित कर देती है ,गांव वाले नेता और भगत के साज़िश से अंजान सुखमणि को डायन मानकर उसकी हत्या तक करने चले जाते हैं ,तब समाजसेविका ने सुखमणि की टूट रही हिम्मत को इन कुरीतियों से लड़ने की हिम्मत दी और सम्मान के साथ न्याय दिलाई। लेखक व निदेशक नीतीश कुमार ने कहा कि "अंधविश्वास न केवल हमारी सोच को जकड़ता है, बल्कि यह सामाजिक कुरीतियों, आर्थिक शोषण और कई बार जानमाल के नुकसान का कारण भी बनता है। इस मौके पर सरना धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि मानव आज चांद से मंगल तक पहुंच गया है लेकिन वास्तविक जीवन से अंधविश्वास दूर नहीं हो पाया है ,हालफिलहाल की घटनाओ को देखकर ,बहुत चिंता का विषय है कि लोग आज भी अफवाओं में आकर ,डायन बिसाही बोलकर किसी के जीवन को खत्म कर देते हैं।

## जीतू राम बेदिया का भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम में चयन

**रांची।** बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी, सिल्ली के दिव्यांग तीरंदाज जीतू राम बेदिया ने झारखंड को गर्व का एक नया अवसर दिया है। जोन्हा, डिमरा (बंधटोला) के निवासी जीतू का चयन भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम में हुआ है। वे भारत की ओर से एशिया यूथ पैरा तीरंदाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस उपलब्धि पर जीतू को एकेडमी की ओर से सम्मानित किया गया। एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने जीतू राम को एक विश्वस्तरीय कंपाउंड धनुष भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में रांची जिला तीरंदाजी संघ के सचिव चंचल भट्टाचार्य और बोकारो जिला परिषद की उपाध्यक्ष बबीता देवी भी उपस्थित रहीं। एकेडमी की अध्यक्षा नेहा महतो ने जीतू को बधाई देते हुए कहा कि एक सुदूर गांव से आने वाले जीतू का भारतीय टीम में चयन न सिर्फ सिल्ली क्षेत्र, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गर्व का विषय है।

## न्यूज बॉक्स

### सशस्त्र सीमा बल ने ग्रामीणों और पशुओं के लिए लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर



**अडकी।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय जरंगा परिसर में आयोजित एक दिवसीय मानव चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा शिविर में 250 पशुओं और 230 व्यक्तियों का निशुल्क उपचार किया गया। इस शिविर का आयोजन सशस्त्र सीमा बल की 26वीं वाहिनी के तत्वाधान में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत किया गया था । शिविर में ग्रामीणों और पशुपालकों को स्वास्थ्य सेवाएँ और पशु चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सा कमांडेंट अहमद फजल खान ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि एसएसबी जनता की सेवा एवं सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।स्थानीय समुदाय ने समय पर चिकित्सा सहायता के लिए सशस्त्र सीमा बल के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेडिकल कमांडेंट, डॉ. विजय कुमार, पशु चिकित्साधिकारी निरीक्षक कांति मोहरी, चितरंजन सिंह मुंडा (मुखिया), वार्ड सदस्य सुरेंद्र सिंह मुंडा सहित 26वीं वाहिनी के अन्य अधिकारी एवं बल के जवान उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय योग अनुसंधान कार्यशाला में योगाचार्य महेश पाल हुए शामिल



**रांची।** वर्तमान समय में बढ़ते योग के महत्व को देखते हुए कई शोध कार्य किए जा रहे हैं। वहीं बीमारियों से बचाव के लिए कई रिसर्च व कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भोपाल के सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एक विशेष राष्ट्रीय योग विषय पर रिसर्च (शोध-अनुसंधान) कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमे देश के विशेष योग्यता प्राप्त प्रोफेसर, योगगुरु, योगाचार्यों को शामिल किया गया। जिसमें दिल्ली, मुंबई, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के योग विशेषज्ञों के बीच योगाचार्य महेश पाल को अपने विषय योग प्राणायाम रहस्य से संबंधित मुख्य वक्ता के रूप में शामिल किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नवप्रवर्तकों का सशक्तिकरण बौद्धिक संपदा अधिकार" पर कैसे कार्य किया जाए एवं योग प्राणायाम से वर्तमान समय में बढ़ती बीमारियों से बचाव जनसमुदाय कैसे योग के द्वारा पूर्णतः स्वस्थ रह सके। बच्चों, युवाओं में बढ़ती स्वास्थ संबंधी समस्याओ को योग के द्वारा कैसे ठीक किया जा सके आदि विषयों पर चर्चा हुई।

### चार पहिया वाहन चालक प्रशिक्षण के लिए साक्षात्कार 13 को

**सिल्ली।** रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय चार पहिया वाहन चालक प्रशिक्षण के लिए 13 अक्टूबर को साक्षात्कार होगा। इच्छुक बेरोजगार जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा वे प्रशिक्षण लेकर अपना रोजगार करना चाहते हैं वे संस्थान कार्यालय में अपना नामांकन करा सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतःनिःशुल्क होगा। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, महिला समूह कोड आदि डाक्यूमेंट की आवश्कता है।

### स्वास्थ शिविर का हुआ आयोजन



**सिल्ली।** सिल्ली सामुदायिक अस्पताल एवं रांची कैंसर केयर फाउंडेशन के द्वारा बंसारुली पंचायत के महुआडीह आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉक्टर गरिमा ने लगभग 46 महिलाओं एवं पुरुषों का जांच किया। साथ ही उन्हें कैंसर के बारे में जानकारी भी दिया। महिलाओं का स्तन कैंसर एवं बच्चेदानी कैंसर का जांच कर बताया। वही पुरुषों का बीपी, शुगर आदि जांच किया गया। यह शिविर शनिवार को मुरी आंगनबाड़ी केंद्र में लगाया जाएगा तथा सिल्ली प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शिविर लगाकर जांच किया जाएगा।

### कॉलेज ऑफ नर्सिंग को मिली एमएससी नर्सिंग की मान्यता

**मांडर।** प्रखंड स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के कॉलेज ऑफ नर्सिंग को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंण्ड सरकार एवं झारखण्ड परिचारिका परिषद् द्वारा एम०एससी० नर्सिंग कोर्स प्रारंभ करने की मान्यता प्राप्त हो गई है। संस्था के सचिव नितिन परासर ने यह साझा किया है कि संस्था इस नये कोर्स को चलाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। महाविद्यालय में अनुभवी शिक्षकगण, आधुनिक कक्षा, पुस्तकालय, व्यावहारिक प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, सभागार, परिवहन एवं राँची के विभिन्न अस्पतालों में प्रशिक्षण के लिए क्लीनिकल पोस्टिंग, कैम्पस चयन एवं प्लेसमेंट की सुविधाएं उपलब्ध है।

### भारत जगत मांझी परगना महल की बैठक

## आदिवासी स्वशासन व्यवस्था को मज़बूत करने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठाकुरगांव ।** बुढ़मू प्रखंड के छापर पंचायत के हिरींग बटुका में भारत जगत मांझी परगना महल के तत्वावधान में शुक्रवार को एक सामाजिक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से आदिवासी स्वशासन व्यवस्था को मज़बूत करने और सांस्कृतिक एकजुटता को पुनर्स्थापित करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि मनेंद्र हेम्ब्रम, सुनिल कुमार किस्कू, मुनिश टुडू, मांकी टुडू और सुरज मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में आदिवासी समाज को अपने पारंपरिक शासन ढांचे — मांझी परगना, महल प्रणाली को पुनर्जीवित करने की ज़रूरत है, जिससे गांवों में स्वशासन और सामाजिक न्याय की व्यवस्था मज़बूत हो सके।

साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि संथाली भाषा, संस्कृति और परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हर मंज़ी-हादम और ग्रामसभा की है। आगामी 17 अक्टूबर को "आदिवासी बचाओ मोर्चा" के बैनर तले आयोजित होने वाली महाआक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए रणनीति और जनसंपर्क अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मदन किस्कू और संचालन मटोला मांझी हड़म राजाराम मुर्मू ने किया।

## बंद पड़े केंद्रीय विद्यालय की जर्जर छत तोड़ने के दौरान ढही, दो मजदूर घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** सीसीएल एनके क्षेत्र स्थित बंद पड़े केंद्रीय विद्यालय भवन में मरम्मत कार्य के दौरान शुक्रवार को एक बड़ी दुर्घटना हो गई। भवन की जर्जर छत तोड़ने के क्रम में पूरी छत अचानक ढह गई, जिससे ऊपर काम कर रहे दो मजदूर नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना 11 बजे दिन की है। बताया गया कि विद्यालय भवन की पुरानी छत को ड्रिल मशीन से तोड़ा जा रहा था। इस दौरान चार मजदूर छत पर काम कर रहे थे। अचानक पूरी छत नीचे की ओर बैठने लगी। छत के एक किनारे पर मौजूद दो मजदूर किसी तरह दूसरी छत पर कूदकर अपनी जान बचा ली, जबकि बीच में काम कर रहे दो मजदूर छत के साथ नीचे गिर पड़े। घायलों को वहां मौजूद संवेदक आफताब अंसारी और अन्य मजदूरों की मदद से बाहर निकाला गया। तत्परता दिखाते हुए दोनों को सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल डकरा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची रेफर कर दिया गया। घायल मजदूरों में पिपरवार के कारो निवासी दिलीप गंझू तथा कोयलरा बगलता निवासी सूरज कुमार शामिल हैं।

## आईएचएम ने दृष्टिहीन बच्चों संग मनाया विश्व दृष्टि दिवस



**मांडर।** विश्व दृष्टि दिवस पर होटल प्रबंधन संस्थान ने संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। संस्थान ने चान्हो स्थित अमर ज्योति स्कूल के 60 दृष्टिहीन विद्यार्थियों को अपने शिक्षण रेस्टोरेंट पाही मोखाना में आमंत्रित कर गोवन व्यंजनों पर आधारित स्पेशल लंच का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य केवल स्वाद परोसना नहीं, बल्कि 'अनुभूति' को साझा करना था ताकि आईएचएम के विद्यार्थी यह समझ सकें कि सेवा का असली अर्थ किसी को मुस्कुराने का अवसर देना है। छात्रों ने स्वयं दृष्टिहीन बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ समय बिताया। वातावरण उस क्षण में भावनाओं से भर गया जब बच्चों ने मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और खेलकूद में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने कहा कि विश्व दृष्टि दिवस हमें यह सिखाता है कि देखने से अधिक जरूरी है महसूस करना।

## माध्यमिक आचार्य नियुक्ति नियमावली और नियुक्ति विज्ञापन को हाईकोर्ट में चुनौती

**रांची।** झारखंड सरकार की माध्यमिक आचार्य (कक्षा 9 से 12), प्राचार्य एवं अशैक्षणिक कर्मियों की नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली और माध्यमिक आचार्य नियुक्ति के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। संगीता कुमारी ने यह याचिता अधिवक्ता चंचल जैन के माध्यम से दायर की है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार ने माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 9-10) और उच्च माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 11-12) के शिक्षकों के पदों का अवैध रूप से विलय कर दिया है। साथ ही, सभी पदों के लिए स्नातकोत्तर योग्यता को अनिवार्य कर दिया गया है, जो राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के नियमों का उल्लंघन है। एनसीटीई के 12 नवंबर 2014 और 13 अक्तूबर 2021 के नियमों के अनुसार, कक्षा 9-10 के शिक्षकों के लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक तथा कक्षा 11-12 के लिए स्नातकोत्तर निर्धारित की गई है। प्रार्थी ने कहा है कि राज्य सरकार का यह कदम हजारों स्नातक अभ्यर्थियों के अधिकारों का हनन करता है और उन्हें नियुक्ति प्रक्रिया से वंचित कर रहा है। याचिका में माध्यमिक आचार्य शिक्षक नियुक्ति नियम, 2025 की धारा 9 को असंवैधानिक घोषित करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया है। राज्य सरकार को एनसीटीई के नियमों के अनुरूप नियमों में संशोधन करने का निर्देश देने का आग्रह भी अदालत से किया गया है।

## महिला रणजी खिलाड़ी ममता पासवान के घायल पिता से मिले सौरभ तिवारी

**रांची।** महिला रणजी टीम की खिलाड़ी ममता पासवान के पिता जवाहर पासवान का हाल ही में जमशेदपुर में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें बेहतर इलाज के लिए टीएमएच से रिम्स रेफर किया गया था। फिलहाल रिम्स के एसएसआईसीयू में डॉ. शिव प्रिये की देखरेख में जवाहर पासवान इलाजरत हैं। डॉक्टरों के अनुसार, उनके सिर में गंभीर चोट लगी है, जिसकी निगरानी न्यूरोसर्जन डॉ. आनंद प्रकाश लगातार कर रहे हैं। शुक्रवार को पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और जेएससीए के सचिव सौरभ तिवारी और रणजी खिलाड़ी मोनू कुमार रिम्स पहुंचे और उन्होंने मरीज से मुलाकात की। दोनों खिलाड़ियों ने परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया तथा डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### श्री काली पूजा समिति की नई कमेटी का हुआ गठन

# विवेक प्रताप सिंह सर्वसम्मति से संरक्षक चुने गए, रोहित वर्मा बने अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिठौरिया।** न्यू मार्केट कांके चौक स्थित श्री काली पूजा समिति की वार्षिक बैठक बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न हुई। बैठक में नई समिति का गठन किया गया तथा आगामी काली पूजा की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से विवेक प्रताप सिंह को संरक्षक एवं रोहित वर्मा को समिति का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में तय किया गया कि इस वर्ष मां काली की पूजा भव्य रूप से आयोजित की जाएगी। समिति के संरक्षक विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि इस वर्ष मां की प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र होगी, जिसमें मां काली को बकासुर का वध करते हुए दर्शाया गया है। उन्होंने सभी सनातन धर्मावलंबियों से आयोजन में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की। नवगठित समिति इस प्रकार है मुख्य संरक्षक – गिरजा शंकर पांडे, मुकेश यादव संरक्षक – विवेक प्रताप सिंह मुख्य संयोजक – रमेश साहू संयोजक – राकेश सिन्हा सह संयोजक – अरुण मंडल अध्यक्ष – रोहित वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष – संदीप यादव, इंद्रजीत यादव कोषाध्यक्ष – गुड्डू यादव, रितेश यादव महामंत्री – सुबोध यादव युवा दस्ता अध्यक्ष – चंद्रशेखर यादव मीडिया प्रभारी – आकाश सोनी मंत्री – निरंजन महतो, दीपक साहू, मंतोष महतो, बसंत बैठा उपाध्यक्ष – मोहित महतो, सुबोध यादव, गोलू सिंह सचिव – निलेश महतो सह सचिव – शौर्य कुमार कार्यकारिणी सदस्य – राहुल पांडे, अंकित रंजन, छोटू यादव, अभिलाष पांडे, प्रिंस तिवारी, अंकित ठाकुर, सूरज राय, बाटला, राजा तिवारी, प्रकाश ठाकुर, कृष्णा नायक, सौरव यादव, गोविंदा ठाकुर, सुमित सिंह, विशाल, अभिषेक तिवारी, राहुल यादव, शुभम मेहता, सुनील यादव, श्रवण कुमार रजक, चुन्नू रजक, सोनू कुमार रजक, चंदन राम, राजू राम, सागर राम, वैभव कुमार, मंतोष कुमार, सोनू महतो, रोहित साहू, बबलू सिंह, आकाश टोप्पो।कार्यक्रम की रूपरेखा 20 अक्टूबर 2025, संध्या 8:00 बजेः पंडाल का भव्य उद्घाटन रात्रि 12:00 बजेः मां काली की पूजा 21 अक्टूबर 2025, दोपहर 3:00 बजेः महाभोग वितरण 22 अक्टूबर 2025, संध्या 6:00 बजेः आरती 23 अक्टूबर 2025, शाम 4:00 बजेः विशाल विसर्जन शोभा यात्रा इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ जनों एवं युवा साथियों ने कहा कि इस वर्ष की पूजा ऐतिहासिक एवं भव्य होगी। पूरे न्यू मार्केट कांके चौक क्षेत्र को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जाएगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर मां काली का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की।

### बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन सख्त

# कार से मिले 16 लाख से अधिक नकद



**हजारीबाग।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड पुलिस भी अलर्ट पर है। इसी कड़ी में हजारीबाग जिले के चौपारण थाना अंतर्गत चोरदाहा स्थित झारखंड-बिहार चेकपोस्ट के पास गुरुवार देर रात वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से 16 लाख से अधिक नकद बरामद किए गए। दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस भी कड़ी नजर बनाए हुए है। इसी बीच गुरुवार रात को वाहन चेकिंग कें दौरान पुलिस ने एक कार, वाहन संख्या जेएच 02 बीवी 0702 को रोका। इस दौरान वाहन सवार व्यक्ति के पास से एक सूटकेस में 16,50000 रुपये नकद मिले। कार सवार व्यक्ति दक्षिणी दिल्ली का रहने वाला है। आगे की जारी है जांच थाना प्रभारी ने बताया कि व्यक्ति ने बरामद राशि से संबंधित कोई भी कागजात पेश नहीं किए, जिसके कारण पदाधिकारियों ने जब्ती सूची बनाकर उक्त व्यक्ति सहित पैसे को जब्त कर लिए हैं और आगे की जांच जारी है। इस छापेमारी में अंचलाधिकारी संजय यादव, सब-इंस्पेक्टर सरोज सिंह, चौपारण थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक राज कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर बादल कुमार महतो सहित अन्य जवान शामिल थे।

## दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने जिला उद्यान पदाधिकारी से की मुलाकात



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस जिला प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने जिला उद्यान पदाधिकारी रामगढ़/हजारीबाग जसवंत कुमार से शिष्टाचार मुलाकात किया । इस दौरान उन्होंने उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, अनुदान एवं किसानों को मिलने वाली सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की।

मुलाकात के दौरान सुधीर मंगलेश ने कहा कि उद्यान विभाग के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि एवं बागवानी के क्षेत्र में कई लाभकारी योजनाएं उपलब्ध हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में कई किसान इनका लाभ नहीं उठा पाते। उन्होंने कहा कि अब उद्देश्य यह रहेगा कि प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर किसानों को इन योजनाओं की पूरी जानकारी दी जाए ताकि वे अनुदान आधारित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें और अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकें।

उन्होंने बताया कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में फल एवं सब्जी उत्पादन, पुष्प खेती, पौधशाला, ड्रिप इरीगेशन, पॉलीहाउस निर्माण जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं से न सिर्फ किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी बल्कि क्षेत्र में उद्यानिकी को बढ़ावा भी मिलेगा।

इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी जसवंत कुमार ने भी विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की और आश्वासन दिया कि इच्छुक किसानों को तकनीकी सहयोग एवं सभी आवश्यक जानकारी विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी।

### माता वैष्णों देवी मंदिर में करवा चौथ व्रत कथा का आयोजन

# सुहागिन महिलाओं ने की अखंड सुहाग की प्रार्थना

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** हाथों में मेहंदी व पांवों में महावर रचाए रामगढ़ की सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अपने पति की दीर्घायु व अच्छे जीवन की कामना को लेकर करवा चौथ का व्रत रखा। शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में शुक्रवार की संध्या समय व्रत रखने वाली रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्रों की 301 सुहागिन महिलाओं ने पूजा अर्चना की और करवा चौथ की कथा सुनी। पंजाबी हिन्दू बिरादरी ने व्रतधारी महिलाओं के लिए मंदिर परिसर में मां करवा की कथा सुनाने का विशेष प्रबंध किया था। कथा में पंजाबी समुदाय के अलावे अन्य समाज की सुहागिन महिलाओं ने भी हिस्सा लिया और मां करवा की पूजा अर्चना कर कथा सुनी। करवा चौथ की कथा माता वैष्णों देवी मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा ने परंपरागत ढंग से सुहागिन महिलाओं को सुनाई। हाथों में पूजा की थाली लिए पहुंची सुहागिन महिलाओं की उपस्थिति से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। लाल परिधानों में सोलह श्रृंगार कर आई सुहागिन महिलाओं ने पूजा के बाद पंजाबी हिन्दू बिरादरी के बुजुर्ग पदाधिकारियों व सदस्यों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं बिरादरी ने सभी व्रती महिलाओं और कथा सुनने आई अन्य महिलाओं को माता वैष्णों देवी के आशीर्वाद के रूप में एक-एक चुनरी भेंट दी गई। पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने बताया कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन मनाए जाने वाला यह त्यौहार करवा चौथ सौभाग्यवती महिलाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण व्रत है। इस व्रत में महिलाएं प्रातःकाल सूर्योदय से पहले स्नान आदि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प लेकर दिन भर निर्जला उपवास करती हैं। संध्या समय मां करवा की कथा सुनती हैं और चंद्रोदय के बाद अर्घ्य देती हैं। अर्घ्य देने के बाद अपने पति के हाथों जल ग्रहण कर अपना व्रत पारण करती हैं। कुंवारी कन्याएं भी मनपसंद वर एवं घर की कामना लिए यह व्रत रखती हैं और मां गौरी की पूजा अर्चना करती हैं। स्त्रियां इस व्रत की तैयारी काफी दिनों पूर्व से ही शुरु कर देती हैं, क्योंकि इस व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं दुल्हन की तरह सजती-संवरती हैं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में पंजाबी हिन्दू बिरादरी के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह, अश्वनी शर्मा आदि सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## न्यूज बॉक्स

### काली पूजा समिति का किया गया गठन



**रामगढ़ ।** नीचे धौड़ा भुरकुंडा में काली पूजा को लेकर गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मुखिया अजय पासवान और संचालन आजाद भुइंया ने किया। बैठक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी काली पूजा पूरे भक्तिभाव और धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा को लेकर सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बागेश करमाली, सचिव सन्नी करमाली, कोषाध्यक्ष रामकुमार चुने गए। कार्यकारिणी सदस्य में विकराल करमाली, राजेन्द्र करमाली, आजाद भुइंया, अजय पासवान, कृष्णा राम, विनय कुमार, लल्ली करमाली, मुन्ना करमाली, शत्रुघ्नराम, मनीष करमाली, सूरज कौल, पंकज कुमार, प्रिंस करमाली, छोटू करमाली, राजेंद्र चौहान आदि को शामिल किया गया है ।

### पुलिस ने चार लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना पुलिस ने अलग अलग मामलों में चार वारंटी को गिरफ्तार किया है। इस सबंध में गोरहर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि समकालीन अभियान के तहत चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जिसमें मंगर ठाकुर पिता नुनु ठाकुर, सीताराम ठाकुर पिता कन्हाय ठाकुर, योगेश्वर ठाकुर पिता रूपलाल ठाकुर तीनों ग्राम बंडासिंगा तथा सूर्यकुण्ड निवासी मोहन ठाकुर पिता जीतन ठाकुर शामिल है। इन सभी वारंटियो को गोरहर पुलिस ने गिरफ्तार कर व मेडिकल जांच कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### पंचायत सचिव धनेश्वर गोप के सेवानिवृत होने पर सम्मान के साथ दी गई विदाई



**बरकट्ठा।** पंचायत सचिव धानेश्वर गोप के सेवानिवृत्ति होने पर प्रखंड कार्यालय में सम्मान के साथ विदाई दी गई । सम्मान समारोह की अध्यक्षता बीडीओ रोशमा डुंगडुंग और संचालन बीएफटी दिलीप दास ने किया। इस अवसर पर बीडीओ ने श्री गोप के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा जीवन की नई पारी की शुरुआत के लिए मंगल कामना की। इस दौरान सेवानिवृत पंचायत सचिव धानेश्वर गोप ने भी अपने सेवाकाल की खट्टी मीठी यादों को लोगों के साथ शेयर किया।मौके पर एमओ मिंटू रजक, नाजीर फन्नी नाथ भुषण, अंचल नाजीर अजीत कुमार, बीपीओ उज्जवल किशोर, पंचायत सचिव नागेश्वर प्रसाद यादव, कैलाश प्रसाद कुशवाहा, सुरेश मेहता, प्रियंका कुमारी, ललित किशोर पांडेय, विश्वजीत कुमार दुबे, राहुल कुमार, प्रशांत तिर्की, गौतम कुमार दास, सिकेन्दर कुमार, सुरेन्द्र पासवान, अजमल अंसारी, दीपक मोदी, सरफराज आलम, त्रिवेणी प्रसाद, किशोर दास, संतोष कुमार, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, सुरज कुमार, संजय कुमार, त्रिभुवन यादव, नवल किशोर कुमार उपस्थित थे।

### कैरियर चयन में पसंदीदा कार्यक्षेत्र की होती है महत्ती भूमिका : प्राचार्य

**बरही ।** डीएवी पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया. जिसके तहत विद्यार्थियों को 11वीं के दौरान व 12वीं के बाद के तैयारियों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मार्गदर्शन और सलाह दिए गए. इस दौरान प्रबंधन के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नीट, जेई, आईआईएम, निफ्ट, आईआईटी आदि विभिन्न कैरियर संकायों की जानकारी व उसके तैयारी के टिप्स इत्यादि बताए। प्राचार्य डॉ आशुतोष मैढ़ ने विद्यार्थियों का हौसलावर्द्धन करते हुए कहा कि हर एक विद्यार्थी प्रतिभा संपन्न है. सिर्फ उसे निखारने की आवश्यकता है।

### 26वां विश्व दृष्टि दिवस चलेगा पूरे माह

## जन जागरुकता के लिए निकाली गई रैली

नवीन मेल संवददाता



**रामगढ़।** विश्व दृष्टि दिवस पर शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के सिविल सर्जन डॉ महलक्ष्मी प्रसाद एवं नोडल पदाधिकारी सह एसीएमओ डॉ नवल कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय परिसर से रैली निकालकर किया गया । जनमानस को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन शुक्रवार से पूरे माह किया जाना है जिसका थीम है अपनी आंखो से करें प्यार " – जिसमे आंखो के देख भाल और उससे जुड़े अन्य रोगों का उपचार किया जाएगा । रैली मे डीआरसीएचओ डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, डीएमओ डॉ अजय चौधरी एवं डीएलओ सह नोडल पदाधिकारी एनसीडी कोषांग डॉ तूलिका रानी, समस्त डीपीएमयू टीम, एसटीटी , बीटीटी एवं सहिया दीदी भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। झारखंड सरकार के निर्देशानुसार जिला एवं प्रखंड स्तर पर निम्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है : नेत्र जांच की आवश्यकता एवं महत्व की जागरूकता जिला अस्पताल/उप-जिला अस्पताल जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रचार-प्रसार करना है। नेत्र रोग पर स्थानीय रेडियो और टीवी स्टेशनों के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता पर वार्ता प्रसारित किया जाना है। जिला स्तर पर रैलियों का आयोजन, वॉकथोन, दौड प्रतियोगिता, स्कूलों में स्क्रीनिंग कैंप आयोजित कर जागरूक करना है। जिला, प्रखण्ड एवं स्थानीय स्तर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सअप द्वारा लाभार्थियों को नेत्र रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के बारे में जागरूक किया जाना है। विजन सेंटर पर पूरे अक्टूबर माह दृष्टि दोष की जांच एवं मोतियाबिन्द से ग्रसित मरीज नेत्र जांच / स्क्रीनिंग शिविर आयोजित कर अंधापन के मरीजों को चिन्हित कर जिला अस्पताल में उपचार हेतु भेजना है।

### नमामि गंगे योजना के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** 10 अक्टूबर 2025 को नमामि गंगे योजना अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा विशेष कार्यक्रम का आयोजन रामगढ़ जिले के विभिन्न विद्यालयों में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छ भारत के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में स्वच्छता शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने अपने घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर और आस-पास के इलाकों की साफ-सफाई की। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सभी को पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन और जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

### आत्मविश्वास व कौशल से परिपूर्ण खिलाड़ी लहराएंगे परचम : प्राचार्य




नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा मोड़ के सात बच्चे 13वें राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हो चुके है। उनके साथ कोच अंशु कुमार व प्रभारी हर्ष भी हैं। जो छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले अंतर्गत भिलाई स्थित गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 13वें राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप 2025 में हिस्सा लेंगे। प्रस्थान होने वाले खिलाड़ी में अंडर 14 के लिए कक्षा 7 के आयु कुमार, अंडर 17 में लक्की कुमार, अंशु कुमारी, नेहा टोप्पो और अंडर 19 के लिए रौशन चौबे व मो राजा शामिल हैं।

सभी खिलाड़ियों का हौसलावर्द्धन करते हुए प्राचार्य के कुमार ने शुभकामनाओं के साथ विदा किया। प्राचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर सभी खिलाड़ी आत्म विश्वास ले लबरेज व उत्साहित हैं। पूर्ण विश्वास है कि खिलाड़ियों के कड़ी मेहनत और शिक्षकों का मार्गदर्शन से हमारे खिलाड़ी झारखंड का परचम लगाएंगे। यह प्रतियोगिता 10, 11 और 12 अक्तूबर को आयोजित किया जाना है।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**रामगढ़।** सदर अस्पताल रामगढ़ में शुक्रवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह मना गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन ने विशेष रूप से आमजनो के बीच मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परिचर्चा एवं मानसिक रोग, तनाव, नशा विमुक्ति से संबंधित नुक्कड नाटक के माध्यम से जानकारी उसका उपचार एवं निदान के बारे विस्तृत जानकारी देने को कहा। इस वर्ष विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह का थीम एक्सेस टू सर्विस मेंटल हेल्थ पद काटास्ट्रोफेज एंड इमरजेंसीज है (आपात काल में मानसिक स्वास्थ्य) इसके विषय में जानकारी दी। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह-नोडल पदाधिकारी डॉ० तुलिका रानी द्वारा नियमित व्यायाम एवं ध्यान, संतुलित पौष्टिक आहार, समूचित आराम, अनियमित एवं अनियंत्रित खान-पान, धूम्रपान के विषय में विस्तारित पूर्वक जानकारी दी गई । कार्यक्रम के दौरान सहियाओं के माध्यम से रैली निकाला गया। जिला सदर अस्पताल, रामगढ़ एवं सभी प्रखंडों के (सीएचसी/पीएचसी/यूपीएचसी/यूएचडब्लूसी /एएएम में विश्व मानसिक रोग सप्ताह मनाया जाना है तथा इससे बचाव से संबंधित आईसी के माध्यम से आमजनो के बीच जानकारी दिया जाना है।

### इनरव्हील क्लब रामगढ़ ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब रामगढ़ द्वारा 10 अक्टूबर को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे छावनी परिषद विद्यालय रामगढ की अंतरराज्यीय और राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अंडर 14 और अंडर 17 वर्ग की बालिका खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इनमें से कई बालिका खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जीत दर्ज की है और रामगढ़ जिले का नाम रोशन किया है। मौके पर क्लब द्वारा खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र,बैकपैक बैग एवं कैप्स देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रामगढ़ कैंट बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी के कार्यालय में किया गया। यह कार्यक्रम छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस मौके पर क्लब की अध्यक्षा नमिता श्रॉफ ने बताया कि इस प्रकार के समारोह से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और कोच बसंत नायक का धन्यवाद दिया जिन्होंने खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देकर उन्हें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

## लगातार बारिश से धान की फसल पर संकट के छाये बादल, फसल को भारी नुकसान



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में इस वर्ष सामान्य से अधिक बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। सितंबर के अंतिम सप्ताह से लेकर अक्टूबर के शुरुआती दिनों तक लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण धान की फसल पर गहरा असर पड़ा है। खेतों में जलजमाव की स्थिति बनी रहने से धान के पौधों में रोग लगने लगा है और सबसे बड़ी समस्या यह सामने आई है कि धान की बालियां (गुच्छे) अंदर ही अंदर सफेद पड़ रही हैं। किसानों के अनुसार, यह स्थिति तब होती है जब लंबे समय तक खेतों में पानी भरा रहता है और पौधों को पर्याप्त धूप नहीं मिल पाती।ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश किसान इस समय धान की फसल की कटाई की तैयारी में जुटे रहते हैं, लेकिन इस बार की लगातार बारिश ने सारी योजना बिगाड़ दी। खेतों में पानी भरे रहने से न केवल फसल के सड़ने का खतरा बढ़ गया है, बल्कि कई जगहों पर पौधे गलकर गिर भी गए हैं। धान की बाली सफेद पड़ने से दाने पूरी तरह से नहीं बन पा रहे हैं, जिससे उपज में भारी कमी आने की आशंका है।

बरकट्ठा, कोनहरा कला, सलैया, बेड़ोकला और आसपास के गांवों के किसानों ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष धान की खेती में काफी मेहनत और लागत लगाई थी। समय पर बुआई, खाद, कीटनाशक और सिंचाई पर विशेष ध्यान दिया गया था, लेकिन प्राकृतिक आपदा के कारण अब पूरी फसल चौपट होने की स्थिति में है। किसानों का कहना है कि खेतों में अभी भी पानी भरा हुआ है, अगर आने वाले कुछ दिनों में मौसम साफ नहीं हुआ तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष की नियुक्ति पर बबाल

# हजारीबाग जिलाध्यक्ष की नियुक्ति पर उभरा बबाल हीं निराधार : डॉ निजाम

- पिछले विधानसभा चुनाव में कुछ कांग्रेसियों द्वारा बीजेपी का समर्थन करने के कारण हजारीबाग में कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं चुना गया
- डॉ. अंसारी ने कहा कि पार्टी के फैसलों को स्वीकार करना चाहिए और किसी को नुक्ताचीनी करने के बजाय नए जिलाध्यक्ष के मनोबल को बढ़ाना चाहिए

नवीन मेल संवाददाता



**बरही ।** नव नियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल की नियुक्ति उठे बबाल को कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने आधार और अर्थहीन बताया है। उन्होंने कहा कि श्री पटेल प्रदेश के पूर्व मंत्री और एक अनुभवी नेता हैं। उनके नेतृत्व क्षमता को कम आंकना या उनका विरोध करना कांग्रेस को कुल्हाड़ी मारना और विपक्ष को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि विगत विस चुनाव में कई कांग्रेसियों ने बीजेपी का छिपे रुस्तम की तरह समर्थन किया। जिसका हीं नतीजा है कि हजारीबाग जिले में कांग्रेस का एक भी विधायक निर्वाचित नही हुई। पार्टी में साथ भीतरघात हुआ। ऐसे ही लोग श्री पटेल का विरोध कर रहे हैं जो निंदनीय हैं। आलाकमान के निर्देशो का सम्मान करते हुए सबों को संगठन की मजबूती और विस्तार पर विचार करनी चाहिए। जिलाध्यक्ष की नियुक्ति पूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया के तहत प्रखंडवार रायशुमारी के बाद हुई है। इस पर किसी को नुक्ताचीनी नही बल्कि नई जिलाध्यक्ष के मनोबल को बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वैसे कार्यकर्ता जिन्हें संगठन के निर्णय पसंद नहीं है और पार्टी में रहकर पार्टी विरोधी काम कर रहे है, पार्टी उसे शीघ्र हीं बाहर का रास्ता दिखायेगी। बेहतर होगा कि वह स्वयं पार्टी छोड़ कर अन्यत्र चले जाएं। डॉ अंसारी ने कहा कि श्री पटेल एक समर्पित व लोकप्रिय नेता हैं। पूरे जिले में उनकी एक स्वच्छ छवि है। जो कांग्रेस के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पार्टी विस्तार और मजबूती को लेकर भारत जोड़ों न्याय यात्रा, तिरंग यात्रा आदि के माध्यम से आम जनों को जोड़ने के काम कर रहे हैं जबकि हजारीबाग के कुछ लोग स्वार्थ पूर्ति के लिए एक साजिश के कांग्रेस पार्टी को तोड़ने का काम कर रहे है। उन्होंने श्री पटेल में विश्वास जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हजारीबाग में कांग्रेस एक बार फिर से विजय का परचम लहराएगा।

## छठ की तैयारी को लेकर शंख नदी छठ सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने किया घाट का निरीक्षण

# श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने का उपायुक्त से किया अनुरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शंख नदी छठ सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने आगामी छठ महापर्व की तैयारी के मद्देनज़र शंख नदी छठ घाट का निरीक्षण किया। पदाधिकारियों ने घाट एवं पथ के चल रहे निर्माण कार्य तथा पार्किंग स्थल का अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान आर.ई.ओ. विभाग के कनीय अभियंता विपिन किंडो ने बताया कि पथ निर्माण कार्य पिछले चार माह से रुका हुआ है। लगभग एक किलोमीटर सड़क पर ग्रेड-1 और ग्रेड-2 का कार्य पूरा हो चुका है, परंतु भारी वर्षा के कारण कई स्थानों पर मेटल दब गया है। उन्होंने कहा कि सड़क का समतलीकरण कार्य



अगले दो-चार दिनों में शुरू कर दिया जाएगा। वहीं, लगभग एक किलोमीटर पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन वर्षा से हुए कटाव की मरम्मत भी शीघ्र की जाएगी।घाट परिसर में भी बारिश के कारण कई जगहों पर मिट्टी का उठाव हुआ है, जिसका समतलीकरण शीघ्र कराया जाएगा। संस्था ने कहा कि फरवरी 2025 में विशेष प्रमंडल द्वारा निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया था, परंतु कुछ कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो पाए हैं, जो चिंता का विषय है।संस्थान ने उपायुक्त महोदया से अनुरोध किया है कि समय पर आवश्यक कार्रवाई कर श्रद्धालुओं के आवागमन में सुविधा सुनिश्चित की जाए।निरीक्षण दल में विष्णु प्रसाद, फनी भूषण शाहा, प्रदीप केसरी, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, विनोद अग्रवाल, लाल शाह, राकेश सिंह, दीपक अग्रवाल, श्रद्धानंद बेसरा, अक्षय कुमार एवं अजय प्रसाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## इंद मेला का आयोजन, आदिवासी संस्कृति की दिखी झलक

# नृत्य मंडलियां मांदर की थाप पर झूमती और नाचती रहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ स्थित ईंद टांड़ मैदान में प्रसिद्ध ऐतिहासिक इंदी परब का आयोजन किया गया। ईंदी परब महाराजा मदरा मुंडा के पुत्र मनीमुकुट राय के राज्याभिषेक की स्मृति में मनाया गया। इस अवसर पर गुरुवार रात्रि को ईंदी छत्र गाड़ा गया। विभिन्न गांवों से आए पड़हा राजा और पाहनों के द्वारा ईंदी छत्र का पारंपरिक और विधिवत तरीके से पूजा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 22 पड़हा महाराजा सनिका मुंडा और विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रावेल लकड़ा, झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना व अन्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया, लचरागढ़ मुखिया जिरेन मड़की और पंचायत समिति सदस्य फुलकेरिया डांग, झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना, केंद्रीय समिति सदस्य नोवास केरकेट्टा, फिरोज अली, क्रीड़ा मोर्चा अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे सहित कांग्रेस और झामुमो के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।कॉम्पाट मुंडा 22 पड़हा महाराजा सनिका लुगुन और अन्य पड़हा राजा और पाहनों की अगुवाई में पूजा संपन्न किया गया। विभिन्न गांवों से आए नृत्य मंडलियों के द्वारा पारंपरिक ढोल नगाड़े और मांदर की थाप पर झूमते, नाचते, गाते, थिरकते हुए ईंदी छत्र को ईंद टांड़ मैदान लाया गया और विधि-विधान पूर्वक ईंदी छत्र को गाड़ा गया। इसके बाद शुक्रवार सुबह ईंदी परब का आयोजन किया गया, जहां आसपास और विभिन्न गांवों से आए लोगों ने शिरकत किया। राटा-नाच, जदुरा नाच विभिन्न नृत्य मंडलियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया, जहां आदिवासी संस्कृति की झलक दिखाई दी। आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता प्रस्तुत किया गया, जहां विभिन्न गांवों से आए नृत्य मंडलियों को सम्मानित



और पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया, 15 सूत्रीय कार्यक्रम जिला सदस्य क्लेमेंट टेटे, लचरागढ़ मुखिया जिरेन मड़की, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव फुलकेरिया डांग, कांग्रेस महिला प्रखंड अध्यक्ष महिमा केरकेट्टा, अंतोनी बघवार, कांग्रेस लचरागढ़ पंचायत अध्यक्ष अल्बिनुस लुगुन, संजय पॉल केरकेट्टा, कांग्रेस पूर्वी मंडल अध्यक्ष जोसेफ सोरेंग, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी, पंकज लुगुन, निलय प्रेम तिर्की, रेशमा डांग, नरेंद्र लुगुन, अजित सुरिन, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य नोवास केरकेट्टा, फिरोज अली, जुसफ लुगुन, प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे, क्रीड़ा मोर्चा अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, जिला उपाध्यक्ष रितेश बड़ाइक, जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष साबिर अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष एल्विन समद, महेश दास, सचिव बिरीस डुंगडुंग, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अनिता सोरेंग, झामुमो सक्रिय सदस्य अजय सिंह, सुनिल सिंह, विजय बघवार, जॉर्ज कंडुलना, लचरागढ़ के पाहन नरेंद्र लुगुन, महतो जेवियर होवो, पुजार लियोनार्डो लुगुन, ग्रेगोरी समद सहित झामुमो, कांग्रेस और ईंदी परब समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाराजा सनिका मुंडा ने कहा कि ईंदी परब हमारी धरोहर है, हमें सहेज कर रखने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रावेल लकड़ा ने सर्वप्रथम सभी को ईंदी परब की शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी की अनुपस्थिति में उनके द्वारा दिए गए बधाई और शुभकामना संदेश को सबको सुनाते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी परंपरा गांव में बसती है और हमारे पूर्वजों की देन है कि इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। यह मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं बल्कि हमारी परंपराओं, विश्वासों एवं समृद्ध संस्कृति का एक हिस्सा है, जो विविधता में एकता का अमिट संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ईंदी परब, परंपरा और संस्कृति हमारी माटी से जुड़ी है। हम सब एक साथ मिलजुलकर यह परब मनाते हैं और खुशियां साझा करते हैं। ऐसे आयोजन करने से हमारी कला, संस्कृति और परंपरा को बचाने में मदद मिलती है।विशिष्ट अतिथि झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि लचरागढ़ में ईंदी परब सदियों पुरानी परंपरा है। ईंदी मेला में झारखंड संस्कृति की झलक दिखाई देती है। इसे बचाने के लिए सबको सहयोग करने की आवश्यकता है। वर्षों से परंपरागत ईंदी मेला का आयोजन लचरागढ़ में होता आ रहा है। सभी लोग मिलजुलकर प्रेमभाव से मेला का आनंद लें, आपसी सौहार्द और प्रेम की भावना बनाए रखें।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला आयोजित

# मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता व समय पर इलाज पर दिया गया जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** स्वास्थ्य विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्वावधान में सदर अस्पताल में शुक्रवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ.सुंदर मोहन समाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। बताया गया कि हर वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है,जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना,मानसिक रोगों को लेकर समाज में फैले कलंक को दूर करना तथा ऐसे तंत्र को बढ़ावा देना है जो मानसिक कल्याण सुनिश्चित करे। इस वर्ष की थीम सेवाओं तक पहुँच,आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य रखी गई है। यह विषय खास तौर पर वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए रखा गया है,जिसमें युद्ध,महामारी,प्राकृतिक आपदाओं और मानवीय संकट जैसी परिस्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य की जरूरतें अक्सर उपेक्षित रह जाती हैं। डॉ.समाद ने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में हर छठा व्यक्ति किसी न किसी मानसिक बीमारी से प्रभावित है। शिक्षा से लेकर रोजगार तक हर क्षेत्र में बढ़ते दबाव के कारण लोगों में डिप्रेशन,चिंता और अन्य मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि मन और शरीर दोनों का स्वस्थ होना आवश्यक है और इसके लिए जीवन की चुनौतियों को संयम और समझदारी से सुलझाना जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि परिवार या समाज में कोई व्यक्ति डिप्रेशन में दिखाई दे,तो उसके साथ बातचीत कर उसकी समस्याओं को समझें और जरूरत पड़ने पर मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से इलाज करवाएं। समय पर पहचान और इलाज से मानसिक रोगों पर नियंत्रण संभव है। मौके पर बताया गया कि इस वर्ष का थीम आपदा के एवं आपात सेवाओं के दौरान होने वाले मेंटल स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता। इस अवसर पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. आनंद खाखा,डॉ.सिलवंत एक्का,क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट सन्तु बड़ाईक अस्पताल प्रबंधक अलका कुल्लू,पीएलवी दीपक कुमार,पुरूषोत्तम दास,अजित केरकेट्टा,पुनीता कुमारी अनुग्रह शैफाली शर्मिला बड़ाईक सहित कई स्वास्थ्यकर्मी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।इसके अलावा विभिन्न लीगल एड क्लिनिक में भी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत युवाओं को नशे से दूर रखने का संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत शुक्रवार को सिमडेगा समाहरणालय परिसर से तंबाकू मुक्त जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र कुमार तथा सिविल सर्जन डॉ. सुंदर मोहन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया।स्वास्थ्य विभाग सिमडेगा द्वारा संचालित यह अभियान युवाओं को तंबाकू और मादक पदार्थों की लत से दूर रखकर स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। यह अभियान 7 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले भर में जन-जागरूकता कार्यक्रम, नशा मुक्ति शपथ और संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे।जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में भ्रमण करते हुए लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव, स्वास्थ्य जोखिम तथा नशा मुक्ति से जुड़े कानूनों की जानकारी देगा।रथ रवाना होने के बाद सदर अस्पताल सभागार में नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई और हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों से इस सामाजिक आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर राहुल कुमार संदीप गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कोलेबिरा में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की बैठक संपन्न

# कांग्रेस ने चुनावी जागरूकता अभियान शुरू किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान को लेकर कोलेबिरा प्रखंड के पूर्वी और पश्चिमी दोनों मंडलों में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा, प्रखंड पर्यवेक्षक जमीर खान, पूर्वी मंडल अध्यक्ष जोसेफ सोरेंग और पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी उपस्थित थे।बैठक में अभियान को लेकर पंचायत स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए गए तथा पदाधिकारियों को सक्रिय रूप से इस कार्यक्रम में जुड़ने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि यह हस्ताक्षर अभियान पंचायत से लेकर बूथ कमेटी स्तर तक चलाया जाएगा।प्रखंड पर्यवेक्षक जमीर खान ने कहा कि "वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने जनजागरण का एक व्यापक आंदोलन शुरू किया है, जो जनता के अधिकार और लोकतंत्र की रक्षा के लिए समर्पित है। यह हस्ताक्षर अभियान जनता की आवाज़ है। लोकतंत्र को बचाने और जनता के हक की लड़ाई को सड़क से संसद तक पहुंचाया जाएगा।"अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि "आज चुनाव आयोग की कार्यशैली भाजपा की सहयोगी संस्था के रूप में दिखाई दे रही है। आयोग का रवैया निष्पक्ष नहीं रहा और भाजपा प्रायोजित षड्यंत्रों को अमल में लाया जा रहा है।



### वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की बैठक संपन्न

**बांसजोर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान के तहत बांसजोर प्रखंड में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बर्थोलोमी तिर्की ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड पर्यवेक्षक मोहम्मद कारू उपस्थित थे।बैठक में प्रखंड स्तर पर अभियान की रूपरेखा तय की गई तथा सभी पंचायतों में प्रभारी नियुक्त किए गए। तरगा पंचायत में हिलारुस समद, उतरे में जुलीयन बारला, बांसजोर में शंकर बड़ाइक और कॉम्बाकेरा में सामूएल कांडुलना को प्रभारी बनाया गया। अभियान को पंचायत से लेकर बूथ कमेटी स्तर तक चलाने का निर्णय लिया गया।प्रखंड पर्यवेक्षक मोहम्मद कारू ने कहा कि केंद्र सरकार ने लोकतंत्र की मूल भावना को आहत किया है और जनता के वोट की मर्यादा को ठेस पहुंचाई है।

## सेनेटरी पैड बैंक

## लीड्स संस्था की पहल खरवागढ़ा स्कूल में छात्राओं के लिए खुला "सेनेटरी पैड बैंक

# आर्थिक रूप से कमजोर लड़कियों को नि:शुल्क पैड वितरण

- **बच्चियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रति जागरुक बनाने की पहल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** वोट बैंक से लेकर फूड बैंक की चर्चा लोग आमतौर पर करते हैं मगर सिमडेगा जिला अंतर्गत जलडेगा प्रखंड में चर्चा हो रही है "सेनेटरी पैड बैंक" की जो लीड्स (लाइफ एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सपोर्ट) संस्था द्वारा राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरवागढ़ा में बनाया गया है। जिन लड़कियों के लिए कल तक पढ़ाई और सफाई



एक सपने जैसा था, वे आज शिक्षा के साथ न केवल अपनी बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी लीड्स संस्था के सहयोग से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रही है। लीड्स संस्था ने खरवागढ़ा स्कूल की बेटियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का जिम्मा उठाया है। इसके लिए संस्था ने स्कूल में "सेनेटरी पैड बैंक" बनाया है, जिसमें सेनेटरी पैड जमा किए जाते हैं। शुरुआत में संस्था द्वारा विद्यालय को 150 से भी अधिक सेनेटरी पैड उपलब्ध कराया गया था। स्कूल के प्रधानाध्यापक भरत महतो ने बताया कि सेनेटरी पैड को आर्थिक रूप से कमजोर लड़कियों को नि:शुल्क दिया जाता है। जबकि कुछ छात्राओं द्वारा सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करने के बाद बैंक में पुनः नया सेनेटरी पैड जमा करने की व्यवस्था बनाई गई है।राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरवागढ़ा में पढ़ने वाली छात्राओं का यह 'पैड बैंक' उन्हें कई तरह के रोग से मुक्त कर रहा है। यहां पढ़ने वाली बच्चियां खुद पैड इस्तेमाल करने के साथ महिलाओं को भी इससे जोड़ रही हैं। कुछ माह पहले तक यह इसका महत्व भी नहीं जानती थीं। अब खुद भी उपयोग कर रही हैं।राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरवागढ़ा के प्रधानाध्यापक भरत महतो बताते हैं कि लीड्स संस्था द्वारा उनके स्कूल को मॉडल स्कूल बनाया गया है। संस्था ने स्कूल में बाला पेंटिंग करने के साथ - साथ बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थित के लिए स्मार्ट क्लास रूम की व्यवस्था भी किया है जहां टीवी के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया जाता है। यही नहीं संस्था ने स्कूल में पैड बैंक और भस्मक का भी निर्माण करवाया है। करीब सात महीने पहले शुरूआत की गई पैड बैंक से अबतक 100 से अधिक छात्राओं को पैड बांटा जा चुका है। खास यह कि पैड देने से पहले बेटियों का पैड अकाउंट खोला जाता है, जिससे रिकार्ड बनाया जा सके। इस बैंक से पैड लेने के लिए छात्राएं अब चुप्पी तोड़ खुलकर बात करती हैं बेटियां सेनेटरी पैड बैंक की कमान संभाल रही है। बच्चियों को पैड मांगने में कोई हिचकिचाहट न हो इसके लिए स्कूल की महिला शिक्षिका सुशील केरकेट्टा को नोडल बनाया गया है। स्कूल की बच्चियां बताती हैं कि पहले हम अपनी माताओं की तरह कपड़ा ही इस्तेमाल करते थे।

# न्यूज बॉक्स

### एलिस शैक्षणिक संस्थान बानो में आइसेक्ट विश्वविद्यालय का निरीक्षण

**बानो।** प्रखंड स्थित एलिस शैक्षणिक संस्थान में आइसेक्ट विश्वविद्यालय के रीजनल मैनेजर अनिल महतो एवं एग्जीक्यूटिव क्षेत्रीय मैनेजर तौहीद आलम ने निरीक्षण किया।इस अवसर पर संस्थान में तौहीद आलम ने आइसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के सभी कोर्स के बारे में जानकारी दी और नामांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के माध्यम से यूजी, पीजी कोर्स, एमबीए, टेक्निकल एवं स्किल डेवलपमेंट कोर्स में रेगुलर मोड और ऑनलाइन मोड दोनों में नामांकन लिया जा सकता है।उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय में कम और आसान किस्तों में नामांकन शुल्क जमा करने की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही छात्रवृत्ति की सुविधा भी दी जाती है।इस अवसर पर संस्थान के निदेशक बिमल कुमार, उप सचिव दीपिका कुमारी तथा काउंसलर सुष्मिता सिंह उपस्थित थीं।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता शिविर का आयोजन

**बानो।** झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. मनोरंजन कुमार उपस्थित थे।डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि मानसिक रूप से पीड़ित लोगों के लिए सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। ऐसे व्यक्तियों के लिए सरकार द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ताकि वे समय पर उपचार प्राप्त कर सकें।पीएलवी अशोक तिवारी ने मानसिक रोगियों के अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को मानव तस्करी, बाल विवाह, महिला उत्पीड़न जैसी सामाजिक समस्याओं के संबंध में भी जागरूक किया। साथ ही उन्होंने नालसा द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 15100 तथा क्यूआर कोड के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया की जानकारी भी साझा की।इस अवसर पर हिमांशु कुमार, नर्सिंग की छात्राएं तथा स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और विधिक अधिकारों की जानकारी देने का संदेश दिया गया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा के छात्रों की ऐतिहासिक उपलब्धि

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा, जो श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड द्वारा संचालित एवं वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड से संबद्ध है, ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कला उत्सव 2025 में विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों ने दृश्य कला श्रेणी में संपूर्ण झारखंड राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया।इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में आयोजित समारोह में प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने विजेता छात्रों चंद्रमा सिंह और करण कुमार साहू को सम्मानित किया।ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा रातू स्थित झारखंड शैक्षणिक एवं अनुसंधान परिषद में आयोजित की गई थी, जिसमें जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया था।प्रधानाचार्य श्री पाठक ने कहा यह उपलब्धि न केवल विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि संपूर्ण सिमडेगा जिले के लिए गौरव का क्षण है। हमारे छात्र दृश्य कला के माध्यम से अपनी प्रतिभा और संस्कारों का परिचय दे रहे हैं।समारोह के दौरान विद्यालय के सभी आचार्य, छात्र-छात्राएं एवं कार्यकर्ताओं ने विजेताओं का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।

### जोसीमा खाखा बनी महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला महिला कांग्रेस की नई जिला अध्यक्ष के रूप में पाकरटांड की जिला परिषद सदस्य एवं सिमडेगा विधायक की पत्नी जोसीमा खाखा को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर जोसीमा खाखा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा और जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उस पर वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस को सशक्त बनाना, महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता देना और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वह लगातार कार्य करती रहेंगी।

### कोलेबिरा में घंटों ठप रहा जिओ नेटवर्क कॉल और ऑनलाइन सेवाएं बाधित


**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को जिओ नेटवर्क कई घंटों तक ठप रहने से जनजीवन प्रभावित रहा। कॉलिंग से लेकर इंटरनेट आधारित कार्य पूरी तरह बाधित रहे। इससे छात्रों, व्यवसायियों, बैंक उपभोक्ताओं तथा ऑनलाइन सेवाओं से जुड़े लोगों को भारी असुविधा हुई।नेटवर्क ठप रहने के कारण ऑनलाइन क्लास, डिजिटल भुगतान, ई-गवर्नेंस कार्य और सोशल मीडिया गतिविधियां पूरी तरह थम गईं। लोगों ने बताया कि बीते कुछ महीनों से नेटवर्क की यह समस्या बार-बार सामने आ रही है, लेकिन कंपनी की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है।स्थानीय नागरिकों ने कहा कि "डिजिटल इंडिया के इस दौर में नेटवर्क का ठप रहना बेहद निराशाजनक है। सरकार और कंपनी दोनों को उपभोक्ताओं की समस्या पर गंभीरता से कदम उठाना चाहिए।ग्राहकों ने यह भी सवाल उठाया कि क्या बार-बार सेवा बाधित होने पर कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी, या फिर जियो भी सरकारी सेवाओं की तरह सुस्त व्यवस्था बनकर रह जाएगी।

### दीपावली को लेकर फर्नीचर बाजार में आई रौनक, मॉड्यूलर फर्नीचर की बढ़ी मांग

**सिमडेगा।** दीपावली का पर्व नजदीक आते ही सिमडेगा का फर्नीचर बाजार इन दिनों खूब चमक उठा है। लोग अपने घरों को सजाने और नया फर्नीचर खरीदने में जुट गए हैं। दुकानों और शोरूमों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। पारंपरिक वुडन फर्नीचर के साथ-साथ इस बार मॉड्यूलर फर्नीचर की मांग में जबरदस्त इजाफा देखा जा रहा है।शोरूम संचालकों का कहना है कि ग्राहक अब आधुनिक डिजाइन और सुविधा दोनों चाहते हैं। इसी कारण कस्टमाइज्ड फर्नीचर का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। लोग अपनी पसंद के रंग, आकार और डिजाइन के अनुसार सोफा, बेड, अलमारी और टेबल बनवा रहे हैं।फर्नीचर कारोबारियों के अनुसार, इस बार की बिक्री पिछले साल की तुलना में करीब 20 प्रतिशत तक बढ़ी है। उनका कहना है कि लोग अब तैयार फर्नीचर से ज्यादा अपनी जरूरत और जगह के अनुसार फर्नीचर बनवाना पसंद कर रहे हैं।वहीं ग्राहकों का कहना है कि दीपावली पर घर की सजावट अधूरी लगती है अगर नया फर्नीचर न लिया जाए। इसी कारण लोग अपने घरों को नए अंदाज में सजाने के लिए फर्नीचर की खरीदारी में जुटे हैं।

### हिलव्यू की शिक्षिका हुई सम्मानित, मिला प्रसिद्ध मंजू गार्गी सम्मान

**सिमडेगा।** हिलव्यू स्कूल की शिक्षिका पूजा दत्ता को प्रसिद्ध मंजू गार्गी सम्मान द्वारा सम्मानित किया गया। रांची के टेंडर हार्ट विद्यालय में आयोजित राज्य स्तर सम्मान समारोह में झारखण्ड बिहार और ओडिसा के कई शिक्षक सम्मिलित एवं सम्मानित हुए। बतौर मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ और तारक मेहता फेम एवं भारतीय कलाकार शैलेश लोढ़ा भी सम्मिलित रहें।



इस समारोह में 20 राज्यों से कई शिक्षकगण ससम्मान सम्मिलित हुए। इस समारोह के आयोजन की शुरुआत बहुत ही सुंदर स्वागत गीत से हुई जिसके बाद सम्मानित अतिथियों तथा प्रेरक वक्ताओं ने प्रेरणादायक भाषण से सबका मनोबल बढ़ाया। नृत्य तथा संगीत की ध्वनियों से सारा सभागार गूंज उठा। हमारे सिनेमा जगत के प्रख्यात कलाकार शैलेश लोढ़ा जी ने अपने भाषण के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक वर्ग एक ऐसा वर्ग है जो हमारे समाज में सबसे शीर्षस्थ स्थान रखतें हैं।अंत में रात्रि भोजन के उपरांत इस समारोह का समापन हुआ।यह पूरे हिलव्यू सिमडेगा विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय रहा।

## छठ महापर्व में छठ वर्तियों की सुविधा का ख्याल रखा जाए: नीरज मंडल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** छठ महापर्व से पूर्व छावनी परिषद अंतर्गत सभी छठ घाट की साफ सफाई छावनी परिषद रामगढ़ के छावनी अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश के निर्देश पर सफाई इंस्पेक्टर नितिन ठाकुर की निगरानी में हो रही है। उक्त बातें 7 अक्टूबर को आजसू पार्टी के रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल ने कही । उन्होंने इसके लिए छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश और सहयोगी सभी सफाई कर्मियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी लोग जिस तरह से प्रत्येक दिन हर एक गली मोहल्ला में साफ सफाई करते हैं वह प्रशंसनीय है। नगर सचिव ने उनसे आग्रह किया कि छठ महापर्व से पूर्व सभी छठ घाटों विशेष करके दामोदर नदी, बिजुलिया तालाब, हरहरी नदी छठ घाट जहां छठ वर्तियों के साथ-श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। वहां नियमित रूप से साफ सफाई और आने जाने वाली मार्ग में लाइट लगवाई जाए । खराब लाइट को दुरूस्त किया जाए ताकि किसी भी तरह की कोई समस्या का सामना छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को नही करना पड़े। मौके पर आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल, छावनी परिषद रामगढ़ के सफाई इंस्पेक्टर नितिन ठाकुर के मौजूदगी में सफाई कर्मियों के सुपर वाइजर नव रंजन राम, लाल बाबू राम, भोला राम, गुलचंद राम, बिट्टू राम, भरत राम, भीमा राम, जीनू राम, प्रदीप राम, सिकंदर राम, राजा कुमार, नीरज राम, रंजीत राम, अजय राम आदि उपस्थित थे।

### केतार पीएचसी परिसर में गुपचुप तरीके से शुरू हुआ निर्माण, झामुमो ने कहा-

# जनता और जनप्रतिनिधियों को अंधेरे में रखकर हो रहा है खेल

- बिना शिलान्यास शुरू हुआ 50 लाख का भवन निर्माण, झामुमो का बवाल- काम रुकवाया, विभाग पर मिलीभगत का आरोप



**केतार (गढ़वा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने शुक्रवार को केतार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बन रहे 50 लाख रुपए के ब्लॉक प्राइमरी हेल्थ यूनिट भवन का निर्माण कार्य बिना शिलान्यास और सूचना बोर्ड के शुरू होने पर जमकर विरोध किया।

गुस्साए झामुमो कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य को तुरंत बंद करा दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव के शिलान्यास के बाद ही काम शुरू होगा, वरना पूरे मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी।

झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संवेदक और भवन निर्माण विभाग की मिलीभगत से यह काम गुपचुप तरीके से शुरू कराया गया है। न तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी गई, न ही किसी स्तर पर पारदर्शिता रखी गई। उन्होंने बताया कि कनीय अभियंता की अनुपस्थिति में निर्माण कार्य चल रहा था और शुरुआती चरण से ही मानक के विपरीत सामग्री का उपयोग हो रहा है।

लालेश्वर राम ने चेतावनी दी कि यदि घटिया निर्माण हुआ तो झामुमो आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि जनता के पैसों से बन रहे भवन में घोटाला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहले शिलान्यास, फिर निर्माण।

वहीं प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकारी योजनाओं और निर्माण कार्यों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता अनिवार्य है ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।

उधर, करीब 4.5 लाख रुपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का रंग-रोगन और मरम्मत कार्य भी विवादों में आ गया है। झामुमो नेताओं का आरोप है कि संवेदक ने घटिया पेंटिंग कराई है, जिससे दीवारों में दरारें साफ नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि यह स्वास्थ्य केंद्र छह साल पहले बना था, लेकिन अब तक उद्घाटन नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों ने भी विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

इस दौरान मौके पर सूर्य नाथ सिंह, सुरेश प्रसाद, कामेश्वर सिंह, इम्तियाज अंसारी, श्रीराम सिंह, मदन पटेल, गोपाल विश्वकर्मा और अखिलेश प्रसाद समेत कई झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### उप विकास आयुक्त ने किया गोला प्रखंड का दौरा

## विकास कार्यों का लिया जायजा दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** जिले के उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने बुधवार को गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान विकास कार्यों का जायजा लिया। दौरे के क्रम में उप विकास आयुक्त ने झारखंड सरकार द्वारा संचालित आईटीआई गोला में आयोजित कार्यशाला में हिस्सा लिया। मौके पर उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए आईटीआई कॉलेज का पूरा लाभ लेने की सभी से अपील की। साथ ही उन्होंने कई महत्वपूर्ण जानकारियां सभी के साथ साझा की। कार्यशाला के दौरान उप विकास आयुक्त ने अभ्यर्थियों के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने आईटीआई गोला परिसर में वृक्षारोपण भी किया। आईटीआई गोला के उपरांत उप विकास आयुक्त ने हारुबेड़ा क्षेत्र में डीएमएफटी मद से निर्मित सड़क का निरीक्षण कर सड़क की गुणवत्ता आदि का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। दौरे के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा हारुबेड़ा क्षेत्र में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित मशरूम उत्पादन, वर्मी कंपोस्ट, गेंदा फूल उत्पादन कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को उक्त कार्यों में शामिल करते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

उप विकास आयुक्त द्वारा हारुबेड़ा क्षेत्र में मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बागवानी योजना, कूप निर्माण, आवास योजना का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया एवं ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित कर लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए आवास योजना का कार्य ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। दौरे के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला का निरीक्षण कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। मौके पर उन्होंने केंद्र के माध्यम से आम जनों को उपलब्ध कराए जा रहे सुविधाओं की जानकारी ली।

## उपायुक्त के निर्देश पर विभिन्न खदानों, कारखानों में हुआ सीपीआर एवं फर्स्ट एड उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत 2 लाख लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। इसे लेकर पूर्व में जिला स्तर पर सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण देकर 3229 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। उपायुक्त के निर्देश पर 29 सितंबर 2025 तक जिले में 1 लाख 30 हज़ार लोगों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसी क्रम में शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत वेंकटेश आयरन एंड एलॉयज इंडिया लिमिटेड कारखाना सहित अन्य कारखानों में सीपीआर एवं फर्स्ट एड उपचार संबंधित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मौके पर कर्मियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपयोग को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें प्रैक्टिकल कराकर भी आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों जैसे कार्डियक अरेस्ट, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। गौरतलब होकि अभियान मोड में जिले के विद्यालयों, कारखानों, खदानों आदि में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## 13 अक्टूबर को सरकारी आईटीआई कॉलेज परिसर में आयोजित होगा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला का आयोजन दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को सरकारी आईटीआई कॉलेज, पाकुड़ परिसर में किया जाएगा। यह मेला निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखंड रांची के आलोक में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन एमएसडीई भारत सरकार एवं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में किया जा रहा है, ताकि "प्रशिक्षु अधिनियम 1961" के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रतिष्ठानों, उपक्रमों, छात्रों एवं प्रशिक्षणार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। इस मेले में एमएसडीई, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, सर्विस सेक्टर सहित विभिन्न प्रतिष्ठान जैसे होटल, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल, हॉस्पिटल, कोचिंग सेंटर, ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर, बैंक आदि — भाग लेंगे। मेले में तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, शॉर्ट टर्म स्किल कोर्स) तथा गैर-तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक तक) का पंजीकरण www.apprenticeshipindia.gov.in पोर्टल पर कराया जाएगा, जिसके उपरांत प्रतिष्ठान अपनी आवश्यकता अनुसार अप्रेंटिसों का चयन करेंगे।

## गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स ने नगर परिषद से छठ तालाबों की सुरक्षा और साफ-सफाई के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की

**गुमला।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने नगर परिषद के प्रशासक से अनुरोध किया है कि आगामी छठ महापर्व के मद्देनज़र शहर के सभी तालाबों का निरीक्षण कर उन्हें सुरक्षित बनाया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि तालाबों में वर्तमान में जलस्तर अत्यधिक है, जिससे व्रतियों और बच्चों के लिए संभावित दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। राजेश सिंह ने बताया कि "पिछले महीने मुरली बगीचा तालाब में एक दुर्घटना हो चुकी है।" इसी कारण उन्होंने नगर परिषद से आग्रह किया कि तालाबों का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार मोटर से पानी घटाया जाए और साथ ही तालाबों की सफाई सुनिश्चित की जाए।

### कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आज प्रखंड के कांग्रेसियों से करेंगे औपचारिक मुलाकात

## संगठन विस्तार व मजबूती को लेकर होगी चर्चा, होगा गिला शिकवा दूर : पटेल

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही ।** कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल आज शनिवार को बरही प्रखंड के कांग्रेसियों से औपचारिक मुलाकात करेंगे. इस दौरान पार्टी की मजबूती और संगठन पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। उक्त जानकारी नव नियुक्त जिलाध्यक्ष श्री पटेल ने दूरभाष पर दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान कार्यकर्ताओं के बीच उभरे मन मुटाव या गिला शिकवा दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के द्वारा पार्टी की मजबूती के लिए कई कार्यक्रम है चलाए जा रहे है। इन सभी मुद्दों पर कार्यकर्ताओं के बीच जानकारियां दी जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि आलाकमान के निर्देशानुसार कांग्रेस के कार्यक्रमों को शीघ्र हीं हजारीबाग जिले में धरातल पर लाने के लिए कदम उठाए जाएंगे. इसके लिए सबों की सहभागिता और विश्वास आवश्यक है. उन्होंने प्रखंड के सभी साथियों से उपस्थिति की अपील किया है। जानकारी के अनुसार संगठन सृजन अभियान के तहत चयनित कार्यकर्ताओं के बीच नव नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे. जिलाध्यक्ष का बरही चौक पर स्थानीय कार्यकर्ताओं व पार्टी पदाधिकारियों द्वारा स्वागत भी किया जायेगा।

## आयुष विभाग द्वारा जांच शिविर में 162 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकुड़।** आयुष विभाग, पाकुड़ की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयुष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 162 लाभुकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। यह शिविर पाकुड़िया प्रखंड के चौकीसाल, अमड़ापाड़ा प्रखंड के अमड़ापाड़ा, राशिटोला, राशिटोला 01 पाकुड़ प्रखंड के झिकरहटी एवं लिट्टीपाड़ा प्रखंड के हेटबंधा आयोजित किया गया।
शिविर में उपस्थित चिकित्सकों डॉ बीरेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. मिथलेश सिंह, डॉ. अमरेश कुमार, डॉ. सौरव विश्वास एवं डॉ प्रेम प्रकाश ने बताया कि जांच शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ एवं गठिया रोग, बच्चों से संबंधित रोगों आदि का निःशुल्क परीक्षण किया गया।



साथ ही लाभुकों को मुफ्त दवा भी उपलब्ध कराई गई।

## तितहवा घाट के बराकर पुल का अर्द्ध निर्मित पहुंच पथ बना जानलेवा अब तक कई हो चुके हैं घायल




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** कोल्हुआकला पंचायत के करगईओ स्थित तितहवा घाट के बराकर नदी पर बने पुल तक जाने के लिए अर्द्ध निर्मित पहुंच पथ इन दिनों जानलेवा साबित हो रहा है। पहुंच पथ का करीब 320 मीटर हिसा पूरी तरह कीचड़मय हो चुका है। जहां पैदल चलना भी दुभर है। ग्रामीणों की माने तो इस मार्ग पर जाने वाले कई बाईक सवार अब तक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। जो लगभग हर दिन का रूटीन सा हो चुका है।ज्ञात हो कि पौने छः करोड़ की लागत से बनने वाले इस पुल का कार्य इसी वर्ष फरवरी 2025 में पूर्ण हुआ है। परंतु यह मात्र 300 मीटर अर्धनिर्मित पहुंच पथ के कारण पुल का पूरा मार्ग बेकार साबित हो रहा है। ज्ञात हो कि ग्रामीणों के विशेष अनुरोध पर तत्कालीन विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने डीएमएफटी कोष से इस पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया था। जिसका शिलान्यास 20 फरवरी 2023 को तत्कालीन विधायक ने हीं किया था। एस्टीमेट के अनुसार पुल के दोनो ओर 200 मीटर का पहुंच पथ बनाया जाना था। परंतु ग्रामीणों के विरोध के कारण कंस्ट्रक्शन कंपनी ने कोल्हुआकला की ओर 180 और तमाय की ओर 150 मीटर हीं पहुंच पथ बनाया। जबकि कोल्हुआकला मोड़ से पुल तक की दूरी 500 मीटर है। वारिस के कारण शेष 320 मीटर पहुंच पथ पूरी तरह कीचड़ मय हो चुका है। जिसके कारण पुल से गुजरना युद्ध क्षेत्र से निकलने के बराबर हो चुका है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अर्द्ध निर्मित पहुंच पथ के कारण पौने छः करोड़ की लागत से बना यह पुल उदेश्यहीन हो रहा है। लोगों ने स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए पहुंच पथ निर्माण की मांग किया है।

# न्यूज बॉक्स

## कांग्रेस एससी सेल प्रखंड अध्यक्ष ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का किया स्वागत




**बरही।** बीते दिन कांग्रेस एससी सेल के प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक पासवान ने हजारीबाग जिला के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से मुलाकात कर उन्हे बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। श्री पासवान ने बताया कि जिलाध्यक्ष के साथ यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अपनी पूरी जिम्मेवारी निभाते हुए पार्टी को और अधिक सशक्त बनाते हुए विस्तारित करेंगे. वह एक अनुभवी और झारखंड के कद्दावर नेता में से एक हैं. उनके अनुभवों का पार्टी को विशेष लाभ मिलेगा. इस दौरान उनके साथ एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुकेश पासवान भी मौजूद थे।

## रामगढ़ की छात्रा ने राज्य स्तरीय शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में मचाई धूम किया गया सम्मानित

**रामगढ़।** 6 अक्टूबर 2025 को रांची धुर्वा में झारखंड सरकार द्वारा 'विकसित भारत' 'अभियान' के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कला-उत्सव प्रतियोगिता 2025-26 में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ की कक्षा दसवीं की छात्रा धन्वी कौशल ने एकल शास्त्रीय गायन में तथा 12वीं कला की छात्रा प्रियांशु कुमारी ने एकल द्विआयामी चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लिया । अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा धन्वी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रियांशु कुमारी ने भी सुंदर चित्रांकन द्वारा निर्णायक मंडल की वाहवाही बटोरी। इस कला- उत्सव में झारखंड के विभिन्न जिलों के अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया । कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच धन्वी कौशल ने अपने शास्त्रीय गायन में निपुण होने का परिचय देते हुए सुंदर गायन प्रस्तुत किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पहले इस प्रतियोगिता का प्रथम चरण अर्थात जिला स्तरीय प्रतियोगिता रामगढ़ के बुनियादी विद्यालय में आयोजित किया गया था। जिसमें रामगढ़ के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। धन्वी ने अपने गायन से सबको पर पछाड़ते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उसके बाद उन्हें रांची के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किया गया था। विद्यालय के संगीत शिक्षक मनोज पाठक के मार्गदर्शन में अपनी कला का प्रदर्शन करके धन्वी कौशल ने सबका मन मोह लिया। धन्वी की इस सफलता पर संपूर्ण विद्यालय परिवार गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। धन्वी की सफलता पर विद्यालय परिवार की ओर से ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने धन्वी के उज्जवल भविष्य की कामना की । उन्होंने कहा कि "संगीत साधना है। धन्वी एक मेधावी छात्रा है और वह पढ़ाई के साथ-साथ संगीत में भी रुचि रखती है। उन्होंने प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। सभी विद्यार्थियों को धन्वी से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने भीतर छिपे हुए गुण को निखारने का प्रयास करना चाहिए। विद्यालय विद्यार्थियों को हर प्रकार की सुविधाएं प्रदान करता है, वह चाहे खेल हो, संगीत हो या अन्य क्षेत्र।"गुरुद्वारा प्रबंधन समिति और विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा भी धन्वी कौशल की इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी गई।

## राष्ट्रीय मंच पर पाकुड़ जिला को मिला द्वितीय स्थान




**पाकुड़।** जिले ने एक बार फिर राष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान स्थापित की है। नीति आयोग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित "राज्य के लिए नीति का उपयोग मामला" प्रतियोगिता में फाइनेंसियल इन्क्लूजन एवं स्किल डेवलपमेंट श्रेणी में पाकुड़ जिले को पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि जिले के लिए एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण क्षण है। इस उपलब्धि के लिए उपायुक्त मनीष कुमार को दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिले में वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा नवाचार के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना का प्रतीक है। उपायुक्त मनीष कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान पाकुड़ की पूरी टीम, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। हमने मिलकर यह साबित किया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतर योजना, नवाचार और टीमवर्क से उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। यह सम्मान पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उपायुक्त ने इस उपलब्धि के लिए जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, प्रखंड स्तरीय कर्मियों तथा साझेदार संस्थाओं को हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पीवीटीजी समुदाय के 51 टीबी रोगियों को जियासोवा ने गोद लिया



**पाकुड़।** पाकुड़ जिले के पीवीटीजी समुदाय के अंतर्गत आनेवाले कुल 51 टीबी रोगियों को प्रोजेक्ट जागृति के तहत जियासोवा (झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन) द्वारा छह माह की अवधि के लिए व्यापक सहयोग सहित गोद लिया गया है। इस अवसर पर कल दिनांक 09 अक्टूबर को रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व गांडेय विधायक कल्पना मुर्मु सोरेन के कर-कमलों से जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, पाकुड़ डॉ के.के सिंह को उक्त योजना के अंतर्गत 1,83,600/- (एक लाख तिरासी हजार छह सौ रुपये) का चेक प्रदान किया गया। यह पहल टीबी रोगियों के समग्र पोषण एवं स्वास्थ्य सुधार के उद्देश्य से राज्य सरकार की "टीबी मुक्त झारखंड अभियान" को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। समाज के सबसे वंचित वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन द्वारा पीवीटीजी समुदाय के टीबी रोगियों को गोद लेने की यह पहल न केवल सराहनीय है, बल्कि इससे समुदाय के स्वास्थ्य सुधार में ठोस परिवर्तन देखने को मिलेगा।

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

अंतरात्मा की वाणी, जो कि ईश्वर की वाणी है, का सदा अनुसरण करके आप एक सच्चे चरित्रवान व्यक्ति, एक उच्च कोटि के आध्यात्मिक व्यक्ति, शांति के एक मसीहा बन सकते हैं। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# अमेरिकी दबाव का विकल्प निकालता भारत

ब्रिटेन के पीएम भारत में हैं और रूस चीन से लेकर अफगानिस्तान तक से संपर्क बढ़ाकर भारत ट्रंप के आगे झुकने से इंकार कर चुका है। उद्योग निकाय 50 फीसदी टैरिफ को 'कयामत का दिन' बता रहे हैं। निर्माता अपने कारोबार को बनाए रखने के लिए दुबई और मेक्सिको जैसे वैकल्पिक विनिर्माण और व्यापार केंद्रों की तलाश कर रहे हैं। टैरिफ वृद्धि से भारत के ऑटो पार्ट्स निर्यात का लगभग आधा हिस्सा प्रभावित होगा, विशेष रूप से वाणिज्यिक वाहनों और भारी मशीनरी के कलपुर्जे, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले काफी नुकसान होगा। टैरिफ से निर्यात में कमी आने का खतरा है, जिससे घरेलू अधिशेष पैदा होगा और कृषि उत्पादों की कीमतें गिर सकती हैं। बासमती चावल और कपास जैसी वस्तुएं अत्यधिक जोखिम में हैं, और शुरुआती अनुमानों से निर्यात में कमी और भविष्य में उत्पादन क्षेत्र में कमी का संकेत मिल रहा है। मजबूत घरेलू मांग, लचीले सेवा निर्यात और कुल जीडीपी में निर्यात की अपेक्षाकृत छोटी हिस्सेदारी के कारण भारत की जीडीपी वृद्धि पर समग्र रूप से मध्यम प्रभाव माना जा रहा है, पर रिजर्व बैंक और एडीबी जैसे प्रमुख संस्थानों ने 'टैरिफ के जोखिमों' का हवाला देते हुए विकास पूर्वानुमानों को घटाया है। अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न 'रणनीतिक अनिश्चितता' के जवाब में, भारत बातचीत, बाजार विविधीकरण और घरेलू समर्थन पर केंद्रित एक बहुआयामी रणनीति अपना रहा है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा व्यक्त भारत का आधिकारिक रुख 'रचनात्मक है, न कि आक्रामक', लेकिन साथ ही यह भी कहा गया है कि राष्ट्र 'न तो झुकेगा और न ही कभी कमजोर दिखेगा।' गतिरोध को सुलझाने और टैरिफ को कम करवाने के लिए भारत लगातार अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि व्यापार वार्ता महत्वपूर्ण चरण में है। यह वार्ता जटिल है, जिसमें व्यापार से जुड़े पारस्परिक टैरिफ और भारत द्वारा रूस से तेल खरीद जैसे दोहरे मुद्दे शामिल हैं। भारत अमेरिका के साथ अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों के लिए बाजार पहुंच जैसे पेचीदा मुद्दों पर बात कर रहा है। नई दिल्ली अपने घरेलू किसानों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। समग्र निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार के लिए भारत अपनी टैरिफ संरचना को युक्तिसंगत बनाने का भी प्रयास कर रहा है। एक ही प्रमुख बाजार पर निर्भरता के जोखिमों को समझते हुए भारत अपनी दीर्घकालीन रणनीति के तहत बाजार और उत्पाद का विविधिकरण कर रहा है। भारतीय निर्यातक तेजी से नए मंतव्यों का रुख कर रहे हैं। इसमें यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, जापान, पश्चिम एशिया, आसियान और अफ्रीका जैसे बाजारों के साथ गहरा जुड़ाव भी शामिल है। सरकार अपने उत्पादों के लिए तरजीही पहुंच सुनिश्चित करने की खातिर यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे रही है। वैश्विक व्यापार व्यवस्था को सहयोगात्मक रूप से बहाल करने तथा वैकल्पिक व्यापार नेटवर्क बनाने के लिए ब्रिक्स जैसे संगठनों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने की वकालत की जा रही है।

***टैरिफ से निर्यात में कमी आने का खतरा है, जिससे घरेलू अधिशेष पैदा होगा और कृषि उत्पादों की कीमतें गिर सकती हैं। बासमती चावल और कपास जैसी वस्तुएं अत्यधिक जोखिम में हैं, और शुरुआती अनुमानों से निर्यात में कमी और भविष्य में उत्पादन क्षेत्र में कमी का संकेत मिल रहा है।***

### लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123वीं जयंती पर विशेष

# जेपी के विचारों का झारखंड के युवा छात्र नेताओं पर गहरा प्रभाव पड़ा था

लोकनायक जयप्रकाश नारायण का झारखंड के युवा छात्र नेताओं से बहुत ही गहरा लगाव था। 1974 के दौरान देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही शासन के विरुद्ध जब जयप्रकाश नारायण ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ा था, तब उनका कई बार झारखंड की धरती पर आगमन हुआ था। इस दौरान लाखों की संख्या में युवा छात्र नेतागण उनसे जुड़ गए थे। जे.पी. के विचारों का युवा छात्र नेताओं पर बहुत ही गहरा असर हुआ था। उक्त आंदोलन के पचास साल बीत जाने के बाद भी नेताओं पर उनके विचारों का असर देखा जा सकता है। इस आंदोलन से पूर्व जब संपूर्ण देश में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन चल रहा था, तब जे.पी एक मजबूत सिपाही की तरह झारखंड के विभिन्न जिलों में आते रहे और अंग्रेजों के खिलाफ हुंकार भरते रहे थे। स्वाधीनता संग्राम के दौरान जे.पी को हजारीबाग सेंट्रल जेल में बंद किया गया था । 9 अक्टूबर 1942 को जे.पी. हजारीबाग सेंट्रल जेल से भागे थे।

देश की आजादी के बाद 1972 - 73 में जयप्रकाश नारायण ने इंदिरा गांधी के तानाशाही कदम का विरोध किया था, तब उनके आह्वान पर झारखंड के गौतम सागर राणा, अशोक यादव, अशोक गुप्ता, नेहरू यादव, अर्जुन यादव स्वरूप चंद जैन, मनोज ठाकुर, प्रोफेसर संतोष प्रसाद, दीपक गुप्ता, आदि कई नेता इस आंदोलन से जुड़े थे। 1975 में इमरजेंसी में हजारीबाग के स्वर्गीय काशी लाल अग्रवाल, बृजमोहन केसरी, गौतम सागर राणा स्वर्गीय अशोक गुप्ता, स्वर्गीय नेहरू यादव, अर्जुन यादव आदि युवा नेता गिरफ्तार हुए थे। ये सभी मीसा के तहत गिरफ्तार हुए थे। आपातकाल के दौरान भी झारखंड के विभिन्न जिलों में इंदिरा गांधी के विरुद्ध जनसभाएं होती रही थी। इस दौरान इंदिरा गांधी का पुतला बनाकर भी जलाया गया था। इमरजेंसी के दौरान ही सरस्वती पूजा के समय छात्रों ने इंदिरा गांधी के तानाशाही के विरुद्ध झांकी भी प्रदर्शन किया गया था। कई झांकियों को पुलिस द्वारा जबरदस्ती रोक दिया गया था । कई छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया गया था। 1974 में जब लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने पटना के ऐतिहासिक मैदान से संपूर्ण क्रांति का आह्वान किया था, तब हजारों की संख्या में झारखंड से युवा छात्र नेता सहित विभिन्न दलों के नेता सम्मिलित हुए थे।

जे.पी. आंदोलन के दौरान झारखंड की धरती पूरी तरह युद्ध रत थी। झारखंड स्वाधीनता विचार मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि जब संपूर्ण देश में जे.पी. के आह्वान पर छात्र एक जुट होकर इंदिरा शासन के विरुद्ध में खड़े हो गए थे । तब मैं मैट्रिक का छात्र था। पुलिस ने जब हम छात्रों पर लाठी चार्ज किया था, तब मैं भी एक पत्थर उठाकर उन पर फेंका था। यह स्थिति झारखंड के हर जिलों में उत्पन्न हो गई थी। झारखंड के लगभग छात्र जे.पी. के इस आंदोलन के साथ थे । आज उन्हीं के विचारों को गति देते हुए झारखंड स्वाधीनता विचार मंच के माध्यम से प्रांत के स्वाधीनता सेनानियों को स्मरण करता रह रहा हूं।

देश की आजादी के पूर्व एक स्वाधीनता सेनानी के रूप में जे..पी.ने जो अदम्य साहस का परिचय दिया था, सदा सदा के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया । जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में देश की अधिकांश विपक्षी पार्टियों का जनता दल में विलय हो गया था। आपातकाल की घोषणा के बाद जब 1977 में देश में लोक सभा चुनाव हुआ, तब देश की जनता ने जनता दल को भारी मतों से विजयी बनाया था। 1977 में केंद्र में जनता दल के नेतृत्व में बनी सरकार में मोरारजी देसाई देश के प्रधानमंत्री और अटल बिहारी वाजपेई विदेश मंत्री बने थे । तब राजनीतिक गलियारे में ऐसी चर्चा हुई थी कि जयप्रकाश नारायण को देश का राष्ट्रपति बनाया जाए, लेकिन जे.पी. ने इस प्रस्ताव को सीधे अस्वीकार कर दिया था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण इस धरा पर मात्र 77 वर्षों तक जीवित रहे थे। 11 अक्टूबर 1902 में उनका जन्म और 8 अक्टूबर 1979 में उनकी मृत्यु हो गई थी। 1965 में उन्हें लोक सेवा के लिए रेमोन मैग्सेसे अवार्ड से नवाजा गया था। 1999 में मरणोपरांत उन्हें के बाद भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।



आज की बात



**विजय केसरी**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर जयप्रकाश नारायण का भारतीय राजनीति में प्रवेश हुआ था। उन्होंने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में महती भूमिका अदा की थी । जयप्रकाश नारायण आजीवन सत्य अहिंसा के पैरोकार रहे थे। महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के विचार को आजीवन जन-जन तक पहुंचाते रहे थे । उन्होंने महात्मा गांधी से ही सर्वोदय की शिक्षा ली थी। 15 अगस्त 1947 को जब देश को आजादी मिली थी, तब उन्होंने सत्ता से दूर रहकर सर्वोदय आंदोलन को चलाने का संकल्प लिया था। वे जीवन के अंतिम क्षणों तक इस आंदोलन से जुड़े रहे थे। वे देश के एक जाने-माने विचारक के रूप में भी जाने जाते रहे थे। देश की आजादी के बाद वे बराबर सामाजिक और राजनीतिक मंचों से अपने विचारों को आम जनता तक पहुंचाते रहे थे।

वे एक सच्चे समाजवादी नेता थे । आज की नई पीढ़ी के नेताओं को समाजवाद कि सीख लोकनायक जयप्रकाश नारायण से लेनी चाहिए। जयप्रकाश नारायण सक्रिय राजनीति में रहने के बावजूद लोक सेवा को ही अपना मार्ग चुना था। वे चाहते तो देश के प्रधानमंत्री से लेकर राष्ट्रपति के शीर्ष पद पर आसीन हो सकते थे। लेकिन वे स्वयं को सत्ता की राजनीति से दूर रखकर लोक सेवा के ही मार्ग पर आजीवन चलते रहे थे। आज की बदली राजनीतिक परिपेक्ष्य में यह लिखना जरूरी समझता हूं कि देश में होने वाले लोकसभा और प्रांतों में होने वाले विधानसभा चुनावों में टिकट लेने के लिए नेताओं की बाढ़ सी लग जाती है। लगभग सभी नेता सभी विधायक और सांसद बनना चाहते हैं। ऐसा होने से राजनीति से लोक सेवा खत्म सी हो गई है। भारत में राजनीति का सूत्रपात स्वाधीनता आंदोलन से शुरू हुआ था। स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े नेताओं का एक ही परम लक्ष्य था कि जैसे भी हो ब्रिटिश हुकूमत को भारत की धरती से खदेड़ा जाए। भारत एक संप्रभु राष्ट्र बने। तब के नेताओं में आज की तरह सत्ता के लिए इतना कूद फांद नहीं था। देश की आजादी के बाद लाखों स्वाधीनता सेनानियों ने पेंशन भी लेना स्वीकार नहीं किया था। लाखों स्वाधीनता सेनानी अपने-अपने कामों में वापस लौट गए थे।

संपूर्ण क्रांति, जयप्रकाश नारायण का विचार व नारा था। जिसका आह्वान उन्होने इंदिरा गांधी की सत्ता को उखाड़ फेकने के लिये किया था। लोकनायक ने कहा था कि सम्पूर्ण क्रांति में सात क्रांतियां शामिल हैं, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक व आध्यात्मिक क्रांति। इन सातों क्रांतियों को मिलाकर सम्पूर्ण क्रान्ति होती है। 1974 में उन्होंने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में संपूर्ण क्रांति का आहवान किया था। मैदान में उपस्थित लाखों लोगों ने जात-पात, तिक, दहेज और भेद-भाव छोड़ने का संकल्प लिया था। उसी मैदान में हजारों-हजार ने अपने जनेऊ तोड़ दिये थे। तब यह नारा गूंजा था।जात पात तोड़ दो, तिलक-दहेज छोड़ दो।समाज के प्रवाह को नई दिशा में मोड़ दो।

सम्पूर्ण क्रांति की तपिश इतनी भयानक थी कि केन्द्र में कांग्रेस को सत्ता से हाथ धोना पड़ गया था। जय प्रकाश नारायण जिनकी हुंकार पर नौजवानों का जत्था सड़कों पर निकल पड़ता था। बिहार से उठी सम्पूर्ण क्रांति की चिंगारी देश के कोने-कोने में आग बनकर भड़क उठी थी। जेपी के नाम से मशहूर जयप्रकाश नारायण घर-घर में क्रांति का पर्याय बन चुके थे।सम्पूर्ण क्रांति से मेरा तात्पर्य समाज के सबसे अधिक दबे-कुचले व्यक्ति को सत्ता के शिखर पर देखना है। आज की बदली राजनीतिक परिदृश्य में हम सभी देशवासियों को संपूर्ण क्रांति के नायक लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। तिकड़मबाज राजनीतिज्ञों को सत्ता के शिखर पर कदापि पहुंचने न दें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# अहोई अष्टमी मातृत्व के गूढ़ भावों को करता है अभिव्यक्त

भा झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि हिंदू धर्म में कार्तिक मास का विशेष महत्व होता है। इस महीने में कई महत्वपूर्ण व्रत त्यौहार मनाया जाते हैं। जो सामाजिक,धार्मिक एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। इन्हीं पर्वों में एक अत्यंत महत्वपूर्ण व्रत है अहोई अष्टमी, यह व्रत हर साल कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। इस वर्ष अहोई अष्टमी व्रत 13 अक्टूबर दिन सोमवार को रखा जाएगा। इस दिन कई शुभ योगों का संयोग बन रहा है शिवयोग, सिद्ध योग, परिघ योग और रवि योग। ये सभी योग व्रत करने वालों के लिए अत्यंत मंगलकारी माने जाते हैं अहोई अष्टमी व्रत जिसे विशेष रूप से संतान की दीर्घायु जीवन, कुशलता, सुख-समृद्धि और मंगल भविष्य के लिए माताएं करती हैं। इस दिन माताएं सूर्योदय से पहले आहार लेकर निर्जल व्रत का संकल्प लेती हैं। एवं रात्रि में व्रत खोलती है। यह व्रत विशेषकर सात संतान वाली माता अहोई और सिंह (साही) के बच्चों से जुड़ी एक पौराणिक कथा पर आधारित है, जिसमें मातृत्व के अपराध बोध,पश्चाताप और ईश्वर की कृपा का सुंदर चित्रण है। पौराणिक कथा के अनुसार, एक साहूकार की सात बहुएं अपने घर की दीवार पर अहोई माता और सिंह की आकृति बनाकर पूजा करती थीं। एक बार साहूकार की पत्नी ने मिट्टी खोदते समय गलती से एक सिंह के बच्चे को मार दिया। अपराध बोध से ग्रसित होकर उसने व्रत का संकल्प लिया और सच्चे मन से अहोई माता की पूजा की। माता ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसके सभी संकट हर लिए और उसे संतान सुख की प्राप्ति हुई।यह कथा मातृत्व की करुणा, धर्म के प्रति निष्ठा और पश्चाताप के महत्व को दर्शाती है। इस कथा को पूजा के समय अवश्य पढ़ा जाता है। प्रातःकाल स्नान कर व्रत का संकल्प लें। व्रती स्त्री निर्जल उपवास करती है। दीवार पर अहोई माता और साही (सिंह) की आकृति चित्रित की जाती है या चित्र लगाकर उसकी पूजा की जाती है।पूजा के लिए धूप, दीप, रोली, चावल, दूध, हलवा-पूरी, और अहोई माता की कहानी की आवश्यकता होती है। संध्या को तारों के दर्शन के बाद व्रत खोला जाता है। कुछ स्थानों पर चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत पूर्ण किया जाता है। अहोई अष्टमी न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए भी एक महत्वपूर्ण पर्व है।

आप की बात



**संजय सर्राफ**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



# संस्कृत: बच्चों के मस्तिष्क को शक्ति देने वाली भाषा

आज के बदलते युग आधुनिक शिक्षा और तकनीक भाषा और AI का बोलबाला है, बच्चे बस इंग्लिश ही बोलते हैं और पैरेंट्स भी सिर्फ उनसे इंग्लिश में ही बात करना चाहते हैं क्योंकि उनको लगता है कि हम सुपीरियर है।तब भी एक भाषा ऐसी है जो न केवल हमारी संस्कृति की आत्मा है बल्कि हमारे मस्तिष्क की क्षमता को भी अद्भुत रूप से प्रभावित करती है -वह भाषा है संस्कृत। संस्कृत से हमारे ब्रेन के न्यूरॉन्स एक्टिवेट होते हैं और मस्तिष्क की ऊर्जा को जागृत करते हैं संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मानव मस्तिष्क की ऊर्जा को जागृत करने वाला विज्ञान है। कई शोधों में यह सिद्ध हुआ है कि संस्कृत के उच्चारण से हमारे मस्तिष्क के दोनों गोलार्ध (left & right hemispheres) समान रूप से सक्रिय होते हैं। इससे स्मरणशक्ति, एकाग्रता, और तार्किक सोच में अत्यधिक सुधार होता है। अमेरिका, जर्मनी, रूस, इंग्लैंड, और जापान जैसे देशों में संस्कृत का अध्ययन लगातार बढ़ रहा है। NASA और AI शोधकर्ताओं ने भी संस्कृत को दुनिया का सबसे अच्छा लैंग्वेज माना है कहा है, क्योंकि इसकी व्याकरणिक संरचना सबसे तर्कसंगत और त्रुटिरहित है।

अलग बात



**वीणा देवांगन**

### संस्कृत और मस्तिष्क की शक्ति

संस्कृत मंत्रों का उच्चारण एक प्रकार का ध्वनि विज्ञान (Sound Therapy) है। जब हम "ॐ" या वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हैं, तो शरीर में वाइब्रेशन (तरंगें) उत्पन्न होती हैं जो तंत्रिका तंत्र को शांत और केंद्रित करती हैं। इसका असर सीधा मस्तिष्क की न्यूरल गतिविधियों पर पड़ता है, जिससे तनाव घटता है, एकाग्रता बढ़ती है और निर्णय क्षमता मजबूत होती है। इसी कारण कई पश्चिमी देश आज योग, ध्यान, और संस्कृत मंत्रों को अपने स्कूल पाठ्यक्रम का हिस्सा बना रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी और बच्चों के लिए संस्कृत की आवश्यकता आज का युवा भले ही तकनीक में आगे बढ़ रहा है, पर मानसिक शांति और आत्मिक स्थिरता से दूर होता जा रहा है। संस्कृत को शिक्षा प्रणाली में शामिल करना न केवल सांस्कृतिक जुड़ाव लाएगा, बल्कि बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट, भाषा कौशल और भावनात्मक बुद्धिमत्ता (Emotional Intelligence) को भी बढ़ाएगा। संस्कृत सीखने वाले बच्चों में शब्द-भंडार अधिक होता है, उनका उच्चारण स्पष्ट होता है और उनका ध्यान केंद्रित रहता है-यह बात कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस की रिपोर्टों में भी सामने आई है।

### शिक्षा में संस्कृत की भूमिका

भारत में पहले गुरुकुल प्रणाली में शिक्षा संस्कृत के माध्यम से दी जाती थी। उस समय विद्यार्थी केवल पढ़ते नहीं थे, वे "जीवन जीना" सीखते थे — आत्म-ज्ञान, नैतिकता और संयम की भावना संस्कृत के माध्यम से ही विकसित होती थी। आज आवश्यकता है कि संस्कृत को स्कूलों में पुनः अनिवार्य विषय बनाया जाए। घरों में बच्चों को संस्कृत के सरल श्लोक सिखाए जाएं, ताकि वे अपने भीतर की ऊर्जा को पहचान सकें।

### दुनिया संस्कृत की ओर लौट रही है

अमेरिका के 100 से अधिक स्कूलों में संस्कृत वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाई जा रही है। जर्मनी में 14 विश्वविद्यालय संस्कृत पर शोध कर रहे हैं। रूस के कई वैज्ञानिक संस्कृत ग्रंथों के आधार पर आधुनिक तकनीक की अवधारणाएँ विकसित कर रहे हैं। जापान में संस्कृत मंत्र ध्यान (Mantra Meditation) का उपयोग मानसिक एकाग्रता बढ़ाने के लिए किया जाता है। हम भारतीयों के पास यह अतुल्य धरोहर है संस्कृत केवल अतीत की भाषा नहीं- यह भविष्य की कुंजी है। यदि हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे बौद्धिक रूप से प्रखर, भावनात्मक रूप से संतुलित और सांस्कृतिक रूप से जुड़े रहें, तो हमें संस्कृत को घरों, स्कूलों और समाज में पुनः स्थान देना होगा। बच्चों के दैनिक जीवन में संस्कृत का समावेश सुबह की शुरुआत संस्कृत से करें।

### उठते ही एक सरल श्लोक बोले

"कराग्रे वसते लक्ष्मीः करमध्ये सरस्वती।
करमूले तु गोविन्दः प्रभाते करदर्शनम्॥"

इससे दिन की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा से होती है। "ॐ" या "गायत्री मंत्र" का ५ बार उच्चारण करें — यह मस्तिष्क को जागृत करता है।

यह केवल भाषा नहीं, यह जीवन का विज्ञान और आत्मा की संगीत है। हर पर्व, पूजा या त्योहार में संस्कृत श्लोकों से शुरुआत करें। गीत गायन प्रतियोगिता श्लोक को वाचन प्रतियोगिता आदि होते रहना चाहिए घरों में भी और स्कूल में भी। जब हम बच्चे थे नियमित रूप से स्कूल में प्रार्थना होता था संस्कृत में श्लोक बोले जाते थे।अभी यह सब नियमित नहीं हो पा रहा है। इसलिए बच्चों का कंसंट्रेशन पढ़ाई में मन नहीं लगा यह सब चीज बहुत हो रही है,संस्कृत को केवल विषय नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार मानें।

(veenavlogs@gmail.com)

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

चुंदरी जैसी जिंदगी, हर धागा इक सांप।
चतुर ओढ़ 'शंकर' बने, भोले पहनें आप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# मैं लड़की हूं, संकट नहीं, समाधान हूं !

जब एक बालिका जन्म लेती है, वह केवल एक जीवन नहीं लाती-वह एक नई दृष्टि, अनंत संभावनाओं का सूर्य, और समाज को बदलने की अटल शक्ति लाती है। उसकी मुस्कान में भविष्य की गूंज और आंखों में सपनों का सागर छिपा है। लेकिन यह कटु सत्य भी है कि आज भी दुनिया के कई हिस्सों में वह भेदभाव, असमानता और अन्याय के साये में अपनी पहचान की लड़ाई लड़ रही है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस, जो हर साल 11 अक्टूबर को मनाया जाता है, केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक क्रांतिकारी उद्घोषणा है—"मैं लड़की हूं, मैं बदलाव की अगुआ हूं।" यह दिन बालिकाओं की अदम्य शक्ति का उत्सव है और उनके अनदेखे संघर्षों को सम्मान देने का आह्वान। संयुक्त राष्ट्र ने 2025 के लिए इस दिवस का विषय चुना है-"मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूंः संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां", यह विषय आज की सच्चाई को उजागर करता है-बालिकाएं अब परिवर्तन की प्रतीक्षा नहीं करतीं; वे उसकी सशक्त वाहक हैं। चाहे जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष हो, डिजिटल समानता की मांग हो, या सामाजिक न्याय की लड़ाई-हर मोर्चे पर बालिकाएं अपनी अमिट छाप छोड़ रही हैं। संकटों में, जब दुनिया ठहर जाती है, यही बालिकाएं आगे बढ़ती हैं। कोविड-19 महामारी इसका जीवंत उदाहरण है। यूनेस्को के आंकड़ों के अनुसार, उस दौरान लगभग 24 मिलियन बच्चे, विशेषकर लड़कियां, स्कूल छोड़ने के कगार पर थे। फिर भी, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों ने मास्क बनाए, स्वास्थ्य जागरूकता फैलाई, और ऑनलाइन शिक्षा के लिए अपने समुदायों को प्रेरित किया। यह साबित करता है कि नेतृत्व उम्र या लिंग से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प और संवेदना से परिभाषित होता है। इन प्रेरक कहानियों के बीच एक कड़वी सच्चाई भी है। यूनिसेफ की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में 129 मिलियन लड़कियां स्कूल से वंचित हैं। प्राकृतिक आपदाओं, युद्धों और गरीबी के कारण सबसे पहले इन्हीं की शिक्षा छिनती है। जलवायु परिवर्तन जैसे संकटों में, लड़कियां न केवल पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करती हैं, बल्कि सामाजिक असमानता का भी शिकार बनती हैं। बांग्लादेश और भारत में बाढ़ व चक्रवातों के दौरान लड़कियों को अक्सर परिवार की जिम्मेदारियां उठानी पड़ती हैं, जिससे उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य प्रभावित होते हैं। लेकिन यही लड़कियां समाधान की मशाल भी थाम रही हैं। मलावी और युगांडा में किशोरियां जलवायु कार्यकर्ता बनकर स्थानीय स्तर पर वृक्षारोपण और टिकाऊ खेती को बढ़ावा दे रही हैं। यह दिखाता है कि संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां केवल पीड़ित नहीं, बल्कि परिवर्तन की सशक्त अगुआ हैं। डिजिटल असमानता एक और अनदेखा संकट है। आज डिजिटल पहुंच केवल सुविधा नहीं, बल्कि मौलिक अधिकार है। फिर भी, इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (आईटीयू) के 2024 के आंकड़ों के अनुसार, विकासशील देशों में केवल 37% महिलाएं और लड़कियां इंटरनेट का उपयोग करती हैं, जबकि पुरुषों के लिए यह आंकड़ा 43% है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लड़कियों को स्मार्टफोन और डिजिटल शिक्षा की कमी झेलनी पड़ती है। यह केवल तकनीकी संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि सामाजिक सोच का अभाव है। केन्या और नाइजीरिया में लड़कियां डिजिटल शिक्षा के लिए अभियान चला रही हैं, कोडिंग सीख रही हैं, स्टार्टअप शुरू कर रही हैं, और तकनीकी क्षेत्र में अपनी जगह बना रही हैं। यह एक नई क्रांति की शुरुआत है, जो हमें यह सवाल पूछने को मजबूर करती है-क्या हम वाकई अपनी लड़कियों को डिजिटल युग में नेतृत्व के लिए सशक्त कर रहे हैं? लड़कियों की मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास एक अनमोल शक्ति है, जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। हम उन्हें सशक्त बनाने की बात करते हैं, लेकिन क्या हम उन्हें ठोकर खाकर फिर उठने का हौसला देते हैं? समाज लड़कियों से हर कदम पर पूर्णता मांगता है, पर गलतियों से सीखने की आजादी उन्हें शायद ही मिलती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, सामाजिक दबाव और लैंगिक असमानता के कारण किशोरियों में तनाव और चिंता की दर लड़कों से कहीं अधिक है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस हमें सिखाता है कि नेतृत्व का मतलब केवल जीत नहीं, बल्कि हर मुश्किल में खुद पर भरोसा कायम रखना है। हमें हर लड़की को यह यकीन दिलाना होगा कि उसकी आवाज अमूल्य है और उसकी असफलताएं उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी शक्ति का सबूत हैं। परिवर्तन की शुरुआत घर की चौखट से होती है। क्या हम अपनी बेटियों को निर्णय लेने की आजादी देते हैं? क्या उनकी राय को बेटों जितना सम्मान मिलता है? एक अध्ययन बताता है कि भारत में केवल 27% परिवार किशोरियों को घरेलू फैसलों में शामिल करते हैं। नेतृत्व की नींव घर में पड़ती है। जब एक बेटी को यह विश्वास मिलता है कि वह गलती कर सकती है, उससे सीख सकती है, और फिर दुनिया को चुनौती दे सकती है, तभी वह सच्चा नेतृत्व निभाती है।

देश की बात



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

11 अक्टूबर: अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कानपुर के बाजार में पुलिस ने 100 क्विंटल अवैध पटाखे किए जब्त

**एजेंसी। कानपुर**

अक्टूबर कानपुर के भीड़भाड़ वाले मिश्री बाजार इलाके में हुए विस्फोट में आठ लोगों के घायल होने के बाद 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य के लगभग 100 क्विंटल अवैध पटाखे जब्त किए गए और छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शहर भर में अवैध पटाखों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई बुधवार को यहां के भीड़भाड़ वाले मिश्री बाजार क्षेत्र में हुए भीषण विस्फोट के बाद शुरू की गई है, जिसमें आठ लोग घायल हो गए थे और दो स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गए थे। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य के लगभग 100 क्विंटल अवैध पटाखे जब्त किए और इस अवैध व्यापार के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस आयुक्त (कानपुर) रघुबीर लाल ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''घनी आबादी वाले इलाकों में बड़े पैमाने पर पटाखों के भंडारण की आपराधिक सूचना मिलने के बाद हमने मूलगंज, फजलगंज, गोविंद नगर और नौबस्ता सहित कई इलाकों में एक साथ छापेमारी की।'' हालांकि, एक अधिकारी ने कहा कि विस्फोट में क्षतिग्रस्त हुए चोरी के स्कूटर ने संदेह पैदा किया है और अधिकारियों को भी संदेह है कि विस्फोट में स्कूटर का इस्तेमाल किया गया था। अधिकारी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में विस्फोट से ठीक 10 मिनट पहले अब्दुल की दुकान के बाहर दो युवकों को स्कूटी छोड़ते हुए दिखाया गया है। पुलिस आयुक्त ने स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर यह गतिविधि ''एक बड़ी साजिश'' का संकेत देती है जिसका उद्देश्य दहशत फैलाना है। उन्होंने कहा, ''हम दो समानांतर जांच कर रहे हैं - एक विस्फोट की और दूसरी समन्वित ऑनलाइन गलत सूचना अभियान की।'' अधिकारी ने कहा कि छापेमारी और जांच से पता चलता है कि अवैध पटाखों के भंडारण पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है, जिससे शहर के आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों में चल रहे एक खतरनाक नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है।




## करोड़ों के अवैध पटाखे ज़ब्त, पांच एफआईआर और छह गिरफ्तारियां

"मूलगंज विस्फोट के बाद हमने पूरे जिले की पुलिस को सक्रिय कर दिया। सूचनाओं के आधार पर हमने कई जगहों पर छापे मारे और भारी मात्रा में अवैध पटाखे ज़ब्त किए।" मूलगंज में पुलिस ने एक व्यक्ति इकराम की दुकान से दो लाख रुपये मूल्य के 14 कार्टन (1.5 क्विंटल) पटाखे और अब्दुल बिलाल की दुकान से 40,000 रुपये मूल्य के छह कार्टन (50 किलो) पटाखे बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने बताया कि इन बरामदगी के संबंध में दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। फजलगंज में सहायक पुलिस आयुक्त (स्वरूप नगर) आईपी सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में एक गोदाम से लगभग 60-65 क्विंटल पटाखे बरामद हुए, जिनकी कीमत 15 लाख रुपये आंकी गई है। गोविंद नगर निवासी हिमांशु उर्फ काकू की यह संपत्ति तीन साल पहले राजा पासवान नाम के एक व्यक्ति को किराए पर दी गई थी और दोनों फिलहाल फरार हैं। नौबस्ता में, पुलिस ने यशोदा नगर के मधुबन लॉन में छापा मारा और पांच क्विंटल पटाखे ज़ब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि यह सामग्री आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से संग्रहित की गई थी। इस बीच, गोविंद नगर में पुलिस ने एक फैक्टरी से 9.35 क्विंटल (30 कार्टन) पटाखे जब्त किए, जिनकी कीमत नौ लाख रुपये है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि अब तक पांच प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जिनमें छह गिरफ्तारियां और 26 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, जिनमें से 18 अकेले मूलगंज से हैं। जांच में उस समय नाटकीय मोड़ आया जब 'एक्स' पर पाकिस्तानी झंडे वाले एक अकाउंट से झूठे और भड़काऊ संदेश प्रसारित किए गए, जिसमें दावा किया गया कि "कानपुर में मरकज़ मस्जिद के पास आठ सैन्यकर्मी मारे गए।" इसके बाद खुफिया इकाइयों ने तुरंत कार्रवाई की और इन पोस्ट को गलत सूचना फैलाने के प्रयास के रूप में चिह्नित किया।

# वोटर कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने मतदान प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब मतदाता सूची में नाम होने की शर्त के साथ लोग अपने मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) के अलावा 12 अन्य फोटो पहचान दस्तावेजों में से किसी एक को दिखाकर वोट डाल सकेंगे। यह घोषणा एक अधिसूचना के जरिए की गई है। चुनाव आयोग को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के तहत मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने और ईपीआईसी जारी करने का अधिकार है। बिहार और आठ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों के लिए लगभग सभी मतदाताओं को ईपीआईसी वितरित कर दिए गए हैं। आयोग ने सभी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को आदेश दिया था कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर नए मतदाताओं को ये पहचान पत्र दिए जाएं।हालांकि, कुछ मतदाताओं के पास ईपीआईसी उपलब्ध नहीं हो सकता, इसलिए उनकी सुविधा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। जिनका नाम मतदाता सूची में है, लेकिन ईपीआईसी नहीं है, ऐसे लोग आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार की फोटोयुक्त सेवा आईडी, सांसद या विधायक का आधिकारिक पहचान पत्र या दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी) में से किसी एक को पेश कर सकते हैं। हालांकि, यह स्पष्ट किया जाता है कि वोट डालने के लिए मतदाता सूची में नाम होना अनिवार्य है। बिना नाम के कोई भी दस्तावेज स्वीकार नहीं होगा। वहीं बुर्का पहनने वाली महिलाओं को वोट देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। मतदान केंद्रों पर महिला अधिकारियों की मौजूदगी में उनकी पहचान गरिमापूर्ण तरीके से की जाएगी और उनकी गोपनीयता बनाए रखी जाएगी।




- **मतदाता सूची में नाम होना अनिवार्य, केवल पहचान पत्र से वोट नहीं दिया जा सकेगा**
- **महिला मतदाताओं, विशेषकर बुर्का पहनने वाली महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था।**

# सीएजी रिपोर्ट पर कार्रवाई होती तो टल सकती थी 22 बच्चों की मौत

**एजेंसी। तमिलनाडु**



2016-17 और 2020-21 के बीच तमिलनाडु में औषधि नियामक लगातार अपने लक्ष्यों से चूकता रहा, निरीक्षकों ने लगभग 61% निर्धारित औषधि निरीक्षण किए और गुणवत्ता परीक्षण के लिए आवश्यक नमूनों का लगभग 49% ही एकत्र किया। ये लगातार कमियाँ - जो निगरानी और प्रवर्तन में संरचनात्मक कमज़ोरियों को उजागर करती हैं, और मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में दूषित कफ सिरप पीने से 22 बच्चों की मौत के बाद ध्यान का केंद्र बन गई हैं - पिछले साल भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा लाल झंडी दिखाई गई थी। मध्य प्रदेश में हुई मौतों के मद्देनजर, छिंदवाड़ा में कफ सिरप लिखने वाले डॉक्टर और तीन स्थानीय औषधि निरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। केंद्र ने कमियों की पहचान करने और गुणवत्ता आश्वासन तंत्र को मजबूत करने के लिए छह राज्यों की 19 विनिर्माण इकाइयों में "जोखिम-आधारित निरीक्षण" करने का भी निर्देश दिया है। मौतों से जुड़े कोल्ड्रिफ कफ सिरप के निर्माता, श्रीसन फार्मास्युटिकल्स को गंभीर उल्लंघनों का आरोप लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, लेकिन यह तब हुआ जब मध्य प्रदेश के औषधि नियामक ने तमिलनाडु के अपने समकक्ष को पत्र लिखकर कार्रवाई का अनुरोध किया। अधिकारियों का कहना है कि अगर तमिलनाडु के नियामकों ने नियमित निरीक्षण किए होते और सीएजी की रिपोर्ट पर कार्रवाई की होती, तो इस दुखद घटना को टाला जा सकता था।

### असम में जनसांख्यिकीय बदलाव, सीएम सरमा बोले-

# 38% होगी मियां मुस्लिम आबादी

**एजेंसी। असम**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य जनसांख्यिकीय परिवर्तन से गुजरा है और आगामी जनगणना के आंकड़ों से पता चलेगा कि मुस्लिम आबादी बढ़कर 38 प्रतिशत हो गई है, जो 2011 में दर्ज लगभग 34 प्रतिशत से ज़्यादा है। उन्होंने डिब्रूगढ़ में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान (एमएमयूए) कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मीडियाकर्मियों से कहा कि जब असम में जनगणना होगी और जनगणना रिपोर्ट प्रकाशित होगी, तो असम में मियां मुस्लिम आबादी बढ़कर 38 प्रतिशत हो जाएगी, मेरे शब्द लिख लीजिए। अगर अनुमान लगाया गया है, तो उनकी (मुस्लिम) आबादी असम की कुल आबादी का 38 प्रतिशत होगी और वे असम का सबसे बड़ा समुदाय बन जाएंगे। राज्य में मूल निवासियों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि राज्य सरकार दो महत्वपूर्ण विधेयक लाने वाली है जो लोगों की जाति, माटी और भेटी (जाति, ज़मीन और बुनियाद) की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम इस प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए आगामी असम विधानसभा सत्र में दो महत्वपूर्ण विधेयक लाएँगे। हम जाति, माटी और भेटी की रक्षा के लिए ये दो महत्वपूर्ण विधेयक लाएँगे। अगर हमने पिछले 30 सालों में वही करने की कोशिश की होती जो हमने पिछले 5 सालों में की, तो शायद आज हमें इस संकट से नहीं जूझना पड़ता। उन्होंने आगे कहा कि अब एक लड़ाई शुरू हो गई है और हमें इसे अपने इच्छित लक्ष्य की ओर ले जाना होगा। हमें अगले 10 वर्षों तक यह लड़ाई जारी रखनी होगी। 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, असम में मुस्लिम आबादी राज्य की कुल जनसंख्या का 34.22 प्रतिशत थी। इस कार्यक्रम में, मुख्यमंत्री सरमा ने डिब्रूगढ़ में महिला उद्यमियों से मुलाकात की और एमएमयूए सीड फंड के माध्यम से 14,000 से अधिक महिलाओं को लगभग 10,000 रुपये दिए।

## मायावती ने अखिलेश को दी सीधी चुनौती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में समाजवादी पार्टी (सपा) नेता अखिलेश यादव के "पीडीए" (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले पर तीखा हमला बोला। बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर गुरुवार को लखनऊ स्थित कांशीराम स्मारक पर आयोजित एक विशाल रैली में बोलते हुए, मायावती ने समाजवादी पार्टी पर सत्ता में रहते हुए दलितों की उपेक्षा करने और चुनावों के दौरान पीडीए के नारे के ज़रिए उनके वोटों को लुभाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। मायावती के बयान से साफ़ ज़ाहिर होता है कि बसपा अपने मूल वोट आधार, ख़ासकर जाटव समुदाय, को मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

### बंगाल में एनआरसी होकर रहेगा बोले राहुल सिन्हा

# एनआरसी पर घुसपैठियों को पनाह देने का आरोप

**एजेंसी। कोलकाता**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता राहुल सिन्हा ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) का विरोध करने के लिए निशाना साधा और आरोप लगाया कि अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) बांग्लादेशी घुसपैठियों को पनाह देकर चुनाव जीत रही है। सिन्हा ने कहा कि पहले एसआईआर तो हो जाने दीजिए, फिर एनआरसी होगा। मुख्यमंत्री जी, निश्चिंत रहिए, एसआईआर असली मतदाताओं के नाम हटाने के लिए नहीं किया जा रहा है। राहुल सिन्हा ने कहा कि आपने बांग्लादेश से आए मुस्लिम घुसपैठियों को पनाह दी और रोहिंग्या मुसलमानों के नाम मतदाता सूची में जोड़ दिए, जो लोग मर चुके हैं उनके नाम भी मतदाता सूची में जोड़ दिए गए। यही आपकी जीत का आधार है और जब चुनाव आयोग ने इस आधार में दखल दिया तो आप चिल्लाने लगे। मतदाता सूची संशोधन और एनआरसी को लेकर मुख्यमंत्री बनर्जी पर "भ्रम फैलाने" का आरोप लगाते हुए, भाजपा नेता ने दोहराया कि एसआईआर वास्तविक मतदाताओं के नाम नहीं हटा रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि एनआरसी कानून पारित हो चुका है, और यह ज़रूर होगा... और यह ममता बनर्जी के सामने होगा; इसीलिए ममता बनर्जी भ्रम फैला रही हैं। भाजपा नेता ने ज़ोर देकर कहा कि एसआईआर होगा और मतदाता सूची का शुद्धिकरण होगा। सिन्हा की यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा यह आरोप लगाने के एक दिन बाद आई है कि भाजपा एसआईआर का इस्तेमाल एनआरसी लागू करने और मतदाता सूची से नाम हटाने के बहाने के रूप में कर रही है। ममता ने कहा कि एसआईआर के नाम पर, वे एनआरसी लागू करने की कोशिश कर रहे हैं, मतदाता सूची से नाम हटाना चाहते हैं। मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ कि किसी भी वास्तविक मतदाता का नाम सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।

## मणिपुर में अलग प्रशासन की मांग नहीं मानी जाएगी : सीएम

**मणिपुर।** मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने मणिपुर में अलग प्रशासन की किसी भी मांग के खिलाफ अपने और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के रुख को दृढ़ता से दोहराया है। संगमा वर्तमान में राज्य में शांति के लिए सुझाव मांगने हेतु नागरिक समाज संगठनों (सीएसओ) और सामुदायिक नेताओं से मिलने मणिपुर का दौरा कर रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी मणिपुर में चल रहे तनाव के बीच आई है, जहाँ अलग-अलग मांगों और सामुदायिक चिंताओं ने क्षेत्र की शांति को खतरे में डाल दिया है। इम्फाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यहां मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता से समझौता करने नहीं आए हैं। राज्य के भीतर प्रशासनिक ढांचे कैसे काम कर सकते हैं।

# आज का राशिफल

**मेष :** आपका दिन सुखद रहेगा। आज आपके लिए कोई जमीन या मकान खरीदने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आप मनचाहा लाभ प्राप्त करेंगे। आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग हैं। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको आपके माता पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा।

**वृष :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। आपका पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा। परंतु किन्हीं कारणों से थोड़ी समस्या हो सकती है। सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी छवि के अनुसार आपको परिणाम मिलेंगे। तो आपको उसे बढ़ाने के लिए थोडी और मेहनत करने की जरूरत है।

**मिथुन :** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। समाज में आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आप अपने कारोबार में किसी नए कार्य की शुरुआत कर सकते हैं। जिसमें आप समय-समय पर नया बदलाव करेंगे। इस दौरान आप घर में कोई लग्जरी आइटम खरीदेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब मौज मस्ती करते हुए नजर आएंगे, इससे आपको तरोताजा महसूस होगा आज आप माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे के धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे।

**तुला :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपने पार्टनर को मनपसन्द शॉपिंग करा सकते हैं। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता-पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग भी करेंगे। ऑफिस में किसी पर निर्भर होकर काम न करें। अपने लक्ष्य के लिए डेडीकेशन होने के बाद भी बार-बार प्रयत्न क्यों रुक जाते हैं।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप कोई नया कारोबार शुरु करने का मन बना सकते हैं। साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रुचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुँचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें, वरना आपको उलझन होगी।

**धनु :** आज आपका दिन महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेगा। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब के लोगों को आज प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है।

**मकर :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा के छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द अच्छे अंक हासिल होंगे। ऑफिस में फ़ोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि ख़राब हो सकती है। इस राशि के हृदय रोग से परेशान लोग अच्छे डॉक्टर से संपर्क करेंगे। बेवजह की भागदौड़ से आपको थकावट महसूस होगी।

**कुंभ :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज आपको सुखद परिवर्तन नजर आएंगे। तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ पायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझने आज समाप्त होंगी। कपड़ा व्यापारियों को आज उनकी मेहनत के उपरांत लाभ मिलेगा।

**मीन :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी, आज आपकी पहले से चल रही EMI आज पूरी होगी। आज फैशन डिज़ाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थितियां पहले से अनुकूल बनेंगी।

### सीसीटीवी फुटेज ने बढ़ाई पप्पू यादव की मुश्किलें

# पैसे बांटकर आचार संहिता में फंसे सांसद पप्पू यादव

**एजेंसी। पटना**



- **सहदेई थाना में जिला प्रशासन की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज**

बिहार के सांसद पप्पू यादव के खिलाफ वैशाली जिले में बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पैसे बांटने के बाद आदर्श आचार संहिता का कथित उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन की शिकायत के आधार पर पूर्णिया से निर्दलीय सांसद यादव के खिलाफ गुरुवार रात सहदेई पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। एसपी ललित मोहन शर्मा ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और चुनाव ड्यूटी पर तैनात एक अधिकारी के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 6 और 11 नवंबर को होंगे, जबकि मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 12 अक्टूबर को शाम 6:30 बजे नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में अपनी केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक आयोजित करेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों और रणनीति पर चर्चा और उसे अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के इस बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। प्रत्येक सीट के लिए तीन संभावित उम्मीदवारों का एक पैनल तैयार किया गया है। नामों को अंतिम रूप देने के लिए, भाजपा का बिहार कोर ग्रुप 11 अक्टूबर को दिल्ली में एक बैठक करेगा। इन बैठकों के बाद उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लगेगी और एनडीए की पहली संयुक्त सूची 13 अक्टूबर को जारी होने की उम्मीद है, जिसके साथ एनडीए के चुनाव अभियान की औपचारिक शुरुआत होगी। चर्चा सीटों के बंटवारे, एनडीए के भीतर गठबंधन और उन प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों पर केंद्रित रहने की संभावना है जहाँ भाजपा चुनाव से पहले अपनी स्थिति मज़बूत करना चाहती है। भाजपा और जद(यू) के नेतृत्व वाले एनडीए का मुकाबला राजद के तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक, कांग्रेस, दीपांकर भट्टाचार्य के नेतृत्व वाली भाकपा(माले), भाकपा, माकपा और मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) से होगा। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने भी राज्य की सभी 243 सीटों पर दावा ठोक दिया है।

## मंदिर से सोना गायब होने पर हाईकोर्ट सख्त एसआईटी को केस दर्ज करने का निर्देश

**केरल।** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राज्य पुलिस को एक मंदिर के साइड फ्रेम या लिंटल से कथित "सोने की हेराफेरी" के मामले में आपराधिक मामला दर्ज करने और जांच शुरू करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति राजा विजयराघवन वी और न्यायमूर्ति के वी जयकुमार की खंडपीठ ने यह निर्देश तब जारी किया जब अब तक की जाँच से पता चला कि साइड फ्रेम या लिंटल से प्राप्त सोने का वास्तव में दुरुपयोग किया गया था। अदालत ने कहा कि सतर्कता रिपोर्ट में लगभग 474.9 ग्राम सोने से संबंधित एक महत्वपूर्ण विसंगति सामने आई है, जिसे सोने की परत चढ़ाने का काम करने वाले प्रायोजक उन्नीकृष्णन पोट्टी को सौंप दिया गया था। हालाँकि, रिकॉर्ड से यह पता नहीं चलता कि सोने की यह मात्रा कभी औपचारिक रूप से त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड (टीडीबी) को सौंपी गई थी।

# करवा चौथ पर पारंपरिक परिधान पहनने की सुप्रीम कोर्ट ने दी छूट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश जारी कर महिला कर्मचारियों को करवा चौथ 2025 के अवसर पर शुक्रवार को मानक वर्दी के बजाय पारंपरिक और सादे परिधान पहनने की अनुमति दे दी। अधिसूचना में कहा गया कि करवा चौथ के अवसर पर सक्षम प्राधिकारी ने रजिस्ट्री की महिला कर्मचारियों की ओर से प्राप्त अनुरोध को स्वीकार करते हुए उन्हें 10 अक्टूबर, 2025 को निर्धारित वर्दी के स्थान पर पारंपरिक सादे कपड़ों में कार्यालय में उपस्थित होने की अनुमति दे दी है। सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय न्यायालय रजिस्ट्री की महिला कर्मचारियों के औपचारिक अनुरोध के बाद आया है, जिसमें कार्यस्थल की मर्यादा बनाए रखते हुए उत्सव मनाने की अनुमति मांगी गई थी। गौरतलब है कि भारत में विवाहित महिलाओं द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाने वाला करवा चौथ, अपने पति की भलाई और दीर्घायु के लिए उपवास और प्रार्थना का दिन है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कर्मचारियों की पोशाक "पारंपरिक और शालीन" होनी चाहिए, ताकि न्यायालय परिसर में अपेक्षित शिष्टाचार बना रहे। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था जिसमें विधवाओं, तलाकशुदा और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं सहित सभी महिलाओं के लिए करवा चौथ अनिवार्य करने की मांग वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया गया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता नरेंद्र कुमार मल्होत्रा की याचिका को खारिज कर दिया और जनहित याचिका को "तुच्छ" और "प्रेरित" करार दिया। न्यायमूर्ति कांत ने सुनवाई के दौरान कहा, "इनका वित्तपोषण ऐसे अभिनेताओं द्वारा किया जाता है जो आगे नहीं आते हैं।

### चुनावी वादा — तेजस्वी के वादे पर मुख्तार अब्बास नकवी का पलटवार

# 20 महीने में नौकरी देने का वादा झूठा

- **फेक और फैब्रिकेटेड कहानियों से सत्ता हासिल नहीं की जा सकती।**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बिहार विधानसभा चुनाव के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के '20 महीने में हर परिवार को नौकरी' के दावे पर जोरदार पलटवार किया है। नकवी ने तेजस्वी को 'कुशासन और करप्शन का हिस्ट्रीशीटर' बताते हुए कहा कि ऐसे लोग सत्ता हासिल नहीं कर पाएंगे। कुशासन और करप्शन के हिस्ट्रीशीटर, कन्फ्यूजन और कांस्पिरेसी की चार्जशीट लेकर अगर वे आएंगे, तो उन्हें कौन स्वीकार करेगा? अगर चार्जशीट आपको लेनी है, तो अपने छह दशकों के दागी इतिहास, करप्शन और कुशासन से भरे इतिहास के बारे में भी लोग बात करेंगे। बात निकलेगी तो दूर तक जाएगी। एक बात समझ लेनी चाहिए कि इस तरह की फेक और फैब्रिकेटेड कहानियों के टशन से सत्ता के मिशन तक नहीं पहुंच सकते। आज बिहार हो या देश, मूड और माहौल बहुत पॉजिटिव और कंस्ट्रक्टिव है। इसी का नतीजा है कि हाल के चुनावों में भाजपा और एनडीए को जनता ने आशीर्वाद दिया और हमने रिपीट किया। एसआईआर को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विरोध पर उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी हों, कांग्रेस हों या अन्य लोग, इस काल्पनिक कन्फ्यूजन की क्रिमिनल कांस्पिरेसी से बाज आना चाहिए। कभी सीएए को लेकर काल्पनिक भ्रम फैलाते हैं, कभी एनआरसी को लेकर, इनका आरोप एक के बाद एक चलता रहता है।

### तेजस्वी की नौकरी वाली गारंटी पर भाजपा का तीखा हमला



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव द्वारा आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में सत्ता में आने पर सरकारी नौकरी की गारंटी देने की घोषणा के बाद, भारतीय जनता पार्टी के नेता तरुण चुग ने शुक्रवार को इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला और उन्हें वादा तोड़ने वालों और झूठ बोलने वालों का समूह करार दिया। भाजपा नेता ने नौकरी की गारंटी की बात करके राज्य में "जंगल राज" चलाने वाली पार्टी के पाखंड की ओर इशारा किया। उन्होंने यह भी दोहराया कि यह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ही है जिसने राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर किया है। चुग ने एएनआई से कहा कि इंडी गठबंधन वादा तोड़ने वालों और झूठ बोलने वालों का समूह है। जिनका जंगल राज, तानाशाही, भ्रष्टाचार और लूट का इतिहास रहा है, वे आज रोजगार की बात कर रहे हैं। चुघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित विभिन्न योजनाओं और गारंटियों पर प्रकाश डाला, जिनमें लगभग 75 लाख महिलाओं को स्वरोज़गार का अवसर प्रदान करना और बिहार के युवाओं को 62,000 करोड़ रुपये का पैकेज देना शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने सिर्फ़ एक महीने में 75 लाख महिलाओं को स्वरोज़गार प्रदान किया है और बिहार के युवाओं के लिए 62,000 करोड़ रुपये का पैकेज दिया है ताकि हर हाथ को काम मिले और बिहार आगे बढ़ सके।

## यशस्वी का 7वां शतक, वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना बेस्ट स्कोर बनाया

# विराट कोहली के रिकॉर्ड के बराबर पहुंचे जायसवाल...




**पिछली उपलब्धियों से तुलना**

**2024 में इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्नम में पहले दिन 179 रन**

**लगातार बड़े स्कोर से युवा बल्लेबाज ने अपनी क्षमता साबित की**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

यशस्वी जायसवाल जब अपने रंग में होते हैं तो उन्हें रोकना किसी भी गेंदज के लिए मुश्किल होता है। दिल्ली में फिर से यशस्वी जायसवाल ने एक कमाल की पारी खेली। उन्होंने पहले अपना अर्धशतक पूरा किया और उसके बाद शतक भी ठोक दिया। कुछ ही देर बाद जायसवाल ने अपने 150 रन भी पूरे कर लिए। ये दूसरी बार है, जब जायसवाल ने मैच के पहले ही दिन 150 से बना दिए हों। इससे पहले ये काम भारत के लिए केवल विराट कोहली ही कर पाए हैं। वहीं, दिल्ली में खेले जा रहे भारत बनाम वेस्टइंडीज मुकाबले में यशस्वी जायसवाल एक बार फिर से ओपनिंग के लिए मैदान में उतरे। उनके जोड़ीदार केएल राहुल जल्दी आउट होकर चले गए, लेकिन जायसवाल ने मोर्चा संभाले रखा। उन्हें पहले साई सुदर्शन का साथ मिला और फिर जब वे आउट हो गए तो कप्तान शुभमन गिल भी उनका साथ देने का काम किया।

**केवल 224 बॉल पर पूरे किए 150 रन :** यशस्वी जायसवाल ने अपने 150 रन 224 बॉल पर पूरे कर लिए। इस दौरान उनके बल्ले से 19 चौके आए। उनकी बल्लेबाजी कितनी संयमित थी, ये बात इससे समझी जा सकती है कि 150 रन पूरे करने तक उन्होंने कोई सिक्स नहीं लगाया था। ये दूसरी बार हुआ है, जब जायसवाल ने भारत में टेस्ट के पहले दिन 150 से अधिक रन बनाए हैं। इससे पहले जब साल 2024 में इंग्लैंड की टीम भारत आई थी, तब विशाखापट्टनम में खेले गए मुकाबले के पहले ही दिन जायसवाल ने 179 रन बनाए थे।

### कोहली ने भी दिल्ली और विशाखापट्टनम में बनाए थे 150 से अधिक रन

इससे पहले भारतीय बल्लेबाज के तौर पर केवल विराट कोहली ही ऐसा काम कर पाए हैं। कोहली ने साल 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्टनम में 151 रन और इसके बाद साल 2017 में दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ 156 रन बनाए थे। ये दोनों काम उन्होंने टेस्ट के पहले ही दिन किए थे। हालांकि कोहली ने केवल 150 ही रन बनाए, लेकिन जायसवाल ने उससे भी ज्यादा बनाए हैं। यहां ध्यान रखिएगा कि जायसवाल ओपनिंग के लिए आते हैं और विराट कोहली अक्सर नंबर चार पर ही बल्लेबाजी के लिए आए हैं। इसलिए रनों का इतना अंतर तो होता ही है। अब देखना होगा कि यशस्वी जायसवाल अपनी इस पारी को और कितना बड़ा बना सकते हैं।

### आईपीएल ऑक्शन 13 से 15 दिसंबर के बीच मुमकिन

## भारत में ही होगी नीलामी, खिलाड़ियों को रिटेन करने की अंतिम तारीख 15 नवंबर

**एजेंसी । नई दिल्ली**



अगला आईपीएल ऑक्शन 13 से 15 दिसंबर के बीच भारत के ही किसी शहर में हो सकता है। इस बार मिनी ऑक्शन होना है। पिछले दो साल नीलामी दुबई और जेद्दा में हुई थी। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक खिलाड़ियों की रिटेंशन लिस्ट जारी करने की आखिरी तारीख 15 नवंबर तय की गई है। रिटेंशन लिस्ट में फ्रेंचाइजी को यह बताना होता है कि अपने स्क्वॉड में से किन खिलाड़ियों को वह रोक रही है और किनको ऑक्शन के लिए रिलीज कर रही है। बीसीसीआई ने इस बारे में अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

**एक टीम अधिकतम 6 खिलाड़ी रिटेन कर सकती :** कोई भी आईपीएल फ्रेंचाइजी अधिकतम 6 खिलाड़ियों को ही रिटेन कर सकती है। बाकी खिलाड़ियों को ऑक्शन के लिए रिलीज करना होता है। 6 रिटेन खिलाड़ियों में से 5 से ज्यादा इंटरनेशनल प्लेयर और 2 से ज्यादा अनकैप्ड प्लेयर नहीं हो सकते हैं। आईपीएल ऑक्शन में हर टीम के पास 120 करोड़ रुपए का पर्स होता है। हालांकि, पर्स में रिटेन किए गए खिलाड़ियों की संख्या के हिसाब से कटौती होती है। अगर कोई टीम 1 इंटरनेशनल खिलाड़ी को रिटेन करती है तो पर्स में से 18 करोड़ रुपए कट जाते हैं। दूसरा खिलाड़ी रिटेन करने पर 14 करोड़ रुपए और कम हो जाते हैं। इसी तरह तीसरे रिटेंशन के एवज में 11 करोड़, चौथे के लिए 18 करोड़ और पांचवें के लिए 14 करोड़ रुपए की कटौती होती है। अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन करने पर 4 करोड़ रुपए पर्स से कम हो जाते हैं।

### राजस्थान और चेन्नई ज्यादा खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है

आईपीएल के पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीमें आखिरी दो पोजिशन पर रही थी। इस वजह से माना जा रहा है कि ये दो टीमें सबसे कम खिलाड़ियों को रिटेन करेगी। राजस्थान की टीम कप्तान संजू सैमसन को रिलीज कर सकती है। इसी तरह चेन्नई भी कई बड़े नामों को रिलीज कर सकती है।

## 'टेन एक्सयू' के साथ सचिन तेंदुलकर ने रखा स्पोर्ट्स ब्रांड इंडस्ट्री में कदम

**मुंबई (आईएएनएस)**



मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने क्रिकेट के मैदान के बाद अब स्पोर्ट्स ब्रांड इंडस्ट्री में कदम रखा है। उन्होंने शुक्रवार को मुंबई में 'टेन एक्सयू' नाम से एक नया स्पोर्ट्स ब्रांड लॉन्च किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'शतकों का शतक' जमाने वाले इकलौते बल्लेबाज ने अपने जीवन के अनुभवों से सीखते हुए हर खेल के लिए 'स्पोर्ट्स शूज' और 'टी-शर्ट' लॉन्च की हैं। लॉन्चिंग के दौरान सचिन तेंदुलकर ने स्पोर्ट्स एंकर गौरव कपूर के साथ बातचीत में अपने दौर को याद करते हुए कहा, उस दौरान श्रीलंका दौरे हुआ करते थे, लेकिन प्रैक्टिस के लिए कोई सुविधाएं नहीं थीं। कोई इनडोर नेट नहीं था। उस दौरान हमारे पास जो भी सुविधाएं मौजूद होतीं, उसका सर्वोत्तम उपयोग करते। हमारे पास बेहतरीन सुविधाएं नहीं थीं। खेल के प्रति जुनून और प्यार ने ही हमें आगे बढ़ाया। पत्रकारों के साथ बातचीत में सचिन तेंदुलकर ने कहा, "टेन एक्सयू प्रोडक्ट को तैयार करने में लंबा समय लगा है। हमने 18 महीनों का लंबा इंतजार किया। मैंने हमेशा कहा है कि भारत में युवाओं की आबादी सबसे ज्यादा है। मेरी एक ख्वाहिश है कि मैं अपने देश को खेल प्रेमी देश से बदलकर खेल खेलने वाला देश बनाना चाहता हूं। उन्होंने कहा, "क्रिकेट शूज मेरे लिए खास हैं।

### संजय बांगर: टेस्ट क्रिकेट में भारत के 'लकी चार्म', जिन्होंने बतौर कोच भी खुद को साबित किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगर आज एक कोच और कमेंटेटर के तौर पर



काफी मशहूर हैं। भारतीय क्रिकेट टीम में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिन्होंने खिलाड़ियों के तकनीकी सुधार और टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद की। बांगर टेस्ट क्रिकेट में भारत के 'लकी चार्म' साबित हुए। 11 अक्टूबर 1972 को महाराष्ट्र में जन्मे संजय बांगर ने 21 साल की उम्र में रेलवे की ओर से खेलते हुए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया। इस दौरान उन्होंने बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी अपना प्रभाव दिखाया। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद संजय बांगर को साल 2001 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की टेस्ट टीम में स्थान मिला। उन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध मोहाली में अपना पहला टेस्ट खेला, जिसमें भारत की पहली पारी के दौरान 110 गेंदों का सामना करते हुए 36 रन बनाए। फरवरी 2002 को संजय बांगर अपना दूसरा टेस्ट मैच खेलने उतरे। उन्होंने नागपुर में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद शतक जड़ा, जिसकी बदौलत टीम इंडिया ने यह मुकाबला पारी और 101 रन से अपने नाम किया।

## शरत कमल ने ओडिशा को उभरते वैश्विक खेल केंद्र के रूप में सराहा



**भुवनेश्वर (आईएएनएस)**

टेबल टेनिस स्टार अचंता शरत कमल ने ओडिशा के उत्कृष्ट खेल बुनियादी ढांचे की सराहना की है। उन्होंने 28वीं आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप 2025 में भारत की पदक संभावनाओं को लेकर उम्मीद जताई है। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर 11-15 अक्टूबर के बीच आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी करने जा रहा है। 'पद्म श्री' और 'खेल रत्न पुरस्कार' से सम्मानित इस ओलंपियन ने चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर कहा, "ओडिशा में वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमने यहां आखिरी बड़ा टूर्नामेंट साल 2019 में खेला था। भुवनेश्वर में एशियन चैंपियनशिप की मेजबानी करना वाकई खास है। भारत प्रभावशाली प्रदर्शन कर रहा है। हमने पिछली बार पुरुष और महिला दोनों टीम स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते थे। इस साल, हमारा लक्ष्य उन पदकों का रंग बदलना है। आईटीटीएफ के एथलीट आयोग के सह-अध्यक्ष और भारतीय ओलंपिक संघ की एथलीट समिति के उपाध्यक्ष शरत कमल ने भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर कहा, "हमारे खिलाड़ी बेहतरीन फॉर्म में हैं। मानव ठक्कर वर्तमान में पुरुष एकल में विश्व में 39वें नंबर पर हैं, जबकि हमारी युगल और मिश्रित युगल टीमें दुनिया की शीर्ष 10 टीमों में शामिल हैं। घरेलू समर्थन और परिस्थितियों के साथ, भारतीय दल के पास अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का पूरा मौका है। ओडिशा के खेल दृष्टिकोण और बुनियादी ढांचे की तारीफ करते हुए, इस दिग्गज पैडलर ने कहा, "यहां का आयोजन विश्वस्तरीय है।

### एशियन टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप

## भारत में विश्वस्तरीय व्यवस्थाओं से प्रभावित शेखा हयात

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** एशियन टेबल टेनिस संघ (एटीटीयू) की कार्यवाहक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष



शेखा हयात अल खलीफा ने 28वीं आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियन टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए भारत की असाधारण तैयारियों की सराहना की। टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप की शुरुआत शनिवार से भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा स्टेडियम में होगी। शेखा हयात ने आईएएनएस से कहा, "मुझे भारत आकर बहुत खुशी हो रही है। यहां आकर मैं उत्कृष्ट आयोजन और विश्वस्तरीय व्यवस्थाओं से बेहद प्रभावित हुई। आयोजन समिति की ओर से आवास, परिवहन और पूरी तैयारी वाकई उल्लेखनीय है। इससे सुनिश्चित होता है कि यह चैंपियनशिप अब तक आयोजित सर्वश्रेष्ठ चैंपियनशिप में से एक होगी। टेबल टेनिस में भारत के तेजी से बढ़ते कद की प्रशंसा करते हुए शेखा हयात ने कहा, "मैं भारतीय टेबल टेनिस महासंघ और खेल मंत्रालय को उनकी राष्ट्रीय टीम के अभूतपूर्व विकास के लिए बधाई देना चाहती हूं।

## रणजी ट्रॉफी : शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में मुंबई की 16 सदस्यीय टीम घोषित, पहला मैच जम्मू-कश्मीर से

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे अनुभवी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में मुंबई



क्रिकेट संघ ने आगामी रणजी सीजन के लिए मुंबई की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस टीम में अनुभवी अजिंक्य रहाणे और घरेलू क्रिकेट में रन मशीन के रूप में पहचान बनाने वाले सरफराज खान शामिल हैं। रहाणे के कप्तानी से इस्तीफा देने के बाद शार्दुल को कप्तान बनाया गया था। मुंबई की टीम में युवा मुशीर खान, आयुष म्हात्रे के साथ ही ऑलराउंडर शिवम दुबे को भी जगह दी गई है। टीम में श्रेयस अय्यर नहीं हैं। श्रेयस ने लंबे फॉर्मेट से कुछ समय के लिए ब्रेक लिया है। सूर्यकुमार यादव भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। लंबे समय तक मुंबई का हिस्सा रहे पृथ्वी शॉ आगामी सीजन में महाराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए नजर आएंगे। शॉ को पिछले सीजन टीम में जगह नहीं दी गई थी जिसके बाद उन्होंने टीम से अलग होने का फैसला किया था। कई बड़े खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बावजूद मुंबई की टीम में युवा, अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। शार्दुल ठाकुर के पास बतौर कप्तान अपनी क्षमता साबित करने का बेहतरीन अवसर है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### देश की सबसे अमीर महिला बनीं सावित्री जिंदल

# फोर्ब्स इंडिया की सूची जारी, अंबानी और अडाणी के बाद तीसरा नंबर, 6 महीने में 4.1 बिलियन डॉलर बढ़ी संपत्ति

**एजेंसी । हिसार**

फोर्ब्स इंडिया की रिच लिस्ट 2025 में हरियाणा की हिसार की विधायक और ओपी जिंदल समूह की प्रमुख सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला बन गई हैं। 39.6 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ, उन्होंने मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के बाद भारत के सबसे धनी लोगों में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। गुरुवार (9 अक्टूबर) को ही यह लिस्ट जारी हुई है। अब दुनिया के सबसे अमीर लोगों में सावित्री जिंदल का 48वां स्थान है। इससे पहले अप्रैल में फोर्ब्स बिलियनेयर ( मानक के अनुसार जिसकी कुल संपत्ति कम से कम 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानि 8,300 करोड़ रुपए या उससे अधिक हो) लिस्ट 2025 की सूची जारी हुई थी। उस समय सावित्री जिंदल की कुल संपत्ति 35.5 बिलियन डॉलर थी।

यानि 6 महीने में सावित्री जिंदल की संपत्ति 4.1 बिलियन डॉलर बढ़ गई है, जबकि भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की नेटवर्थ 9% गिरकर 1 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 88 लाख करोड़ रुपए रह गई। पिछले साल उनकी नेटवर्थ 1.1 ट्रिलियन डॉलर यानी, करीब 97 लाख करोड़ रुपए थी। ऐसे में जिंदल समूह लगातार आगे बढ़ रहा है। सावित्री जिंदल हिसार विधानसभा सीट से जीतकर विधायक बनी हैं। उनके बेटे उद्योगपति नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र से भाजपा के सांसद हैं।



### सावित्री जिंदल के 4 बेटों में बंटा है व्यवसाय

जिंदल समूह की अध्यक्ष का साम्राज्य इस्पात, बिजली, सीमेंट और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में फैला हुआ है। कंपनी की स्थापना उनके दिवंगत पति ओम प्रकाश जिंदल ने की थी, जिनकी 2005 में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु के बाद, व्यवसाय उनके चार बेटों में बंट गया। उनके बेटे सज्जन जिंदल मुंबई स्थित जेएसडब्ल्यू स्टील, जेएसडब्ल्यू सीमेंट और जेएसडब्ल्यू पेंट्स का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने 2023 में जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर को सार्वजनिक किया। 2024 में, उन्होंने चीन की एसएआईसी मोटर की सहायक कंपनी एमजी मोटर इंडिया में 35 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करके इलेक्ट्रिक वाहनों में विस्तार किया। नवीन जिंदल, जिंदल दिल्ली में स्टील एंड पावर का प्रबंधन करते हैं।

### द्वितीय विश्वयुद्ध में अमेरिकी फौजियों के माल से मिला आइडिया

हिसार के गांव नलवा में जन्मे ओपी जिंदल किसान परिवार से थे। छठी कक्षा तक पढ़े ओपी जिंदल अपने भाइयों की तरह ही बाहर जाकर कमाना चाहते थे। दूसरे विश्व युद्ध के अंतिम समय में असम अमेरिकी फौजियों का बड़ा गढ़ था। इसलिए युद्ध के बाद लोहे और इस्पात से बना बहुत सा माल, वे यहीं छोड़ गए थे। ओपी जिंदल को यहीं से व्यापार करने का आइडिया आया। साल 1952 में जिंदल ने कोलकाता के पास लिलुआ में पाइप बेंड और सॉकेट बनाने की फैक्ट्री लगाई। उन्होंने इस फैक्ट्री का नाम जिंदल इंडिया लिमिटेड रखा। यहीं से उनके सफर की शुरुआत हुई। ओपी जिंदल असम के बाजारों से नीलामी में पुराने पाइप खरीदते थे और उन्हें कोलकाता में बेचते थे। टाटा और कलिंग के बाद भारत में यह तीसरी इस किस्म की फैक्ट्री थी। इसके बाद 1960 में ओपी जिंदल अपने पैतृक जिले हिसार में वापस आ गए।

### सेंसेक्स 328 अंक उछलकर बंद, बैंकिंग शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 328.72 अंक या 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,500.82 और निफ्टी 103.55 अंक या 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,285.35 पर था। बाजार को ऊपर खींचने का काम बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 417.70 अंक या 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56,609.75 पर था। निफ्टी ऑटो (0.50 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (1.67 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज (0.44 प्रतिशत), निफ्टी एफएमसीजी (0.44 प्रतिशत) और निफ्टी एनर्जी (0.43 प्रतिशत) की मजबूती के साथ बंद हुआ। वहीं, निफ्टी मेटल (0.91 प्रतिशत) और निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स (0.18 प्रतिशत) की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एसबीआई, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, इटरनल (जोमैटो), सन फार्मा, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और ट्रेंट टॉप गेनर्स थे।

## भारत के कर सुधार निर्णायक चरण में, पारदर्शी सिस्टम तैयार करने पर फोकस : नीति आयोग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के कर सुधार एक निर्णायक चरण में है और सरलीकरण, आधुनिकीकरण और कर प्रशासन में विश्वास को बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है। यह जानकारी शुक्रवार को नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की ओर दी गई। उन्होंने कहा, "जैसे-जैसे भारत प्रवर्तन-संचालित अनुपालन से विश्वास-आधारित शासन की ओर बढ़ रहा है, फोकस आनुपातिक,




निष्पक्ष और पारदर्शी प्रवर्तन सिस्टम पर केंद्रित होना चाहिए जो करदाताओं को सशक्त बनाते हुए राजकोषीय अखंडता की रक्षा करें। नीति आयोग ने शुक्रवार को नीति टैक्स पॉलिसी वर्किंग पेपर सीरीज-II के तहत दूसरा वर्किंग पेपर जारी किया, जिसका शीर्षक "भारत के कर परिवर्तन की ओर: गैर-अपराधीकरण और विश्वास-आधारित शासन" था। इस वर्किंग-पेपर में आयकर अधिनियम, 2025 के अंतर्गत आपराधिक प्रावधानों का व्यापक मूल्यांकन किया गया है। साथ ही, इसमें दंड को तर्कसंगत बनाने, छोटे और प्रक्रियागत गैर-अनुपालनों को अपराधमुक्त करने और न्यायिक विवेकाधिकार को सुदृढ़ करने के लिए सिद्धांत-आधारित ढांचे का प्रस्ताव किया गया है।

### भारतीय परिवारों के पास मौजूद गोल्ड की वैल्यू बढ़कर 3.8 ट्रिलियन डॉलर हुई

**नई दिल्ली ।** भारतीय परिवारों के पास मौजूदा समय में 34,600 टन गोल्ड मौजूद है और इसकी वैल्यू करीब



3.8 ट्रिलियन डॉलर या जीडीपी के 88.8 प्रतिशत के बराबर है। यह जानकारी मॉर्गन स्टेनली की ओर से शुक्रवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। बीते एक साल में गोल्ड की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई है और यह ऑल-टाइम हाई पर बनी हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गोल्ड की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 4,056 डॉलर प्रति औंस पर बनी हुई है और घरेलू बाजार में सोने के दाम 1,27,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए हैं।

### म्यूचुअल फंड एसआईपी इनफ्लो सितंबर में 4 प्रतिशत बढ़कर 29,361 करोड़ हुआ

**मुंबई ।** भारत का म्यूचुअल फंड एसआईपी इनफ्लो सितंबर में 4 प्रतिशत बढ़कर 29,361 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि अगस्त में 28,265 करोड़ रुपए पर था। यह जानकारी एएमएफआई डेटा में शुक्रवार को दी गई। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में निवेश बढ़ना दिखाता है कि लोग अनुशासित तरीके से निवेश करने पर विश्वास कर रहे हैं। एसपीआई में निवेश बढ़ने से फोलियो की संख्या 25 करोड़ के आंकड़े को पार कर 25.19 करोड़ हो गई है, जो कि अगस्त में 24.89 करोड़ थी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया (एएमएफआई) की ओर से जारी किए गए डेटा के मुताबिक, सितंबर में कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) बढ़कर 75.6 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

## भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फिनटेक स्टार्टअप इकोसिस्टम बना

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फिनटेक स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है और 2025 के पहले नौ महीनों में यह 1.6 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाने में कामयाब रहा है। यह जानकारी शुक्रवार को एक रिपोर्ट में दी गई। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन के आंकड़ों के अनुसार, स्टार्टअप फंडिंग के मामले में भारत अब केवल अमेरिका और ब्रिटेन से पीछे है, जो वैश्विक स्तर पर भारत के फिनटेक क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दिखाता है।



अर्ली स्टेज स्टार्टअप्स ने 2025 में अब तक 598 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई है, जो कि 2024 के 555 मिलियन डॉलर के आंकड़े से अधिक है, जो दर्शाता है कि निवेशकों का विश्वास भारतीय फिनटेक सेक्टर में बना हुआ है। हालांकि, लेट-स्टेज फंडिंग 2025 के पहले नौ महीनें में कम होकर 863 मिलियन डॉलर पर पहुंच गई है, जो कि 2024 में समान अवधि में 1.2 अरब डॉलर पर थी। इसके साथ, सीड-स्टेज फंडिंग कम होकर 129 मिलियन डॉलर हो गई है। समीक्षा अवधि में दो स्टार्टअप 100 मिलियन डॉलर से अधिक की फंडिंग जुटाने में कामयाब रहे हैं, जिसमें ग्रो ने सीरीज एफ राउंड में 202 मिलियन डॉलर जुटाए हैं।

# सिड़हा बस्ती आज भी सड़क सुविधा से वंचित, बरसात में टापू बन जाता है गांव



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के लटपौरी पंचायत अंतर्गत राजस्व गांव रसूलपुर के दलित बहुल सिड़हा बस्ती, जो डाली गांव की दक्षिणी सीमा पर बसा हुआ है, वहां आज भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव है। इससे यह बस्ती विकास से कोसों दूर नजर आती है। रेलवे लाइन से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस बस्ती तक पहुंचने के लिए केवल कच्ची सड़क है। जिसके बरसात में पूरी तरह जलमग्न हो जाने से यह बस्ती टापू बन जाती है। बताया गया कि कभी यहां के लोग केवल पगडंडी के सहारे ही अपने घरों तक पहुंचते थे। कुछ वर्ष पूर्व ग्रामीणों और पंचायत की पहल पर एक चौड़ी कच्ची सड़क अवश्य बनाई गई है। लेकिन पक्कीकरण के अभाव में बरसात के दिनों में इस पर कीचड़ और जलजमाव हो जाती है। जिससे होकर ग्रामीणों का बाजार, अस्पताल एवं स्कूल तक पहुंचना अत्यंत कठिन हो जाता है।

## माल्हन के नवाटोली में ऐतिहासिक बुढ़ी पूर्णिमा जतरा मेला का भव्य आयोजन

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत के ग्राम नवाटोली में ऐतिहासिक बुढ़ी पूर्णिमा जतरा मेला का भव्य आयोजन किया गया। यह मेला वर्षों से पूर्वजों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मनाया जा रहा है। मेला का उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा ने फीता काटकर जतरा मेला का शुभारंभ किया। ग्रामीणों में इस मेला को लेकर भारी उत्साह देखा गया। पारंपरिक गीत-संगीत,झांकी और लोक नृत्य की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह जतरा मेला उनकी सांस्कृतिक पहचान और एकता का प्रतीक है।

## बस की चपेट में आई स्कूटी,तीन युवतियां घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा मालहन मैक्लुस्कीगंज मुख्य मार्ग पर माल्हन के समीप शुक्रवार की संध्या एक यात्री बस और स्कूटी की टक्कर हो गई। घटना में स्कूटी सवार तीन युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों की पहचान सुगिया कुमारी (24 वर्ष) पिता जदू गंझू, सोनी कुमारी पिता बसनदेव गंझू और कौशल्या कुमारी पिता फूलदेव गंझू, (तीनों ढोंटी डुमारो) निवासी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अर्श नामक यात्री बस ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर पड़ी।

## महज चार दिनों में आलू बीज की कीमत में रु 4 की वृद्धि, किसान परेशान

**बारियातू।** किसानों के लिए एक और झटका, महज चार दिनों के भीतर आलू बीज की कीमतों में 4 प्रति किलोग्राम की वृद्धि दर्ज की गई है। इस अचानक हुई मूल्यवृद्धि से खासकर छोटे और सीमांत किसान परेशान नजर आ रहे हैं। बिते मंगलवार को 20 प्रतिकीलों खरीदारी किए थे। लेकिन आज शुक्रवार साप्ताहिक बाजार बारियातू में 24 की दर से आलू बीज की बिक्री की गई। जबकि चार दिन पहले तक आलू बीज की कीमत 20 प्रति किलोग्राम थी, अब यह बढ़कर 24 तक पहुंच गई है। मंडियों और बीज विक्रेताओं का कहना है कि कीमतों में यह तेजी मांग में वृद्धि और बीज की सीमित उपलब्धता के चलते हुई है।

## न्यूज बॉक्स

### हुसैनाबाद पीडीएस दुकानदार के निधन पर संघ ने जताया शोक



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन संघ की हुसैनाबाद व हैदरनगर इकाई के द्वारा बेनीकला गांव निवासी व शहरी क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली विक्रेता विश्वनाथ सिंह (70) वर्ष का आकस्मिक निधन पर एफसीआई गोदाम परिसर में राजद नेता सह निवर्तमान निगरानी समिति के रामजनम सिंह के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। राजद नेता ने कहा कि इनके निधन से क्षेत्र के लोगों के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। शोक व्यक्त करने वालों में डिलर संघ के अध्यक्ष मिथलेश राम, मिडिया प्रभारी प्रवीण कुमार चौधरी, सचिव उदय यादव, कोषाध्यक्ष जमील अहमद, उमेश पासी, सूर्यनाथ पासवान, रमेश कुमार, लल्लू कश्यप,अजीत चौधरी,अरबिंद सिंह, प्रदीप पासवान, सुरज पासवान, सोनू सिह,रविन्द्र सिंह, सूर्यनाथ पासवान, इरफान, गोपाल सिंह,नरेश प्रसाद,पिन्टू गुप्ता, सन्तोष गुप्ता,मथुरा प्रसादअर्जुन सिंह, रजनीश सिंह, बिजेंद्र सिंह नयाय मूर्ति सिंह, कृष्णानंद गिरी, चंद्रेश मेहता सहित हुसैनाबाद व हैदरनगर के कई फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन संघ ने शोक व्यक्त किया है।

### बाइक और स्कूटी की जोरदार टक्कर तीन लोग गंभीर रूप से घायल



**हुसैनाबाद (पलामू)।** स्थानीय अनुमंडल क्षेत्र के देवरी मुख्य सड़क पर भीषण सड़क हादसा हो गया। सुकन बीघा मोड़(यात्री शेड)के पास बाइक और स्कूटी के बीच हुई जोरदार टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल राहत कार्य में जुटकर सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान देवरी खुर्द (पुरनाडीह) गांव निवासी दीपक कुमार (22 वर्ष) और गौतम कुमार (19 वर्ष) तथा सुकन बीघा गांव निवासी जसीमुद्दीन अंसारी (60 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों वाहन विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे थे। इसी दौरान सुकन बीघा मोड़ (यात्री शेड) के पास अचानक आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन सड़क पर गिर पड़े और सवार बुरी तरह जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार, घायल गौतम कुमार की स्थिति गंभीर है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर किया गया है। वहीं, दीपक कुमार और जसीमुद्दीन अंसारी का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में जारी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने प्रशासन से इस सड़क पर यातायात नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने और गति सीमा निर्धारण की मांग की है।

### सड़क स्वीकृति पर ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद में देवरी कला ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव के पुरंदर विगहा स्थित आवास पर पहुंचे। ग्रामीणों ने विधायक को देवरी कला गोला पर से सोन नदी तट स्थित श्मशान घाट तक सड़क निर्माण कार्य योजना की स्वीकृत होने पर आभार जताया हैं। ग्रामीणों ने विधायक से आग्रह किया हैं कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण व जनहित की योजना है, क्योंकि इस मार्ग से शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अंतिम संस्कार के लिए आते हैं। इसलिए इस योजना को स्थानीय ग्रामीणों की सहमति और भागीदारी से कराया जाए, ताकि किसी प्रकार की बिचौलिया गिरी या गड़बड़ी न हो और कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सकें। इस मौके पर विनय कुमार, रामाशंकर चौधरी, मोहन चौधरी, आलमगीर अंसारी, सुरेंद्र कुमार चौधरी, अरविंद कुमार चौधरी, धनंजय चौधरी सहित देवरी कला पंचायत के अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए सुविधा व सम्मान का प्रतीक बनेगा।

# शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें: उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** शुक्रवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिले मे चल रही विद्युत परियोजनाओं की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री उज्जवल झारखण्ड योजना एवं पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत चल रहे कार्यों की बिन्दुआर समीक्षा की गयी।

इस दौरान उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।द उपायुक्त ने कहा कि ये दोनों योजनायें जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता सुधारने और सर्वसुलभ बिजली उपलब्ध कराने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने संबंधित कार्य एजेंसियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसमें उन्होने गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखने की बात कही. बैठक में उपायुक्त ने विद्युत आपूर्ति, सुदृढ़ बिजली-व्यवस्था के अलावा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने का निर्देश विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता को दिया गया. बैठक में विद्युत कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित सांसद प्रतिनिधियों ने विभागीय पदाधिकारियों से की मुलाकात

## जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और विकास कार्यों की गति पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**बेतला (लातेहार)।** अचतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह द्वारा बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न विभागों के लिए सांसद प्रतिनिधि नामित किए जाने के बाद गुरुवार को प्रतिनिधियों ने विभागीय अधिकारियों से औपचारिक मुलाकात की. इस दौरान आपूर्ति विभाग के जिला सांसद प्रतिनिधि कौशल किशोर प्रसाद तथा मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद के नेतृत्व में प्रतिनिधियों की एक टीम ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के साथ शिक्षा विभाग, मनरेगा, स्वास्थ्य समेत अन्य विभाग के अधिकारियों से भेंट की. मुलाकात के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याओं, योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई. प्रतिनिधि ईश्वरी सिंह, मनरेगा और आपूर्ति विभाग के प्रतिनिधि दीपक तिवारी, पेयजल एवं स्वच्छता, कृषि और पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि दीपक राज, तथा बाल विकास परियोजना और मत्स्य विभाग के प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता उपस्थित रहे. सांसद प्रतिनिधियों ने अधिकारियों से समन्वय बनाकर आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने पर बल दिया।

## महाविद्यालय में मिड सेमेस्टर परीक्षा समयानुसार प्रारंभ

**महुआडाड।** महुआडाड से संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ में मिड सेमेस्टर परीक्षा (सेमेस्टर 1 ,3,5 का)शुरू हो गई है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी मिड सेमेस्टर एग्जाम बिल्कुल निर्धारित समय से यानि तीन महीने बाद ली जा रही है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर फादर एम. के. जोश ने बताया कि महाविद्यालय को A+ ग्रेड के साथ ऑटोनॉमस स्टेट्स भी मिल चुका है जिसके कारण अब से मिड सेमेस्टर एग्जाम(तीन महीने पर) और यूनिवर्सिटी एग्जाम (6 महीने पर) दोनों अपनी निर्धारित समय से संचालित होगी ।

## शहर के 40 स्थानों पर लगेगी हाईमास्ट लाइट: शशि कुमार

**हुसैनाबाद।** शहर के वार्ड संख्या एक से वार्ड 16 के बीच 40 जगह पर हाईमास्ट लाइट लगाया जायेगा। नगर पंचायत हुसैनाबाद के द्वारा इसके लिए कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि दीपावली के पहले पूरा शहर रात में जगमग हो जायेगा। इस समय शहर के अनुमंडल मैदान, टाउन हॉल,राम विगहा स्कूल के समीप, अंबेडकर चौक,नहर मोड़, पटेल चौक ,मुनि सिंह चौक आदि जगहों पर हाइ मास्ट लाइट लगाया जायेगा।अभी कई क्षेत्रों में रोशनी की कमी हैं। इस समय शहर के ऐसे कई व्यस्ततम चौक चौराहें हैं, जहां रात में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। गांधी चौक, स्टेशन रोड, अस्पताल चौक आदि प्रमुख जगहों पर रात में 10 बजे तक भीड़ रहती है। उसके बावजूद भी यहां रोशनी के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि सभी चौक पर लाइट लगाया जाएगा। कहीं जगह के अभाव में परेशानी हो रही हैं। पहले से जो भी स्ट्रीट लाइट व हाइमास्ट लाइट लगे हुए थे। अधिकतर मेंटेनेंस के अभाव में खराब है।

## चौथे दिन भी जारी रहा वन अधिकार दावों का सघन जांच अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** अनुमण्डल कार्यालय लातेहार के सभागार में वन अधिकार कानून के अंतर्गत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक अधिकार दावा अभिलेखों की शिविर लगाकर गहन प्रशासनिक जाँच की कार्यवही शुक्रवार को भी जारी रहा. निर्धारित शिविर तिथि के हिसाब से आज चंदवा अंचल के दावों का अवलोकन किया गया. कुल 130 अभिलेखों की बारीकी से जांचकर टिप्पणियाँ लिपिबद्ध की गई हैं, जिनमें पाया गया है कि दावित नक्शों में कहीं अध्यक्ष व सचिव का हस्ताक्षर नहीं होने की त्रुटियाँ परिलक्षित हुई हैं. अधिकांश दावा अभिलेखों में वन विभाग के कर्मियों टिप्पणियां एवं उनके हस्ताक्षर नहीं पाए गए हैं। विदित हो कि पिछले 6 अक्तूबर को जिलेभर से करीब 15 हजार आदिवासी एवं परम्परागत वन निवासियों ने वर्षो से जिला प्रशासन द्वारा पट्टे निर्गत नहीं किए जाने को लेकर अनिश्चित कालीन पट्टा नहीं तो वापस नहीं कार्यक्रम के तहत् कल्याण पदाधिकारी कार्यालय में डेरा डाल दिए थे. काफी प्रशासनिक कवायद के बाद मध्य रात्रि में जिला प्रशासन और आन्दोलनकारियों के बीच लिखित समझौता होने के उपरान्त आन्दोलन स्थगित करने की घोषणा की थी. शुक्रवार को संपन्न शिविर में बतौर विशेषज्ञ धोती फादर, सेलेस्टीन कुजूर, हरि भगत चंदवा अंचल के राजस्व कर्मचारीगण, वन विभाग के कर्मी एवं सम्बंधित सभी ग्राम सभाओं के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे।

## बाजार में पहुंचा आलू का आयातित बीहन,बोवाई के काम में जुटे किसान

**मोहम्मदगंज।** आलू के आयातित बीहन (बीज) का खेप बाजार में पहुंच गया। इसकी बिक्री का दर 20 किग्रा रखा गया है। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश से हर साल कई ट्रक आलू का बीहन स्थानीय बाजार में लाया जाता है। जिसकी खरीदारी को लेकर बोवाई के मौसम में स्थानीय बाजार में चहल-पहल बढ जाती है। इसी वजह से आलू के बीहन की बिक्री को लेकर इस बाजार की आसपास के इलाके में विशेष पहचान बन भी गई है। इधर, बीहन के बाजार में उपलब्ध होने के साथ ही किसान खेतों की जुताई कराकर इसकी बोवाई की तैयारी में भी जुट गए, बताए जाते हैं। बताया जाता है कि पहले कभी हल-बैल से खेतों की जुताई करनी पड़ती थी। इसमें खेत के तैयार करने में अधिक मेहनत करनी पड़ती थी। ऐसे में सिंचाई के वैकल्पिक संसाधन वाले हर किसान कमोबेश आलू की बोवाई कर सालों भर खाने के लिए भंडारण के बाद अतिरिक्त की बिक्री कर नगदी फसल के रूप में कमाई भी कर लेते हैं।

### डीटीओ के नेतृत्व में चला अभियान

## नियमों के उल्लंघन पर दो वाहन जब्त, 18 का कटा चालान

नवीन मेल संवाददाता




● 53 वाहनों की जांच की गई इसमें 18 वाहनों का चालान काटा गया है।

**लातेहार।** जिले में यातायात नियमों के उल्लंघ करने वालों की अब खैर नहीं। जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा लगातार अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों का या तो चालान काटा जा रहा है या वाहन को जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत आज एक बार फिर जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मण्डल के नेतृत्व में जिले के बरवाडीह प्रखंड में अभियान चलाकर दो ट्रक को जब्त किया गया है, जबकि 53 वाहनों की जांच की गई इसमें 18 वाहनों का चालान काटा गया है। इससे राज्य सरकार को 57 हजार रूपये की राजस्व प्राप्त हुई है। इस अभियान में परिवहन विभाग के कर्मचारी एवं पुलिस बल के द्वारा बरवाडीह थाना के जवान थे।

## पेज एक के शेष

### सचेत हो जाएं...

डुप्लीकेसी या फर्जी दवा बिक्री को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर संबंधित स्टोर को तुरंत सील किया जाएगा। साथ ही, उनका लाइसेंस रद्द किया जाएगा और आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य के प्रत्येक जिले में ड्रग्स निरीक्षण टीमें गठित की जा रही हैं। ये टीमें बाजार में उपलब्ध सभी कफ सिरप, एंटीबायोटिक और पेन रिलीवर दवाओं का नमूना लेकर जांच करेंगी। उन्होंने बताया कि राज्य ड्रग्स निदेशालय को निर्देश दिए गए हैं कि वे 24 घंटे के भीतर प्राथमिक जांच रिपोर्ट और 72 घंटे के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। स्वास्थ्य मंत्री पैरासिटामोल की गोली में फंगस लगने की खबर के बाद सदर अस्पताल पहुंचे और वहां इसकी जांच की। स्वास्थ्य मंत्री ने सदर अस्पताल रांची में पैरासिटामोल में फंगस लगने के मामले में कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग को बदनाम करने के लिए एक साजिश है। मैंने खुद जाकर के पैरासिटामोल दवा की जांच की है। कहीं किसी प्रकार का कोई फंगस नहीं लगा हुआ है।

### बिहार विधानसभा चुनाव...

उन्होंने कहा कि कि झामुमो तारापुर, कटोरिया, मनिहारी, झाझा, पीरपैंती, ठाकुरगंज, बांका, रूपौली, चकाई, जमालपुर, बनमनखी और रामनगर सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। झामुमो ने विगत मंगलवार को हुई बैठक के दौरान आदिवासी बहुल सीमावर्ती क्षेत्रों में करीब 12 सीटों पर दावा किया था। इधर, राज्य के एक राजद नेता के अनुसार, राष्ट्रीय जनता दल झामुमो को पांच सीटें देने पर विचार कर रहा है। ज्ञात हो कि बिहार विधानसभा की 243 सीटों के लिए चुनाव 6 और 11 नवंबर 2025 को होंगे और मतगणना 14 नवंबर को होगी।

### केतार के एसएफसी...

स्टॉक की जांच के दौरान 27 ट्रक चावल और गेहूं कम पाए गए। इसके बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने तुरंत डीसी को मामले की जानकारी दी। डीसी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गोदाम मैनेजर को निलंबित कर दिया और कंप्यूटर ऑपरेटर को सेवा से बर्खास्त कर दिया। तीन मिलरों पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डीसी ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है, कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### हजारीबाग में दारू...

रूप में 3,000 रुपए की मांग की थी। सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर एसीबी हजारीबाग ने मामला दर्ज कर लिया।

इसके बाद एसीबी की गठित ट्रैप टीम ने दारू अंचल में छापेमारी कर आरोपी राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम को वादी से तीन हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

### निलंबित आईएएस अफसर...

वे न्यायिक हिरासत में थे। इस केस में उनकी जमानत याचिका पहले पीएमएलए कोर्ट और फिर झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी। ईडी ने उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग से जुड़े दो मामले दर्ज किए हैं और दोनों ही मामलों में पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई की प्रक्रिया जारी है। इनमें से एक केस रांची के चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन के फर्जी कागजात के आधार पर खरीद-बिक्री से जुड़ा है, जिसमें छवि रंजन को पहले ही हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी थी। दूसरा मामला बरियातू स्थित सेना की कब्जे वाली करीब साढ़े चार एकड़ जमीन की हेराफेरी से जुड़ा है, जिसमें अब उन्हें सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। इस केस में ईडी ने छवि रंजन के अलावा कई अन्य आरोपियों को भी नामजद किया है। इनमें चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, फैयाज खान, मोहम्मद सद्दाम, इम्तियाज खान, तल्हा खान, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष शामिल हैं। ज्ञात हो कि छवि रंजन 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे पूर्व में रांची तथा कोडरमा जिले के उपायुक्त रह चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद अब उनके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है।

### वेनेजुएला की मारिया...

वेनेजुएला में वे पूर्व राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्षी दल की उम्मीदवार रह चुकी हैं। वे लोकतांत्रिक अधिकार कार्यकर्ता के रूप में जानी जाती हैं। नार्वेजियन नोबेल समिति के अध्यक्ष जोर्गेन वाटने फ्राइडनेस ने कहा, मारिया को ऐसे राजनीतिक विपक्ष में एकजुट करने वाली हस्ती होने के लिए सराहा गया, जो कभी विभाजित था। एक ऐसा विपक्ष, जिसने स्वतंत्र चुनावों और प्रतिनिधि सरकार की मांग की। इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार काफी चर्चा में था। इसकी खास वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रहे। दरअसल, ट्रंप के इस पुरस्कार के लिए अग्रणी दावेदार के रूप में उभरने और इसके लिए आक्रामक रूप से प्रयास करने के कारण यह काफी सुर्खियों में थी। इजरायल, रूस, अजरबैजान, पाकिस्तान, थाईलैंड, आर्मेनिया और कंबोडिया जैसे कई देशों ने अमेरिकी राष्ट्रपति को नामांकित किया था। गौरतलब है कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए इस वर्ष 338 नामांकन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 94 संगठन और विभिन्न क्षेत्रों के 244 लोग शामिल हैं। इधर, ट्रंप ने दावा किया था कि वे 'इतिहास' में 'नौ महीनों की अवधि में आठ युद्धों को सुलझाने' वाले पहले व्यक्ति हैं। वर्ष 1901 से, नोबेल शांति पुरस्कार 105 बार 139 विजेताओं को प्रदान किया जा चुका है। इनमें 92 पुरुष, 19 महिलाएं और 28 संगठन शामिल हैं।

## नोबेल पुरस्कार नहीं मिलने पर भड़के ट्रंप

# 9 भारतीय कंपनियों पर अचानक लगा दिया बैन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ईरान और अमेरिका के बीच की दुश्मनी किसी से छुपी नहीं है। अब ईरान पर आर्थिक दबाव बनाने के लिए अमेरिका ने एक बड़ा फैसला ले लिया है। अमेरिका ने ईरान से संबंधित नवीनतम प्रतिबंध कार्रवाई के तहत नौ भारत-आधारित कंपनियों और आठ भारतीय नागरिकों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका का आरोप है कि वे ईरानी तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और पेट्रोकेमिकल्स के व्यापार में लगे हुए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने ईरानी पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के व्यापार में संलिप्तता के कारण लगभग 40 व्यक्तियों, संस्थाओं और जहाजों पर प्रतिबंध लगाए। इसके साथ ही, अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने ईरान से विदेशी अंतिम उपयोगकर्ताओं तक तेल और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस की शिपमेंट को सुगम बनाने में उनकी भूमिका के लिए 60 व्यक्तियों, संस्थाओं और जहाजों को प्रतिबंधित किया है। चीन और संयुक्त अरब अमीरात सहित कुछ अन्य देशों की विभिन्न संस्थाओं पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं।

आठ भारतीय रासायनिक और पेट्रोकेमिकल व्यापारिक कंपनियाँ अमेरिकी विदेश विभाग की प्रतिबंधित सूची में शामिल हैं। इनमें मुंबई स्थित सीजे शाह एंड कंपनी, केमोविक, मोदी केम, पारीकेम रिसोर्सेज, इंडिसोल मार्केटिंग, हरेश पेट्रोकेम और शिव टेक्सकेम, और दिल्ली स्थित बीके सेल्स कॉर्पोरेशन शामिल हैं। विदेश विभाग के अनुसार, इन कंपनियों ने पिछले कुछ वर्षों में कुल मिलाकर करोड़ों डॉलर मूल्य के ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल आयात किए हैं, जिन पर अमेरिकी प्रतिबंध लगे हैं। राज्य विभाग की सूची में पांच भारतीय नागरिक भी शामिल हैं- केमोविक के निदेशक पीयूष मगनलाल जाविया, इंडिसोल मार्केटिंग निदेशक नीति उन्मेश भट्ट, और हरेश पेट्रोकेम के निदेशक कमला कसाट, कुणाल कसाट और पूनम कसाट। तीन भारतीय नागरिक वरुण पुला, इयप्पन राजा और सोनिया श्रेष्ठ ईरानी एलपीजी के परिवहन में लगे जहाजों से कथित जुड़ाव के कारण ओएफएसी द्वारा नामित किए गए हैं। मुंबई स्थित शिपिंग कंपनी वेगा स्टार शिप मैनेजमेंट, जिसके बारे में ओएफएसी का कहना है कि वह सोनिया श्रेष्ठ की मालिक है, को भी ओएफएसी ने नामित किया है क्योंकि कंपनी के स्वामित्व वाला जहाज कोमोरोस का झंडा वाला नेप्टा ईरानी एलपीजी का परिवहन पाकिस्तान में करता था।




*अमेरिका ने ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के तहत 9 भारतीय कंपनियों और 8 भारतीय नागरिकों पर प्रतिबंध लगाए*

## भारत व पाक के बीच सीजफायर का झूठा क्रेडिट लेना पड़ा भारी!



**नई दिल्ली ।** नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने शुक्रवार को वेनेजुएला की विपक्षी नेता और लोकतंत्र कार्यकर्ता मारिया कोरिना मचाडो को 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा की है। इस कदम से व्हाइट हाउस में हलचल मचने की संभावना है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, जिन्होंने कम से कम सात अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को सुलझाने का दावा किया है, लंबे समय से इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए लालायित थे और कई बार उन्होंने खुले तौर पर इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने की इच्छा भी व्यक्त की। उनके डेमोक्रेटिक पूर्ववर्ती बराक ओबामा ने 2009 में यह शांति पुरस्कार जीता था। नॉर्वे नोबेल समिति ने शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प की दावेदारी पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि प्रतिष्ठित पुरस्कार देने का निर्णय नोबेल पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल के कार्य और इच्छा पर आधारित है। समिति के अध्यक्ष जोर्गेन वाटने फ्राइडनेस ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि यह समिति सभी पुरस्कार विजेताओं के चित्रों से भरे एक कमरे में बैठती है और वह कमरा साहस और निष्ठा, दोनों से भरा है।

## फिलीपींस में आया 7.6 तीव्रता का भूकंप सुनामी का अलर्ट जारी




**नई दिल्ली ।** फिलीपींस में भूकंप के झटके थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शुक्रवार सुबह मिंडानाओ क्षेत्र के दावाओ ओरिएंटल प्रांत में धरती एक बार फिर डोली, जिसके बाद अफरातफरी मच गई। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.6 मापी गई। भीषण भूकंप के बाद सुनामी का अलर्ट जारी कर दिया गया है। साथ ही लोगों को तटीय इलाकों से दूर और ऊंचे स्थान पर जाने का आग्रह किया गया है। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के मुताबिक भूकंप मनय शहर से करीब 20 किलोमीटर और 10 किलोमीटर गहराई में आया। भूकंप के दौरान की कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। इसके बाद देश के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने की चेतावनी जारी कर दी गई। मौसम विभाग ने आशंका जताई कि भूकंप के परिणामस्वरूप स्थानीय समयानुसार 11 बजकर 43 मिनट 54 सेकेंड (स्थानीय समय) तक सुनामी दस्तक दे सकती है। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने चेतावनी दी, "सुनामी की लहरें घंटों तक जारी रह सकती हैं। डेटाबेस के आधार पर सामान्य ज्वार से एक मीटर से अधिक ऊंची लहरें उठने की उम्मीद है और खाड़ियों और जलडमरूमध्य में ये लहरें और भी ऊंची हो सकती हैं। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर के दायरे में फिलीपींस के तटों पर सामान्य ज्वार से 3 मीटर ऊंची खतरनाक लहरें उठने की संभावना है। फिलहाल, भूकंप की वजह से जानमाल के नुकसान से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। प्रशांत 'रिंग ऑफ फायर' के साथ स्थित होने के कारण फिलीपींस में अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। शुक्रवार को करीब दो हफ्ते में तीसरी बार धरती कांपी। इससे पहले 7 अक्टूबर को भूकंप के झटके महसूस हुए थे, जिसकी गहराई 80 किलोमीटर थी।

- **डाटाबेस के आधार पर सामान्य ज्वार से 1 मीटर से अधिक ऊंची लहरों की संभावना**
- **खाड़ियों और जलडमरूमध्य में लहरें और भी ऊंची हो सकती हैं**
- **प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने फिलीपींस तटों के लिए चेतावनी जारी की**

## काबुल में टेक्निकल मिशन को भारतीय दूतावास का दर्जा, भारत का अफगानिस्तान को लेकर बड़ा फैसला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान कहा कि भारत काबुल में अपना दूतावास फिर से खोलेगा। अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान में सरकार पर नियंत्रण करने के बाद, भारत ने अफगानिस्तान में अपने दूतावास और वाणिज्य दूतावास बंद कर दिए थे। इसके बाद, भारत ने 2022 में एक तकनीकी टीम अफगानिस्तान भेजकर वहां अपनी राजनयिक उपस्थिति फिर से स्थापित की। जयशंकर ने कहा कि भारत अब अफ़ग़ानिस्तान की राजधानी काबुल में अपने तकनीकी मिशन को दूतावास में अपग्रेड करेगा। विदेश मंत्री की नई दिल्ली में मुत्ताकी के साथ बैठक, 2021 में अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद तालिबान के सत्ता में आने के बाद से दोनों देशों के बीच पहली उच्च-स्तरीय राजनयिक बातचीत है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मंज़ूरी मिलने के बाद मुत्तक़ी 9 से 16 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाक़ात की और आने वाले दिनों में आगरा और देवबंद मदरसे का दौरा करेंगे। वे भारत में अफ़ग़ान समुदाय के सदस्यों से भी मिलेंगे। यह पहली बार है जब किसी तालिबानी विदेश मंत्री ने भारत का दौरा किया है। यह देश की विदेश नीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है जहां भारत तालिबान पर अपनी स्थिति को स्पष्ट कर रहा है।



**भारत फिर खोलेगा काबुल में अपना दूतावास**

- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से की मुलाकात
- भारत ने 2021 में तालिबान के **कब्जे** के बाद दूतावास बंद किया था
- अब तकनीकी मिशन को दूतावास में अपग्रेड करने की तैयारी

## काबुल में सिलसिलेवार धमाके पूर्वी जिले में दहशत का माहौल

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ा

**एजेंसी । काबुल**

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में रविवार देर रात हुए सिलसिलेवार धमाकों की घटना के बाद तनाव नाटकीय रूप से बढ़ गया है। आशंका जताई जा रही है कि ये विस्फोट बिना उकसावे के सीमा पार से किए गए हवाई हमलों का नतीजा थे। कथित तौर पर ये विस्फोट पूर्वी काबुल के डिस्ट्रिक्ट 8 से शुरू हुए, जो प्रमुख सरकारी सुविधाओं और आवासीय क्षेत्रों का केंद्र है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के दौरान आसमान से विमानों की आवाजें सुनाई दे रही थीं। सिलसिलेवार धमाकों के बाद से इलाके में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। भले ही विस्फोटों के पीछे का सटीक स्रोत और उद्देश्य का अभी तक पता नहीं चल सका, लेकिन शुरुआती रिपोर्ट्स में हवाई हमलों की आशंका जताई गई है। उल्लेखनीय है कि यह घटना पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की ओर से नेशनल असेंबली में दिए गए एक तीखे बयान के कुछ ही घंटों बाद हुई। इस दौरान ख्वाजा आसिफ ने राजनयिक संयम में कमी का संकेत देते हुए कहा था, "बस, अब बहुत हो गया।

## धार्मिक उत्सव में हवाई हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र ने म्यांमार सेना की निंदा की

**जिनेवा ।** म्यांमार की सेना के सागाइंग क्षेत्र में एक धार्मिक उत्सव के दौरान किए घातक हवाई हमले की शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने कड़ी निंदा की। सोमवार को हुए इस हमले में बच्चों सहित कम से कम 24 नागरिक मारे गए थे। यह हमला सागाइंग क्षेत्र के चाउंग-यू कस्बे में उस समय हुआ, जब स्थानीय लोग एक राष्ट्रीय धार्मिक उत्सव मनाने के लिए एकत्र हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक मोटर चालित पैराग्लाइडर ने एकत्रित भीड़ पर दो विस्फोटक गिराए, जिसके परिणामस्वरूप 24 लोग मारे गए और 45 से अधिक लोग घायल हो गए। इस त्रासदी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संयुक्त राष्ट्र जिनेवा ने एक्स पर पोस्ट किया।

## ईडी ने 100 करोड़ के साइबर धोखाधड़ी मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया

**एजेंसी । गुजरात**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साइबर अपराध के कई मामलों में धनशोधन की जांच के तहत गुजरात में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने एक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी। साइबर अपराध के इन मामलों में लोगों से कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई। ईडी के सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत मकबूल अब्दुल रहमान डॉक्टर , काशिफ मकबूल डॉक्टर , महेश मफतलाल देसाई और ओम राजेंद्र पांड्या को हिरासत में लिया है। आरोप है कि मकबूल डॉक्टर , उसके बेटे काशिफ मकबूल डॉक्टर और बासम मकबूल डॉक्टर के अलावा देसाई, पांड्या और कुछ अन्य लोगों ने विभिन्न साइबर धोखाधड़ी के जरिए लोगों के साथ ''ठगी'' की थी। ईडी ने बयान में कहा कि आरोपियों ने ''अपराध से अर्जित आय'' एकत्रित करने के लिए अपने कर्मचारियों, सहयोगियों और कुछ लोगों के नाम पर बैंक खाते खोले।

## अमेरिका ने पाकिस्तान को हथियार सप्लाई की अटकलों को खारिज किया



**नई दिल्ली।** अमेरिकी वॉर मेमोरियल ने उन सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लगा दिया है, जिसमें ये कहा जा रहा था कि अमेरिका पाकिस्तान को हथियार सप्लाई करने वाला है। अमेरिकी वॉर मेमोरियल की तरफ से इन सभी दावों को खारिज करते हुए इस बात से साफ इनकार कर दिया है कि अमेरिका पाकिस्तान को हथियार सप्लाई करने वाला है। इसे लेकर पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फैबियन ने आईएएनएस से बातचीत की है। पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फैबियन ने कहा, "मैंने अमेरिका की ओर से जारी किया गया स्पष्टीकरण देखा है। वे यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि अमेरिका पाकिस्तान को क्रूज मिसाइल सप्लाई नहीं कर रहा है। वे हमें यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्होंने उन्हें और कोई भी अपग्रेडेड क्रूज मिसाइलें नहीं दी हैं। लेकिन मैंने कहा कि यह स्पष्टीकरण इस मामले को संबोधित करता है। वहीं अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी पहली बार भारत दौरे पर पहुंचे हैं। इसे लेकर उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि यह भारत और अफगानिस्तान दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और यह अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में आने पर विशेष रूप से साफ हो गया। जैसा कि आप जानते हैं, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने तालिबान को मान्यता नहीं देने या अफगानिस्तान में सत्ता पर उनकी पकड़ को स्वीकार नहीं करने का फैसला किया।

## रसोई गैस रिसाव के बाद लगी आग से 4 प्रवासी श्रमिक झुलसे



**एजेंसी । नई दिल्ली**


केरल के पुथियांगडी बंदरगाह के पास शुक्रवार सुबह कमरे में खाना पकाते समय सिलेंडर से गैस रिसाव होने के बाद लगी आग की चपेट में आकर चार प्रवासी श्रमिक झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि सभी पीड़ित मूल रूप से ओडिशा निवासी हैं। सभी को इलाज के लिए परियारम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे खाना पकाते समय यह घटना हुई।

पुलिस ने बताया कि पीड़ितों के बयान के अनुसार, पिछली रात गैस चूल्हा ठीक से बंद नहीं किया गया था और इसी कारण कमरे में गैस का रिसाव हो गया। पुलिस ने बताया कि सुबह जब श्रमिकों ने चूल्हा जलाने की कोशिश की तो कमरे में आग लग गई।

### गाजा पीस प्लान के विरोध में पाकिस्तान में हिंसा

## 2 लोगों की मौत, अमेरिकी दूतावास तक मार्च करने की कोशिश कर रहे थे

**इस्लामाबाद ।** गाजा में ट्रम्प के पीस प्लान का समर्थन करने को लेकर पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया है। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान ने इसे लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। इन्होंने अमेरिकी दूतावास की तरफ मार्च करने की कोशिश की, जिसे लेकर उनकी पुलिस से झड़प हो गई। इसमें झड़प में 2 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। टीएलपी आज इस्लामाबाद में मार्च निकाल रही है। इसे रोकने के लिए सरकार ने राजधानी की ओर जाने वाली प्रमुख सड़कें ब्लॉक कर दी हैं और इस्लामाबाद व रावलपिंडी में मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी है। इस प्रदर्शन की शुरुआत तब हुई, जब गुरुवार देर रात पंजाब पुलिस ने टीएलपी मुख्यालय पर छापा मारकर इसके नेता साद रिजवी को गिरफ्तार करने की कोशिश की।



# पुरुष करें तो ठीक, महिला मांगे तो हंगामा? दीपिका पादुकोण ने खोली बॉलीवुड की पोल

**कहानी फिल्म जगत की**



दीपिका ने उस समय अपनी प्रतिक्रिया दी जब उन्हें बताया गया कि उन्हें अपने फैसले के लिए काफी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, "एक महिला होने के नाते, अगर यह दबाव डालने जैसा लग रहा है या कुछ और, तो ऐसा ही हो। लेकिन यह कोई रहस्य नहीं है कि भारतीय फिल्म उद्योग में कई सुपरस्टार, पुरुष सुपरस्टार, सालों से आठ घंटे काम कर रहे हैं, और यह कभी सुर्खियों में नहीं आया। दीपिका पादुकोण ने इंडस्ट्री में चल रही बहस पर अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा, 'मैंने कई स्तरों पर ऐसा किया है, यह मेरे लिए कोई नई बात नहीं है। मुझे लगता है कि मुझे जो भी मिला, उससे निपटना पड़ा है, यहाँ तक कि भुगतान जैसी चीज़ों से भी। मुझे नहीं पता कि इसे क्या कहा जाए, लेकिन मैं हमेशा अपनी लड़ाई चुपचाप लड़ती हूँ और किसी अजीब वजह से, कभी-कभी ये सार्वजनिक हो जाती हैं। यह मेरा तरीका नहीं है। न ही मेरी परवरिश इस तरह हुई है।

### पुरुष अभिनेताओं ने कभी सुर्खियां नहीं बटोरीं : दीपिका

दीपिका पादुकोण ने पुरुष अभिनेताओं का उदाहरण देते हुए कहा, 'एक महिला होने के नाते, अगर यह दबाव या कुछ और लगता है, तो ऐसा ही हो। लेकिन यह कोई रहस्य नहीं है कि कई सुपरस्टार, पुरुष सुपरस्टार, भारतीय फिल्म उद्योग में आठ घंटे काम करते रहे हैं। वे सालों से ऐसा करते आ रहे हैं। यह कभी सुर्खियाँ नहीं बना। अभिनेत्री ने आगे कहा, 'मैं नाम नहीं लेना चाहती, क्योंकि इससे यह एक बड़ा मुद्दा बन सकता है। लेकिन यह एक सर्वविदित तथ्य है कि कई पुरुष अभिनेता आठ घंटे काम करते हैं। कुछ सोमवार से शुक्रवार तक आठ घंटे काम करते हैं और सप्ताहांत में काम नहीं करते।

***'स्पिरिट' और 'कल्कि 2898 ईस्वी' के सीक्वल से दीपिका के बाहर होने से हलचल***